www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, रविवार 31 मार्च 2024, | वर्ष-9 अंक- 349 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर पप्पू यादव ने साबित कर दिया कि भले ही उनका नाम पप्पू है लेकिन वे फेल होने वाले पप्पू नहीं हैं। पप्पू यादव ने अपनी क्षेत्रीय पार्टी का कांग्रेस में इसीलिए विलय किया था कि उन्हें कांग्रेस पूर्णिया से अपना प्रत्याशी बनाएगी। किन्तु लालू यादव एंड संस ने पूर्णिया से राजद का प्रत्याशी मैदान में उतारकर पप्पू यादव की राह में कांटे बिछा दिए। बहरहाल अब पप्पू यादव ने तय कर लिया है कि वे उन्हें खेल से बाहर करने वालों का खेल बिगाड़कर ही दम लेंगे।

राजनाथ की अध्यक्षता में बनाई इलेक्शन मेनिफेस्टो कमेटी

सीएम विष्णुदेव सहित 27 नेताओं को मिली जगह

■ बीजेपी ने चुनाव घोषणा पत्र समिति का ऐलान

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने चुनाव घोषणा पत्र समिति का ऐलान कर दिया है। इसकी कमेटी की अध्यक्षता राजनाथ सिंह करेंगे। जबकि निर्मला सीतारमण समिति की संयोजक होंगी। पीयूष गोयल को सह संयोजक का जिम्मा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी की इस इलेक्शन मेनिफेस्टो कमेटी में कुल 27 सदस्य होंगे। कमेटी में मध्य प्रदेश के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन नेताओं को मिली जगह

बीजेपी की चुनाव घोषणा-पत्र समिति में अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, स्मृति ईरानी, अर्जुनराम मेघवाल, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, विष्णुदेव साय, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, विनोद तावड़े, राधामोहन दास, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी, तारीक मंसूर आदि शामिल हैं।

कांग्रेस ने पहले चरण के स्टार प्रचारकों सूची की जारी

40 दिग्गज कांग्रेस नेताओं के नाम शामिल

■ सोनिया, राहुल, खड़गे सहित दिग्गज करेंगे प्रचार

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, राज बब्बर, अलका लांबा, कन्हैया कुमार समेत कुल 40 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी

स्टार प्रचारक की सूची में छत्तीसगढ़ से पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफदीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, फूलो देवी नेताम, पूर्व गृह मंत्री और महासमुंद प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार और उमेश पटेल शामिल हैं।

उल्लेखनीय योगदान के लिये आज हॉकी प्रतिभाओं को अवार्ड

नई दिल्ली, (वार्ता)। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी।

नरसिंह राव-चरण सिंह समेत चार विभूतियों को मिला भारत रत्न

लालकृष्ण आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली/वार्ता। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भारत सरकार द्वारा चयनित पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम नरसिंह राव, बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया है।

बताया गया है कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी खराब स्वास्थ्य के कारण भारत रत्न लेने नहीं पहुंच सके। ऐसे में राष्ट्रपति ने बाकी चार विभूतियों को कार्यक्रम में भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया। जहां चौधरी चरण सिंह का भारत रत्न लेने के लिए उनके पोते जयंत सिंह पहुंचे, वहीं नरसिंह राव का भारत रत्न पीवी प्रभाकर राव पहुंचे।

2020 से 2023 तक किसी को भी भारत रत्न नहीं दिया गया था, लेकिन 2024 के लिए केंद्र सरकार ने इन पांच विभूतियों को चुना। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में केवल उप राष्ट्रपति लाल कृष्ण अडवानी को छोड़कर अन्य चार विभूतियों को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। पूर्व पीएम नरसिंह राव को भारत रत्न से सम्मानित करने के फैसले पर उनके पोते एनवी सुभाष ने केंद्र सरकार की सराहना की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, नरसिंह राव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीआरपीएफ जवानों से भरी एंबुलेंस पलटी, 11 घायल

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव ड्यूटी में सुरक्षा देने के लिए निकले सीआरपीएफ जवानों का एक्सीडेंट हो गया। एंबुलेंस में जवानों को जगदलपुर से कोंडागांव ले जाया जा रहा था, इसी दौरान एंबुलेंस पलट गई। इस हादसे में 11 जवान व ड्राइवर घायल हो गए, जिनका इलाज लोहंडीगुड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल अस्पताल भेजने की तैयारी चल रही है।

सीआरपीएफ 188 बटालियन के जवान जगदलपुर से कोंडागांव के लिए निकले थे। खास बात है कि सभी जवान एंबुलेंस के जरिए कोंडागांव जा रहे थे। इसी दौरान लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के रतेंगा में गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

बस्तर लोकसभा चुनाव टाइट सिक्योरिटी: लोकसभा चुनाव में पहले चरण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू में कार 300 फीट खाई में गिरी, 9 की गई जान

रामबन, (ए.)। जम्मू-कश्मीर नेशनल हाइवे 44 पर रामबन के पास देर रात हुए सड़क हादसे में बिहार के 9 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक एसयूवी कार पर 10 लोग सवार थे। देर रात जम्मू से कश्मीर जाने के दौरान तेज आंधी और बारिश होने के चलते उनकी गाड़ी सड़क से 300 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गई। गाड़ी में सवार सभी 10 लोगों की मौत की खबर है। मृतकों में 9 लोग बिहार के रहने वाले थे, जिनमें से अधिकांश पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल के थे। जानकारी अनुसार मृतकों में 3 पिपरासी प्रखंड के हैं।

जेल में गैंगवार, बंदियों के दो गुटों में मारपीट से घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ उपजेल में गैंगवार के बाद अब बिलासपुर सेंट्रल जेल में गैंगवार से जेल प्रशासन की व्यवस्था की पोल खुल गई है। होली के त्यौहार से पहले दो गुट के कैदियों ने छड़ के हथियारों से एक-दूसरे पर हमला किया है। होली के त्योहार से पहले हुई मारपीट में घायल कैदियों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर लिया गया है। बता दें, जिन दो गुटों में गैंगवार हुआ उनके गैंग में रायपुर, कवर्धा और कोरबा के बदमाश शामिल हैं।

मुख्तार अंसारी के जनाजे में नारेबाजी नोक-झोंक

गाजीपुर (ए.)। मुख्तार अंसारी के जनाजे के दौरान पुलिस द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए की गई बेरिकेडिंग को तोड़ने और इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए नारेबाजी की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि पूरे मामले की वीडियो ग्राफी कराई गई है। जनाजे के दौरान नारेबाजी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मुख्तार अंसारी के पार्थिव शरीर को मिट्टी देने को लेकर मुख्तार के भाई अफ्जाल और जिलाधिकारी के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई है। शनिवार को जिस समय मुख्तार अंसारी के शव को गाजीपुर के काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक करने के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारतीय नौसेना का अदम्य साहस...

समर्पण को मजबूर हो गए डाकू

■ अरब सागर में डाकुओं से छुड़वाए 23 पाकिस्तानी और ईरानी नाव

■ समुद्र में ऑपरेशन 12 घंटे तक चला

नई दिल्ली। भारतीय नौ सेना के एक और अदम्य साहस का उदाहरण सामने आया है। नौ सेना ने समुद्री डाकुओं के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की है।

भारतीय की नौसेना ने अरब सागर में बंधक ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबर 786 और उसके 23 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल को न केवल सुरक्षित बचा लिया, बल्कि डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिए भी मजबूर कर दिया। भारतीय नौ सेना से मिली जानकारी के मुताबिक यह ऑपरेशन 12 घंटे तक चला। भारतीय नौसेना मछली पकड़ने वाले पोत की गहन जांच कर रही हैं ताकि मछली पकड़ने के काम को फिर से शुरू करने के लिए उसे सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया जा सके। भारतीय नौ सेना ने बताया कि हमें यह जानकारी मिली थी कि 90 समुद्री मील (एनएम) दक्षिण पश्चिम में एक मछली पकड़ने वाली पोत पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकू और उसके चालक दल सवार हो गए हैं। इसके बाद आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार सुबह बंधक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोमाली डकैतों को भारत ला रही है सेना

ईरान के ध्वज वाले जहाज को सोमाली डकैतों से छुडाने के बाद भारतीय नौसेना सभी नौ डकैतों को समुद्री कानूनों के तहत कार्रवाई के लिए भारत ला रही है। नौसेना के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि नौसेना ने ईरानी जहाज पर सवार चालक दल के सभी 23 सदस्यों को बंधकों के शिकंजे से रिहा कराने में सफलता हासिल की है। चालक दल के सभी 23 सदस्य पाकिस्तान के नागरिक हैं।

बिना रक्तपात समर्पण: भारतीय नौसेना ने अल कंबर नामके इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1 अप्रैल से गैस सिलेंडर के दाम पर मिलेगी छूट

नई दिल्ली। आगामी 1 अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत होने वाली है। फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन से ही कई नियमों में बदलाव होने वाले हैं। ऐसा ही एक नियम प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़ा है। इस योजना के लाभार्थियों को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपये की छूट मिलती रहेगी। बता दें कि सब्सिडी की ये छूट 31 मार्च 2024 तक के लिए थी, लेकिन हाल ही में सरकार ने इस राहत को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है।

विपक्षी दलों के खिलाफ टैक्स टेररिज्म हमला : जयराम रमेश

■ रालीला मैदान में आज आयोजित होने वाली है रैली

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन की तीसरी रैली रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही है। इस बीच विपक्षी गठबंधन दलों के कुछ नेता जेल भेज दिए गए हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को आए दिन इनकम टैक्स नोटिस भेज रहा है। पार्टी के बैंक अकाउंट को कथित रूप से फ्रीज कर दिया गया है। अब पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी तीन मनसूबों पर काम कर रही हैं और वो हैं पार्टी के लिए चंदा, व्यापारियों को डंडा और ईडी का फंदा। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, कल की रैली व्यक्ति केंद्रित रैली नहीं है। यह इंडिया गठबंधन की रैली है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। 19 अप्रैल से एक जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण रतिबंधित रहेंगे। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना में लोकसभा निर्वाचन 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 1 जून की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाया गया।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

■ पांचवें सप्ताह बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली/ए.। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरबीआई रिपोर्ट

पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

गरमा-गरम

उपलब्धियां अंतरिक्ष में भारत जो कर रहा वो हैरान करने वाला'

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

पेरिस/ए.। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसफ ऐशबैकर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की तारीफ की। उन्होंने हाल ही में सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो को सराहा। ऐशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष रूप से चंद्रमा पर भारत को मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली हैं।

ईएसए की 323वीं परिषद की बैठक हुई

बता दें, पेरिस में ईएसए की 323वीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम बहुत गर्व महसूस कर रहे

वहीं, अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेस्केट ने कहा, 'पेरिस में इसरो अध्यक्ष सोमनाथ और हमारे महानिदेशक ऐशबैकर का स्वागत करके हम बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच उत्साही बातचीत हुई।' भारत साल 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल 1 के प्रक्षेपण के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा

जोसफ ऐश बैकर ने कहा, 'भारत अंतरिक्ष में जो हासिल कर रहा है, खासकर चंद्रमा के क्षेत्र में, वह हैरान करने वाला है। हमने आज ईएसए परिषद में इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ की मेजबानी की। प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो सहयोग के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए यह महत्वपूर्ण बैठक थी।' उन्होंने आगे कहा, 'अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने और सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है।

अमर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में आयकर की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव में पिछले दिनों आयकर विभाग ने कुछ कारोबारियों के यहां कार्रवाई की थी उसी से मिले इनपुट के आधार पर अमर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के पुलगांव (दुर्ग) स्थित मुख्य ऑफिस में शनिवार 30 मार्च को आयकर अन्वेषण विंग की टीम सुबह -सुबह पहुंची। इनका हाउसिंग और रोड कंस्ट्रक्शन का काम हैं और चार भाई साझेदार हैं। इनका फाइनेंस का भी बड़ा कारोबार है। बताया जा रहा है कि आईटी अफसर बीते तीन दिनों से इस कार्रवाई को लेकर सक्रिय रहे।

आज जब कारोबारी ईयर एंडिंग क्लोजिंग कर रहे थे तो घेर लिया गया। फिलहाल किसी तरह की जब्ती को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के मुताबिक यह डायरेक्टर चतुर्भुज राठी समेत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के किले में सेंध के लिए कांग्रेस को करना होगा करिश्माई प्रदर्शन

बिलासपुर लोकसभा सीट

अशोक शर्मा

बिलासपुर/नवप्रदेश। साढ़े तीन दशक में भारतीय जनता पार्टी के किले में बदल चुकी बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सामने इस बार भी कड़ी चुनौती है। इस किले में सेंध लगाने के लिए कांग्रेस को करिश्माई प्रदर्शन करना होगा। भाजपा की रणनीति वही है जो वह लगातार सात चुनावों से आजमाती आई है और जीत हासिल करती रही है। करीब 5 माह पूर्व हुए विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 8 विधानसभा सीटों में 6 सीटें जीतकर भाजपा अपने प्रभाव का लोहा मनवा चुकी है।

करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट से भाजपा ने पिछले दो चुनावों की तरह ही साहू समाज से तोखन साहू को अपना उम्मीदवार बनाया है। यह लगातार चौथी बार है जब भाजपा ने मुंगेली जिले से ही किसी को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले पुन्नूलाल मोहले, लखनलाल साहू और अरुण साव इस सीट से सांसद रह चुके हैं। ये तीनों मुंगेली जिले से ही रहे हैं। कांग्रेस ने इस चुनाव में भिलाई से अपने विधायक देवेन्द्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस का यह प्रयोग नया है। कांग्रेस की कोशिश है कि कोई बड़ा चेहरा उसका उम्मीदवार हो। दूसरी ओर भाजपा ने इस सीट पर हमेशा की तरह जातीय समीकरण को महत्व दिया है। इस सीट से लगातार दो चुनावों में चुने गए सांसद साहू समाज से ही थे। यह लगातार तीसरा चुनाव होगा जब पार्टी ने साहू समाज से ही उम्मीदवार चुना है। इस सीट पर साहू वोटरों की संख्या 10 फीसदी के करीब है, जो नतीजे की लिहाज से मायने रखती है।

इस सीट की 8 विधानसभा सीटों में 6 सीटें बिलासपुर जिले की आती है तो दो सीटें मुंगेली जिले की है। विधानसभा चुनावों में बिलासपुर की 6 सीटों में से कोटा और मस्तूरी की सीट ही कांग्रेस जीत सकी थी। बाकी बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा और तखतपुर सीट भाजपा ने जीत ली थी। मुंगेली की दोनों ही सीटें भाजपा के पास है। अगर वोटरों का रुझान विधानसभा चुनावों की तरह ही इस चुनाव में सामने आया तो बिलासपुर लोकसभा सीट पर जीत हासिल करना कांग्रेस के लिए मुश्किल ही नजर आता है। अब देखना होगा कि कांग्रेस वोटरों को रिझाने में कितना सफल होती है।

इस सीट के पिछले नतीजों से पता चलता है कि भाजपा और कांग्रेस को छोड़कर कोई तीसरी ताकत नतीजों को प्रभावित करने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी, जोगी कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के उभार के समय भी ऐसा उल्लेखनीय कुछ दिखाई नहीं दिया दो फीसदी वोट भी इनके हिस्से में नहीं आए। इस विधानसभा चुनावों में इन दोनों पार्टियों का जैसा प्रदर्शन रहा है उसे देखते हुए लगता है कि उनके वोट भी भाजपा के हो गए।

प्रत्याशियों की छवि और संगठन का समर्थन

चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों की छवि और चुनाव प्रचार में संगठन के प्रयासों का महत्व समझा जा सकता है। भाजपा के प्रत्याशी तोखन साहू 2013 के चुनाव में लोरमी सीट से विधायक चुने गए थे। डॉ. रमन सिंह सरकार में संसदीय सचिव बनाए गए। अब उन्हें पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उतारा है। कांग्रेस उम्मीदवार भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव का नाम इस सीट के वोटरों के लिए नया नाम है। उनके नाम की घोषणा पार्टी ने काफी देर से भी की। पहली बार उन्होंने जब अपने लोकसभा चुनाव क्षेत्र में कदम रखा, उनके स्वागत में कई नेता नहीं दिखे। उनके स्वागत के काफिले में 250 गाड़ियां थी, जिनमें भिलाई, रायपुर, दुर्ग के उनके युवा कांग्रेस और भारतीय छात्र संगठन के कार्यकर्ता थे। भाजपा देवेन्द्र यादव की उम्मीदवारी को स्थानीय बनाम बाहरी का चुनावी मुद्दा बना सकती है। उम्मीदवार की छवि को उभारने का काम संगठन करता है, लेकिन यहां कांग्रेस संगठन में गुटीय तनाव के कारण पार्टी बिखराव की राह पर चल पड़ी है। उम्मीदवारी को लेकर असंतोष का यह हाल है कि एक कांग्रेस नेता ने विरोध में अनशन शुरू कर दिया है।

डेढ़-दो लाख वोटों के अंतर से हार-जीत

पिछले दो चुनावों के वोटों के आंकड़ों को देखें तो बिलासपुर लोकसभा सीट पर डेढ़ से दो लाख के करीब वोटों से हार-जीत हुई है। वर्ष 2014 के चुनाव में कांग्रेस की श्रीमती करुणा शुक्ला को 1.75 लाख वोटों से हराया था। वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को 1.41 लाख वोटों से हराया था। इस सीट पर 65 फीसदी के करीब वोटर वोट डालते हैं। इस तरह करीब 13 लाख वोट पड़ते हैं। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले गांवों में ज्यादा वोट पड़ते आए हैं। समय के साथ लोगों विशेषकर युवाओं की राजनीति में दिलचस्पी बढ़ी है और वोट डालने के लिए निकल रहे हैं। इन युवा वोटरों को प्रभावित करने के लिए राजनेता तरीके खोज रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे युवा वोटरों को रिझाने की कोशिश होने लगी है। यहां तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को मतदान होना है। जैसे-जैसे यह तारीख नजदीक आती जाएगी, पार्टियों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जाएगा। अभी तक दोनों ही प्रमुख पार्टियों के किसी बड़े नेता की यहां चुनावी रैली नहीं हुई है।

सबसे अधिक साहू उसके बाद सतनामी समाज

बिलासपुर लोकसभा सीट का फैसला साहू और सतनामी समाज मिलकर करते हैं। इन दोनों समाज के वोटरों की संख्या यहां कुल मतदाता के 10 फीसदी के करीब है। यही वजह है कि भाजपा ने इस सीट पर कब्जा जमाने के लिए पहले सतनामी समाज से पुन्नूलाल मोहले पर और उसके बाद पिछले दो चुनावों में साहू समाज पर दांव लगाया और लगातार सात चुनावों में कामयाबी हासिल की। कांग्रेसी अपने को आगे लाने की सोच से बाहर निकल नहीं पाई। देवेन्द्र यादव के रुप में अब उसका नया प्रयोग किस तरह करिश्माई प्रदर्शन का आधार बनेगा, यह पार्टी को सोचना होगा। देवेन्द्र की स्वागत रैली में कल का दृश्य संगठन की दृष्टि से बहुत उत्साहवर्धक नजर नहीं आया।

सांसद और दो पूर्व विधायकों ने एक ही दिन बीजद से दिया इस्तीफा

- राजनीतिक पंडितों का अनुमान है आने वाले दिनों में बीजद से और भी लोग पार्टी छोड़ेंगे
- भर्तृहरि महताब कटक सीट से भाजपा सेमैदान में उतारे की संभावना

भुवनेश्वर,(वार्ता)। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को एक बड़ा झटका देते हुए एक सांसद सहित पार्टी के तीन नेताओं ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट से पार्टी सांसद अनुभव मोहंती ने आज अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भेजकर उनसे तुरंत इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

मोहंती लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने वाले बीजद के दूसरे सांसद हैं। इससे पहले बीजद के पुराने नेता कटक लोकसभा सीट से छह बार के सांसद भर्तृहरि महताब ने पार्टी मामलों की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

महताब पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं और उन्हें कटक लोकसभा सीट से भाजपा द्वारा मैदान में उतारे जाने की संभावना है। क्योंकि बीजद में नये राजनीतिक खिलाड़ी और हाल ही में बीजद में शामिल हुये संतरूप मिश्रा को कटक लोकसभा सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

प्रियदर्शी 2014 में भुवनेश्वर उत्तर विस सीट से चुने थे

मोहंती के अलावा बीजद के दो पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्रा और अभिनेता से नेता बने आकाश दास नायक ने भी शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। प्रियदर्शी मिश्रा 2014 के विधानसभा चुनावों में भुवनेश्वर उत्तर विधानसभा सीट से राज्य विधानसभा के लिए चुने गए थे, लेकिन 2019 में उन्हें पार्टी ने विधानसभा चुनावों में टिकट से वंचित कर दिया था। वह आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के टिकट के भी दावेदार थे। बीजद से इस्तीफी देने के तुरंत बाद श्री प्रियदर्शी मिश्रा पार्टी अध्यक्ष मनमोहन सामल और भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी और पार्टी के ओडिशा प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर की उपस्थिति में यहां पार्टी कार्यालय में भाजपा में शामिल हो गए। इसी तरह बीजद के पूर्व विधायक आकाशदास नायक जो 2014 के विधानसभा चुनावों में कोरेई निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधानसभा के लिए चुने गए थे, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के टिकट से इनकार कर दिया गया था। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों के हितों को ध्यान में रखने की बात कहते हुये पार्टी छोड़ दी।

6 लोस और 75 विधानसभा सीटों पर नामों का इंतजार

राजनीतिक पंडितों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बीजद के कई मौजूदा विधायकों और पूर्व विधायकों के भी पार्टी छोड़ने की आशंका है क्योंकि पार्टी ने अभी तक छह लोकसभा सीटों और 75 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। राज्य में लोस और विस चुनावों से पहले ही बीजद के दो मौजूदा सांसदों, कई पूर्व सांसदों और लगभग एक दर्जन मौजूदा और पूर्व विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

पार्टी में उनकी अनदेखी की

बीजद के जिन नेताओं ने पार्टी छोड़ी है उनमें से ज्यादातर का यही आरोप है कि पार्टी में उनकी अनदेखी की जा रही है। दिग्गज कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक चिरंजीब बिस्वाल ने 2024 चुनाव से पहले शनिवार को कांग्रेस छोड़ दी। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को लिखे पत्र में श्री बिस्वाल ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी भविष्य की रणनीति तय नहीं की है।

कोरबा लोस में गोंडवाना के दखल से त्रिकोणीय मुकाबला

कोरबा/बैकुंठपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी जारी है। इस बीच कोरबा लोकसभा सीट पर लड़ाई दिलचस्प हो गई है। इस सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने लोकसभा की कोरबा सीट के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है।

गोंगपा के चुनाव मैदान में उतरने से कोरबा लोकसभा में त्रिकोणीय हुआ मुकाबला। यहां से गोंगपा ने अपने राष्ट्रीय महासचिव को चुनावी मैदान में उतारा है। उनकी गिनती पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में होती है। पार्टी में उनका दूसरा स्थान है। वहीं पाली तानाखार सहित कोरिया व एमसीबी जिले में गोंडवाना पार्टी की पकड़ काफी मजबूत है। इस क्षेत्र में किसी भी पार्टी के हार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। देखने वाली बात यह होगी कि गोंडवाना पार्टी के प्रत्याशी किसका ज्यादा नुकसान करते हैं। हालांकि पार्टी ने कोरबा के अलावा प्रदेश की सभी 11 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं लेकिन कोरबा सीट से श्याम सिंह मरकाम को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने इस सीट से मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है। अभी तक इस सीट से कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं, लेकिन कोरबा लोकसभा सीट व इसके अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा चुनाव में पार्टी ने तीसरा स्थान ही प्राप्त किया है। इस बार प्रत्याशी घोषित कर पार्टी ने भाजपा और कांग्रेस के लिए ऐसी चक्रव्यूह की रचना की है। जिसे भेदने वाला प्रत्याशी ही जीत हासिल कर सकेगा। इसके पीछे मुख्य कारण कोरबा लोकसभा के अंतर्गत पाली-तानाखार, रामपुर, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत, मरवाही, बैकुंठपुर जैसी सीटों पर पार्टी का बड़ा जनाधार बताया जा रहा है।

चुनाव दर चुनाव बढ़ा है मतदान प्रतिशत

लोकसभा कोरबा का उदय 2008 के परिसीमन के बाद हुआ। अब तक हुए चुनाव में कोई भी पार्टी दोबारा इस सीट पर काबिज नही हो पाई। वही गोंडवाना के नही लड़ने से इसका फायदा जरूर जीतने वाली पार्टी को मिला किन्तु जब भी गोंडवाना पार्टी ने लोकसभा में अपना प्रत्याशी तय किया हर चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि पार्टी अभी तक डाले गए कुल मतों का पांच प्रतिशत तक हिस्सा प्राप्त करने में सफल रही है। उम्मीद है कि लोकसभा के इस चुनाव में भी गोंडवाना के प्रत्याशी की वोट में बढ़ोतरी होगी।

गोंडवाना का वोट बढ़ना प्रमुख दलों को नुकसान

कोरबा लोकसभा के अंतर्गत स्थित पाली-तानाखार ,रामपुर ,मनेन्द्रगढ़ और भरतपुर-सोनहत व बैकुंठपुर क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कांग्रेस और भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। अंकों का गणित बताता है कि इस क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के वोटों में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी हो रही है और इसका असर दोनों प्रमुख पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडवाना गणतत्र पार्टी के उम्मीदवार हीरासिंह मरकाम ने 52 हजार 753 मत प्राप्त किया था जो कुल डाले गए मत का 5.1 फीसदी था।

लोकसभा चुनावी वॉच

सोनोवाल के पास है 4.75 करोड़ की चल-अचल संपत्ति

गुवाहाटी, (वार्ता)। *असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे हाई-प्रोफाइल उम्मीदवार सर्बानंद सोनोवाल के पास कुल 4,75,85,258 रुपये की चल और अचल संपत्ति है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं दो बार केंद्रीय मंत्री रहे श्री सोनोवाल ने 26 मार्च को डिब्रूगढ़ से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने हलफनामे में अपनी कुल चल संपत्ति 01 करोड़, 64 लाख, 65 हजार और 258 रुपये घोषित की जबकि अपनी अचल संपत्ति की रकम 03 करोड़, 11 लाख और 20 हजार बताई है। हलफनामे के मुताबिक श्री सोनोवाल के पास 27,679 रुपये नकद जमा हैं और उनके नाम पर चार बैंक खाते भी हैं, जिनमें कुल 47,59,705 रुपये जमा हैं। श्री सोनोवाल के पास म्यूचुअल फंड और बॉन्ड में भारी मात्रा में पैसा जमा है। हलफनामे के मुताबिक श्री सोनोवाल की म्यूचुअल फंड और बॉन्ड में जमा राशि 59.75 लाख रुपये है। इसके अलावा उनके पास 73 लाख रुपये का जीवन बीमा भी है। इसके अलावा श्री सोनोवाल के पास करीब 2.5 लाख रुपये के सोने के गहने हैं। उन्होंने अपने हलफनामे में बताया कि उनके पास कोई कार नहीं है।*

RJD को 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट को मिलीं 5 सीटें

लखनऊ। *बिहार में कई दिनों से 40 लोकसभा सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर पेंच फंसा हुआ था। अब आरजेडी, कांग्रेस और वामदल के बीच सीट शेयरिंग हो पर सहमति बन चुकी है। सबसे ज्यादा सीटें लालू यादव की पार्टी आरजेडी को मिली हैं। इसमें आरजेडी को 26, कांग्रेस पार्टी को 9 सीटें और वाम दलों को 5 सीटें मिली हैं। आरजेडी के नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी समेत कांग्रेस और वाम दलों के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सीट शेयरिंग पर बात बन गई है। इसमें गौर करने वाली बात यह है कि सीट बंटवारे में पूर्णिया सीट आरजेडी को दी गई है। पप्पू यादव के लगातार मांग करने के बाद भी पूर्णिया सीट कांग्रेस को नहीं मिली है। आरजेडी ने पहले ही बीमा भारती को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था। कन्हैया कुमार को भी झटका लगा है। बेगूसराय सीट सीपीआई के खाते में चली गई है। इतना ही नही, आरजेडी के खाते में वे तीन सीटें भी आई हैं जहां पर कभी ना कभी पप्पू यादव ने चुनाव लड़ा है।*

कोडरमा से विनोद सिंह होंगे भाकपा-माले के उम्मीदवार

पटना/रांची, (वार्ता)। इंडिया गठबंधन के तहत बिहार के आरा, काराकाट व नालंदा और झारखंड के कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए आज भाकपा माले ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी।इसके अलावा बिहार के अगिआंव (सु) विधानसभा उपचुनाव के लिए भी पार्टी ने उम्मीदवार के नाम की सूची जारी की है। माले के राज्य सचिव कुणाल, विधान पार्षद शशि यादव, वरिष्ठ पार्टी नेता केडी यादव और विधायक गोपाल रविदास ने पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से यह घोषणा की।

सुदामा प्रसाद अभी तरारी विस से विधायक हैं

का. सुदामा प्रसाद फिलहाल आरा जिले के ही तरारी विधानसभा से भाकपा-माले के विधायक हैं। उन्होंने 2015 में पहली बार तरारी सीट पर जीत हासिल की और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दुबारा निर्वाचित हुए।वे बिहार विधानसभा में कृषि-उद्योग समिति के सभापति भी हैं। जनांदोलनों के चर्चित नेता का. सुदामा प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। काराकाट से माले प्रत्याशी का. राजाराम सिंह देश के किसान आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर हैं। वे फिलहाल अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव और अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बिहार-झारखंड के प्रभारी हैं।

लालू के आगे कांग्रेस हुई लाचार

- हाथ से निकला पूर्णिया, अब पप्पू यादव के पास 2 विकल्प

पटना। बिहार में आज 29 मार्च को महागठबंधन में सीट बंटवारा फाइनल हो गया। आरजेडी 26 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा वहीं कांग्रेस के हाथ 9 सीटें आई हैं। वहीं, भाकपा माले 3 जबकि माकपा और भाकपा एक-एक सीट पर उम्मीदवार दे सकेंगे।

वहीं इन सब के बीच पप्पू यादव को लालू यादव ने जोरदार झटका दिया है। पप्पू यादव (Pappu Yadav) का इमोशनल कार्ड भी काम नहीं आया और पूर्णिया सीट हाथ से निकल गई। कांग्रेस ने भी पप्पू यादव के लिए बहुत जोर लगाया लेकिन एक नहीं चली। पप्पू यादव ने यहां तक कह दिया था कि दुनिया छोड़ दूंगा लेकिन पूर्णिया नहीं छोडूंगा।

आरजेडी इन सीटों पर लड़ेगी चुनाव

आरजेडी गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका के साथ ही वाल्मीकि नगर सीट पर चुनाव लड़ेगी। इन 10 सीटों के अलावा पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी और जहानाबाद में भी राजद के उम्मीदवार होंगे। झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया और हाजीपुर भी राजद के कोटे में आए हैं।

कांग्रेस इन सीटों पर लड़ेगी चुनाव

कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पटना साहिब और सासाराम के साथ ही महाराजगंज की सीट भी दी है ।सीपीआई-एमएल, सीपीएम और सीपीआई को मिली ये सीटें -सीपीआई-एमएल को आरा, काराकाट, नालंदा, वहीं सीपीआई को बेगूसराय, सीपीएम को खगरिया सीट मिली है।

सोनिया के हटने से कांग्रेस के गढ़ में बदलेगा रण?

रायबरेली। उत्तर प्रदेश का रायबरेली जिला कई मायनों में राजनीतिक रूप से काफी महत्वपर्ण है। जिले की सरकारी वेबसाइट बताती है कि रायबरेली को भरों ने स्थापित किया था, इसलिए इसका नाम पहले भरौली या बरौली था, बाद में बरेली हो गया। आगे लगे 'राय' का रिश्ता कायस्थों से जोड़ा जाता है जो कुछ समय के लिए यहां काबिज थे।

हालांकि, सियासत में तनिक दिलचस्पी रखने वाला भी इस क्षेत्र को जरूर जानता है, क्योंकि यह कांग्रेस के गांधी परिवार का गढ़ रहा है। यूपी का यह लोकसभा क्षेत्र 2014 और 2019 के मोदी लहर में भी नहीं डगमगाया। 2019 में तो पड़ोसी लोकसभा सीट अमेठी से राहुल गांधी हारे, लेकिन सोनिया गांधी रायबरेली पर काबिज होने में कामयाब रहीं।

हालांकि, सोनिया गांधी के इस बार चुनाव से हटने से रण का समीकरण बदला नजर आ रहा है। उपचुनावों को जोड़ लें तो रायबरेली में अब तक कुल 20 संसदीय चुनाव हुए हैं, जिसमें 17 बार कांग्रेस को जीत मिली है।

एक बार जनता पार्टी व दो बार भाजपा के खाते में सीट आई है। 90 के दशक में सपा भी दो बार लड़ाई में आई, लेकिन जीत नहीं पाई।

फिरोज का आगाज, इंदिरा की अगुआई

आजादी के बाद हुए पहले चुनाव में यह सीट रायबरेली-प्रतापगढ़ के नाम से जानी जाती थी। नेहरू के दामाद और इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी ने यहां से पर्चा भरा। इंदिरा तब कांग्रेस की राजनीति में हाथ बंटाने लगी थीं। पति के प्रचार के लिए वह भी रायबरेली पहुंचीं। फिरोज आसानी से चुनाव जीत गए और उन्होंने अगले दो चुनाव जीतकर हैटट्रिक लगाई। 1960 में जीत के बाद उनका निधन हो गया। उपचुनाव में आरपी सिंह ने उनकी जगह ली। 62 में भी जीत कांग्रेस के ही खाते में रही। लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा पीएम बनीं।

चेहरे पर टिकी 24 की लड़ाई

24 के चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है, लेकिन सात दशक में पहली बार तारीखें आने के बाद भी कांग्रेस उम्मीदवार नहीं तय कर पाई है। यही कांग्रेस के लिए संकट व विपक्ष के लिए संभावनाओं का सबब बन रहा है। एक-तिहाई दलित वोटरों वाली इस सीट पर गांधी परिवार के कद के आगे कभी कोई गणित नहीं चली। लेकिन, सोनिया इस बार चुनाव से बाहर हैं। यहां कभी कांग्रेस के प्रभावी स्थानीय चेहरे रहे अखिलेश प्रताप सिंह की बेटी अदिति सिंह से लेकर पंचवटी परिवार के दिनेश प्रताप सिंह तक अब भाजपा के खेमे में हैं।

पंजाब के लिए जल्द जारी होगी भाजपा की सूची

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब भाजपा की पहली सूची जल्द आएगी। चंडीगढ़ कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक के बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने यह जानकारी दी। जाखड़ ने बताया कि जल्द ही भाजपा की ओर से 6 से 7 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी। इन प्रत्याशियों को लेकर पार्टी हाईकमान ने लगभग नाम फाइनल कर लिए हैं। प्रभारी रूपाणी ने संकेत दिए हैं कि हाल ही में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के जिन सांसद और विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है, उनका पार्टी में कद बढ़ाया जाएगा। यानी इन नेताओं को लोकसभा चुनाव में भाजपा अपना प्रत्याशी बनाएगी। कमेटी की बैठक के बाद जाखड़ ने चुनाव आयोग से आप के दो विधायकों द्वारा 25 करोड़ की पेशकश के आरोपों की जांच करने की मांग की।

न्यूज गैलरी

बीएमसी वल्कथॉन 2024 वॉक फॉर ए लाइफ से किए कैंसर के प्रति जागरूकता

रायपुर/नवप्रदेश। बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर द्वारा कैंसर की जागरूकता के लिए बीएमसी वल्कथॉन 2024 वॉक फॉर ए लाइफ का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर शहर के मरीन ड्राइव तेलीबंधा से घड़ी चौक तक इस जागरूकता वल्कथॉन मे शहर के विभिन्न स्कूल, कॉलेज और संस्थानों द्वारा पंजीयन किया गया है। बीएमसी प्रति वर्ष कैंसर के मरीज़ों का हौंसला बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम को बढ़ावा देता है। प्रतियोगियों के स्वास्थ्य का ख़ास ख़याल रखते हुए जुंबा, योग और व्यायाम भी रखा गया है। कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए 31 मार्च सुबह 6 बजे मरीन ड्राइव तेलीबंधा रायपुर पहुँच कर हमसे जुड़े।

ई-टॉयलेट के संचालन में लापरवाही, रायपुर स्मार्ट सिटी ने नियुक्त एजेंसी को हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शहर में स्थापित ई-टॉयलेट का संधारण समुचित नहीं पाए जाने पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने इस कार्य हेतु नियुक्त एजेंसी होप फॉर ह्यूमिनिटी का अनुबंध निरस्त कर दिया है ।अब इसका रखरखाव नगर निगम रायपुर के माध्यम से होगा।

नगर निगम कमिश्नर और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने शहर के विभिन्न स्थलों में स्थापित 32 नग ई-टॉयलेट के संचालन और संधारण का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान कुछ टॉयलेट में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पायी गई , साथ कुछ स्थलों पर ई-टॉयलेट संचालन में ही नहीं थे। निरीक्षण उपरांत रायपुर सिटी लिमिटेड ने इन सभी ई-टॉयलेट के संचालक संधारण के लिए नियुक्त एजेंसी को होप फॉर ह्यूमिनिटी को हटा दिया है। सभी टॉयलेट के संचालन के लिए नगर निगम रायपुर को हैंड ओवर किया जा रहा है।

प्रिया दत्त रायपुर में, निजी कार्यक्रम में हुईं शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व कांग्रेस सांसद प्रिया दत्त रायपुर पहुंची है. नवा रायपुर में आयोजित निजी कार्यक्रम में वे शामिल हुई. प्रिया दत्त एक भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व राजनेता सुनील दत्त की पुत्री है. वे मुम्बई उत्तर मध्य तथा मुम्बई उत्तर पश्चिम से लोकसभा सांसद रह चुकी है. बता दें कि प्रिया दत्त की राजनीति में अच्छी पकड़ हैं. एक्टर संजय दत्त की बहन हैं. वर्तमान में वे नरगिस दत्त फाउंडेशन चला रही है. लोगों की मदद के लिए प्रिया दत्त हमेशा आगे रही है। इस खबर पर लगातार अपडेट जारी है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविकांत शुक्ला 35 वर्ष एलआईजी 107 फेस 1 कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 14 से 22 मार्च के मध्य सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार करने जाएंगे टीएस बाबा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने शनिवार 30 मार्च को जम्मू-कश्मीर के लिए 27 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को शामिल किया गया है। सिंहदेव जल्द ही प्रत्याशी के लिए वोट मांगने जम्मू-कश्मीर जाएंगे।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई एवं कबीरनगर पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 20 पाव देशी एवं 45 पाव अंग्रेजी शराब व एक एक्टिवा वाहन जप्त किया है। खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

किसानों को होगा फायदा, जमीन की गाइडलाइंस रेट पर बोले वित्तमंत्री चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइंस रेट पर 30 प्रतिशत की छूट का आदेश वित्तिय वर्ष 2023-24 के साथ 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा है. 2019 में कांग्रेस सरकार ने जमीन की गाइडलाइन रेट में 30त्न छूट का आदेश दिया था. जिसे हर वित्तिय वर्ष के साथ आदेश जारी कर आगे बढ़ा दिया जाता साथ ही पिछले 5 वर्षों में गाइडलाइंस की दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई.

वित्त एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी ने बताया पिछली सरकार द्वारा ज़मीन के गाइडलाइंस दरों में दी गई छूट 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी . गाइडलाइन दरों में पिछले 5 सालों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई जिसका नुकसान किसानों को हुआ . 30 प्रतिशत छूट समाप्त होने से अब किसानों को भूमि अधिग्रहण में फायदा होगा साथ ही भू स्वामियों को अब जमीन पर ज्यादा लोन की राशि प्राप्त होगी . वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा की कांग्रेस की सरकार ने 152त्न रेट में बंदरबांट करने के लिए और अपने चहेतों को ज़मीन देने के लिए गाइडलाइंस दरें घटाई. बीजेपी की सरकार इसे आगे बढ़ने नहीं जा रही. भूमी अधिग्रहण में मिलने वाली राशि की गढ़ना गाइडलाइंस के दरों के आधार पर होती है. लोअर मिडिल क्लास और मिडिल क्लास लोगों को लोन भी गाइडलाइंस के आधार पर ही मिलता है. अब उन्हें ज्यादा लोन मिल पाएगा.कांग्रेस के आदेश को खत्म करने के विरोध पर कहा मार्केट में ज़मीन की कीमत और गाइडलाइंस की दरों में भारी अंतर है. आदेश खत्म होने से सभी को फायदा होगा. इस गाइडलाइंस के जरिए कांग्रेस के लोगों ने सरकारी जमीनों को अपने नाम कराया है उनको धक्का लगा है.

एक अप्रैल से जमीन की रजिस्ट्री कराना हो जाएगा और महंगा

रायपुर/नवप्रदेश। एक अप्रैल से जमीन की रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा। जमीन की रजिस्ट्री में 30 फीसदी तक की मिल रही छूट योजना कल यानी रविवार 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। पिछली कांग्रेस सरकार ने 30 प्रतिशत छूट देने के बाद रजिस्ट्री फीस 0.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 फीसदी कर दिया था, लेकिन वर्तमान बीजेपी सरकार ने पिछली पंजीयन शुल्क वृद्धि को जारी रखा है। लोगों को गाइडलाइन दर पर रजिस्ट्री कराना होगा और 4 फीसदी रजिस्ट्री फीस देनी होगी।

पिछली भूपेश सरकार ने 5 साल पहले रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया था। यह अवधि अब समाप्त होने के कारण लोगों को 100 प्रतिशत की दर से पंजीयन शुल्क देना पड़ेगा। इस मामले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि गाइडलाइन जमीनों के रेट में 30 फीसदी छूट समाप्त होने पर छत्तीसगढ़ के खजाने में एक हजार करोड़ तक एक्स्ट्रा राजस्व मिलेगा। इससे सबसे ज्यादा फायदा किसानों को मिलेगा। जमीन अधिग्रहण होने पर लोगों को जमीन की गाइडलाइन रेट कम होने से उन्हें कुल रकम में एक तिहाई रकम का नुकसान हो रहा था। जिस जमीन का मूल्य 10 लाख रुपए है, उसे अधिग्रहण पॉलिसी के तहत चार गुना मतलब 40 लाख रुपए मुआवजा मिलना चाहिए था। गाइडलाइन में जारी छूट की वजह से उन्हें 30 लाख रुपए ही मिल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने 30 प्रतिशत छूट दी थी, जो 31 मार्च को खत्म हो जाएगा। फिलहाल आचार संहिता की वजह से कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है।

पिरदा सहकारी समिति में 4 करोड़ का घोटाला, तीन साल बाद 7 पर एफआईआर

महासमुंद/नवप्रदेश। पिरदा सहकारी समिति में 2021 में किसानों से खरीदे धान, बारदाना के रखरखाव व भंडारण में 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 510 रुपए का घोटाला मामले में 7 लोगों पर न्यायालय के आदेश के बाद बसना पुलिस ने धारा 153, 3 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। लेकिन किन-किन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, इसका उल्लेख न तो पुलिस ने डीएसआर में दिए हैं और न ही पुलिस का कोई जवान इन नामों को बता पाने में सक्षम हैं। आरोपियों के नाम को लेकर एसपी और थानेदार तक ने यहां तक कह दिया कि नाम नहीं बता सकते। इस समिति में खरीदी से 17 हजार 210 क्विंटल धान का स्टॉक कम मिला था। साथ ही धान की 65 हजार 467 बोरियां कम पाई गई थी।

इस मामले में अभी बसना पुलिस को संवेदनशील बताते हुए जिन आरोपियों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई है, उनके नाम बताने से इंकार कर रही है। हालांकि शिकायतकर्ता ने विभागीय जांच में जिन 7 लोगों पर अनियमितता का आरोप लगा था, उनका नाम सार्वजनिक कर दिया है। लेकिन इसकी पुष्टि करने में भी पुलिस परहेज कर रही है। इसके पहले भी शिकायतकर्ताओं के कहने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया था। इसके बाद प्रार्थी न्यायालय की शरण में गए और न्यायालय से आदेश जारी होने पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की है।

इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि मामला साल 2020-21 में हुए धान घोटाले से संबंधित है। इसमें 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है। नाम नहीं बता सकता।

वहीं बसना थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने कहा कि धान घोटाले मामले में 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर किया गया है। जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है, उनके नाम नहीं बता सकता। बस इतना ही ब्रीफ है कि धान घोटाले में कार्रवाई हुई है।

गौरतलब है कि पिरदा सहकारी समिति में 2021 में कुल 68539.20 क्विंटल धान खरीदी गई थी। जिसमें 17 हजार 210 क्विंटल धान की कमी पाई गई। तब राज्य सरकार 2500 रुपए के समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल धान खरीद रही थी। लिहाजा धान खरीदी, रखरखाव और परिवहन में ही 4 करोड़ 30 लाख 26 हजार 800 रुपए की अनियमितता बरती गई। वहीं समिति में जांच के दौरान 65 हजार 467 बारदाने की कमी पाई गई। इस बारदाने की कीमत 14 लाख 38 हजार 710 रुपए है। यानी धान खरीदी और बारदाने में 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 510 रुपए का घपला किया गया है।

कलेक्टर ने संकुल समन्वयकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

- **मतदान दल के ठहरने और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाए, कर्मचारी कल्याण हित में प्रशासन सजग- कलेक्टर**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने शनिवार 30 मार्च को जेआर दानी स्कूल में संकुल समन्वयकों की बैठक ली। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कर्मचारी कल्याण हित में प्रशासन सजग है। मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। मतदान दल को किसी भी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए। मतदान केंद्र की साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पंखा, शौचालय इत्यादि की सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही संकुल समन्यवक मतदाता जागरूकता की गतिविधियों पर ध्यान दें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि कहा कि मतदाता संकुलो में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के लिए सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम तक पहुंचने के लिए अधिक से अधिक बस सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि इस बार सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में पर्याप्त पेयजल और भोजन की व्यवस्था की गई है। स्थायी शौचालय का निर्माण भी किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू ने कहा कि रायपुर क्षेत्र में अधिकतर केंद्रों में महिलाओं की ड्यूटी होती है। ऐसे में पृथक-पृथक टायलेट की व्यवस्था की जाएं। मतदान दलों के ठहरने की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पोलिंग बूथ का भौतिक सत्यापन कर कमी को दूर किया जाएं ।

कांग्रेस को 1823 करोड़ के इनकम टैक्स का नोटिस मोदी सरकार की तानाशाही

- **संवैधानिक एजेंसियों के दुरुपयोग से सत्ता बचाने का स्तरहीन प्रयास कर रही है मोदी सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रू. जमा करने की नोटिस को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफदेश में माहौल है उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गयी है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया। मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनाई थी, केंद्र की मोदी सरकार और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व उसके खिलाफकाम कर रही है। भाजपा ने विपक्षी दलों से साधन, संसाधन छीनकर एकाधिकार स्थापित करने का षड्यंत्र रचा है।

श्री बैज ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जप्त करना इनकम टैक्स की नोटिस भेजना अलोकतांत्रिक है। तानाशाही मोदी सरकार धन, बल और केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने आमादा है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर सेक्टर 5 स्थित मकान के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश गुप्ता 38 वर्ष मकान नंबर 20 सेक्टर 5 में रहता है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 1282 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

रायपुर लोकसभा में भाजपा को मिलेगी बड़ी जीत बृजमोहन रचेंगे कीर्तिमान : अशोक बजाज

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत आज भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज बूथों में पहुंचे और कार्यकर्ताओं तथा भाजपा के विचारों व सिद्धांतों के प्रति अपनी सहमति जताने वाले लोगों के घरों पर भाजपा ध्वज लगाया। वे रायपुर ग्रामीण विधानसभा के भनपुरी मंडल के बूथ क्रमांक 114 गोवर्धन नगर बजरंग चौक सहित क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

इस अवसर पर क्षेत्र में आयोजित संक्षिप्त बैठकों में भी बजाज ने हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं तथा जनसमूहों के समक्ष अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रीति,नीति और सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। सुशासन, विकास और राष्ट्र की सुरक्षा हमारा संकल्प है। भाजपा की राजनीति का सिर्फयही मकसद है कि भारत में राम राज्य की पुनर्स्थापना हो और समाज के अंतिम छोर पर खड़े सबसे कमजोर व्यक्ति के जीवन में समृद्धि का प्रकाश पहुंचे। परंतु हमारा यहां संकल्प तभी पूरा होगा जब जनता प्रचंड मतों से भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाएगी।

उन्होंने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में जनता ने अपना आशीर्वाद भाजपा को दिया था । आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस लोकसभा चुनाव में भी रायपुर की जनता भारतीय जनता पार्टी के जनप्रिय प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के माथे पर विजय तिलक लगाकर प्रचंड मतों से उन्हें जीत दिलाएगी और नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करेगी।

इस अवसर पर कृष्णकांत साहू,महेंद्र कुमार निषाद,भोलाराम वर्मा,सेवकराम विश्वकर्मा, राहुल वर्मा,विनय दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अम्बेडकर अस्पताल में एब्सटिन एनामली की लगातार चौथी सफल सर्जरी

- **यह बहुत ही जटिल एवं दुर्लभ बीमारी है, 2 लाख हृदय रोगियों में से किसी एक को होती है**

रायपुर/नवप्रदेश। डा. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में एब्सटिन एनामली की लगातार चौथी सफल सर्जरी कर 30 वर्षीय महिला मरीज की जान बचाई। इस बीमारी को चिकित्सीय भाषा में कॉम्प्लेक्स कंजेनाइटल हार्ट डिजीज कहा जाता है। ऑपरेशन के दौरान मरीज के हृदय में डैफोडिल नियो नामक उच्च कोटि का बोवाइन टिश्यू वाल्व लगाया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतः स्वस्थ है और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के अनुसार, ऐसे मरीज लगभग 28 से 30 साल तक ही जिंदा रह पाते हैं। लगभग 13 प्रतिशत मरीज जन्म लेते ही मर जाते हैं। 10 साल की उम्र तक 18 प्रतिशत बच्चे मर जाते हैं एवं लगभग 25 से 30 साल तक लगभग सारे मरीज मर जाते हैं। इस बीमारी का ऑपरेशन बहुत ही जटिल होता है एवं बहुत ही कम संस्थानों में होता है। मरीज के शरीर का ऑक्सीजन सैचुरेशन लेवल (स्पचह्2) 70 से 75 प्रतिशत ही रहता था। मरीज को बार-बार चक्कर आता था । इस बीमारी को कॉम्पलेक्स कंजनाइटल हार्ट डिजीज कहा जाता है जिसमें बचपन में या पैदा होते ही मरीज का शरीर नीला पडना प्रारंभ हो जाता है।

क्या होता है एब्सटिन एनामली

यह एक जन्मजात हृदय रोग है। जब बच्चा मां के पेट के अंदर होता है, उस समय पहले 6 हफ्ते में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है।

सियासत | कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी पर तंत्र-मंत्र जैसे अंधविश्वास फैलाने का आरोप

भाजपा प्रत्याशी भोजराज के खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के द्वारा बालोद जिला के डौंडीलोहारा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र में तंत्र-मंत्र और नींबू काट कर गांव की जन-समस्याओं को अंधविश्वास के माध्यम से दूर करने का प्रलोभन मतदाताओं को दिये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के द्वारा बालोद जिला के डौंडीलोहारा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र में तंत्र-मंत्र और नींबू काट कर गांव की जन-समस्याओ को दूर करने का प्रलोभन मतदाताओ को दी जा रही है। इस प्रकार भाजपा प्रत्याशी द्वारा आम मतदाताओ को गुमराह कर अंधविश्वास भरी प्रलोभन दे कर मतदाताओं को छल पूर्वक अपनी ओर प्रभावित करने के उद्देश्य से उक्त अनर्गल वायदे कर वक्तव्य दिये है। जिससे की उक्त वायदे से निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है। जिसका विरोध छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में चुनावी सभा में इस प्रकार का कृत्य न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि औषधि और जादुई उपचार आपत्तिजनक विज्ञापन अधिनियम 1954 और आईपीसी के तहत भी अपराध की श्रेणी में आता है। उपरोक्त वक्तव्य देने वाले कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के विरूद्ध तत्काल कानूनी/समुचित कार्यवाही किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, अंकित कुमार मिश्रा, एम. नईम, मनोज कुमार सोनकर उपस्थित थे।

सरेआम शराब पीते 35 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गांधीनगर कालीबाड़ी में सरेआम शराब पीते आरोपी गरसा जगत 49 वर्ष, आकाश ताण्डी 37 वर्ष, गौतम ताण्डी 42 वर्ष, तरूण मानिकपुरी 52 वर्ष व शेख सलीम 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी अजय सोनी 30 वर्ष, दाउलाल वर्मा 30 वर्ष व सुरेंद्र वर्मा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी पूरन बंजारे 22 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी विरेंद्र देवांगन 37 वर्ष, प्रसांत सिंह 27 वर्ष व अभिषेक वर्मा 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी कमल नारायण 35 वर्ष, भुनेश्वर निषाद 35 वर्ष, बोधराम निषाद 36 वर्ष व सेवाराम निषाद 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। कबीरनगर ने आरोपी हरीश कुमार, राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी बिरबल निषाद एवं खमतराई ने आरोपी अमरेश सिंह, नरेंद्र देवांगन व सन्नी साहू को गिरफ्तार किया।सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी पंकज तिवारी 24 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी विनोद पाल 30 वर्ष व विक्रम जाल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी राम नारायण साहू 60 वर्ष, विष्णु लीलहरे 38 वर्ष, आशीष पुराहे, संजय चतुर्वेदी व रुपकेश्वर शर्मा को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी लुकेश कुमार यादव 33 वर्ष, प्रकाश गिलहरे 30 वर्ष व अमित रात्रे 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। खरोरा पुलिस ने आरोपी मनीष साहू 22 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी सियाराम यादव 30 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सोमनाथ निर्मलकर 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सुनो भाई उधो

तोर नांव मीसा त मोर नांव ईडी

परमानंद वर्मा

अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण के बीच श्रीमद्भागवत गीता में हुए संवाद को कथा वाचिका सुश्री जयाकिशोरी अपने मधुर कंठों से उस दिन सुनाते हुए कह रही थी- हे वत्स, यह संसार माया के सिवाय कुछ नहीं है। यहां जो कुछ हो रहा है- अच्छा हो रहा है, भूतकाल में जो कुछ हुआ है अच्छा ही हुआ है और भविष्यकाल में जो कुछ होगा वह सब अच्छा ही होगा। इसलिए वर्तमान में जीयो, तद्नुसार कर्म करो। ''नानु सोचंति पंडिता ।÷ लेकिन तुम तो अशोच्यानन व सोचस?त्वम प्रज्ञा वादांससि भाषासे की तरह बात कर रहे हो ? इसी तरह का विचार आज देश में सभी लोगों का चल रहा है। क्या होगा, कैसे होगा? मीसा से देश की क्या दुर्दशा हुई और ईडी का खेल अब सब देख रहे हैं। प्रस्तुत है- छत्तीसगढ़ी में यह आलेख...।

अभी ओ दिन के बात हे, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के बंगला करा मीसा अउ ईडी आपस में टकरागे। ईडी ओला पूछथे- तैं कोन हस?

- मोला नइ चिन्हस, नइ जानस। भारत देश ल कोन काहय, पूरा संसार मोर नांव से परिचित हे। लगथे तैं अभी-अभी उबज के ठाढ़े हस, तेकर सेती नइ पहिचान सकत हस। मीसा ओला बताथे।

- बताबे तब ना जानिहौं। ईडी तिखारत मीसा ल कहिथे।

- अरे पगली ईडी, जइसे तोर नांव ल सुन के आज बड़े-बड़े के रुंह कांप जथे, झटकिन दरवाजा-खिड़की बंद कर देथे, सिट्टी-पिट्टी बंद हो जथे, वइसने कस खभू मोरो नांव ल सुन के सब कांपत रिहिन हे। एक छत्र राज करे हौं। वइसने कस आज तोर भाग खुले हे बेटी। आज राज कर मोर ये सियान के आसीस हे तोला।

मीसा के बाद ल सुन के ईडी खुश होगे। ओकर पायलगी करत पूछथे- तब सियान मोला ये बता- के तोर समे अइसे का होइस ते तोला कदम उठाय ले परिस? बात जुन्ना हे बेटी। जाने बर चाहत हस तब बने कान दे के सुन- बात सुन उन्नीस सौ चउंत्तर के हे। स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण ओ सबे बहुत बड़े नेता बनके उभरत रिहिसे। ओहर ओ बखत 'सम्पूर्ण क्रांति' के नारा लगइस, अंधरा मन ला का चाही दू आंखी। जतका मउका परस्त राजनीतिक पारटी वाले मन टप ले पेड़ ले गिरे गदराय आमा कस उठा लिन। सोचिन, मउका बढिय़ा हे, एला चुहके के। फेर का हे सब चुहके लगिन। सब जयप्रकाश ल कबिया के धर लिन अउ किहिन तही अब दे खेवनहार हस। ये इंदिरा गांधी तो देश ल रसातल मं लेगत हे। बुढ़वा जयप्रकाश खुश होगे, चलव आखिरी उमर मं मउका मिलत बैतरणी पार होय के तब ये मउका ल उही जंगल के बुढ़वा हाथी कस नइ गंवाना चाही। चालाक मनखे मन का करथे, जब ओकर मन के चतुराई 'फेल' खा जथे तब अइसे गुनी, चुतरा अउ समाज मं जेकर थोर-बहुत मान-सम्मान, इज्जत रहिथे तउन ल पकड़थे। लोमड़ी चाल चलिस, अउ हाथी मेर जाके कहिथे- तोला जंगल में सब जानवर मन राजा बनाबो कइके विचारे हें। आज राजा कोन बनना नइ चाही, जतका देश मं उठा-पटक होवत हे, हलचल चलत हे, काबर राजा बने बर चौसर बिछे हे, महाभारत माते हे। तब हां, लोमड़ी के प्रस्ताव ल सुन के बुढ़वा हाथी रहिथे तउन गदकके कहिथे- बुढ़त काल मं राजा के पद मिलगे तउन ल कोन छोड़ही? पूछथे- तब राजतिलक कब हें?

लोमड़ी बताथे- सब दंडकारण्य में सकलाय हें। उन्हें राजतिलक होही तहां ले हस्तिनापुर के सिंहासन मं अकंटक राज करबे।

हाथी मारे खुशी के फूले नइ समावत रिहिसे। ओहर पूछथे- तब अभी का करे ले परही?

लोमड़ी कहिथे- चल, मोर पाछू-पाछू आव।

हाथी ओकर बात ल मानके पाछू-पाछू चले ले धर लिस। बीच जंगल मं बहुत बड़े खाई रिहिसे तेमा पान-पतोरा, कचरा ल भरके तोप (ढांक) दे रिहिसे, जेकर से समतल अपन रस्दा दीखत रिहिसे। लोमड़ी छोटी जानवर, ओहर तो आसानी से ओ रस्दा ला पार कर लिस, फेर हाथी तो भारी-भरकम जानवर। जइसने ओहर ओमा (भरका, गड्ढा) बोजागे। बहुत हाथ-पैर मारिस फेर निकल नइ सकिस। बाद मं का होइस, मांस खाय बर खखाय जानवर मन हाथ ल नोंच-नोंच के खा डरिन, ओकर जय सीताराम होगे। आज सब अइसने मतलब परस्त होगे हे। का राजनीति लेबे, का बेपार, उद्योग-धंधा, घर-परिवार समाज। ककरो नीयत साफ नइहे। सब एक-दूसर ल गड्ढा, डबरा, खाई मं ढकेल के आघू बढ़े खातिर एक पांव मं तइयार खड़े हे। एमा नीति, नियम, मरयादा, कानून, संविधान, ऋषि-मुनि, वेद-पुरान के गियान के कोनो मायने नइ रहिगे हे। मैं जउन करत हौं, उही सही हे, बाकी सब गलत हे। ए अहंकार तांडव मचावत हे देश मं।

का होइस जयप्रकाश के संपूर्ण क्रांति के। सब दल एक संग जुरियागे, देश मं अराजकता फइले कस हालत होगे। इंदिरा गांधी के तानाशाही रवइया के खिलाफ जघा-जघा आंदोलन, प्रदर्शन होये ले धर लिस। जब हालत बेकाबू होय ले धर लिस तब सन् उन्नीस सौ पचहत्तर मं इंदिरा गांधी देश मं इमरजेंसी लगा दिस। एकर बाद मैं 'मीसा' अइसे छतरंगी चाल चलेंव के सब हौसड़ा गरम कर देंव। सब ला धांधेव जेल के काल कोठरी मं। जइसे तोर नांव ल सुनके सब आज झझकत हे। सबला पानी पियायव रेहेंव। मीसा के ये सब किस्सा ला सुनके गुरुके असीस मिलगे।

सोचथों अतिवाद सचमुच मं जहर के काम करथे। मीसा मं सब तबाह होगे। आज वइसने कस जहर ईडी हा घलो उगलत हे। नेता, उद्योगपति, व्यवसायी, नौकरशाह, बड़े किसान सब झझकत हे, कब काकर ऊपर एकर (ईडी) के कुदृष्टि पर जही। अइसे लागथे- ये ईडी... ईडी नोहय मसान हे, कमर, टोटा ल कब चपक दिही, कोनो बता नइ सकय। जइसे मीसा हर सब ल जेल भेजवाय रिहिसे तेकरे कस चाल इहू चलत हे तइसे लागत हे।

फेर ओमन काहत हे- चिंता के कोनो बात नइहे, राम करथे तउन सब ठीक करथे। करन करावन हार राम हे...

अप्रैल फूल बनाया बड़ा मजा आया....

भारत समेत पूरी दुनिया में हर साल 1 अप्रैल को अप्रैल फूल डे के रूप में मनाया जाता है। कई देशों में तो इस दिन की छुट्टी भी होती है। ये एक ऐसा दिन है जब लोग एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, उन्हें बेवकूफ बनाते हैं और फिर उनपर हंसते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में इस दिन को मनाने के अलग-अलग तरीके भी हैं। जैसे फ्रांस, इटली, बेल्जियम में लोगों के पीठ पर कागज की मछली चिपकाने का रिवाज है। इसे April Fish भी कहते हैं। किसी को बेवकूफ बताने का एक तरीका। लेकिन एक बात हर जगह समान है। वो है दूसरों को बेवकूफ बनाकर उनपर हंसना। ऐसा प्रचलन है कि इस दिन किए गए मजाक का कोई बुरा नहीं मानेगा। 1 अप्रैल को हम अप्रैल फूल के रूप में क्यों मनाते आए हैं, इसका कोई ठोस सबूत नहीं है। ये अब भी एक रहस्य है। लेकिन दुनियाभर में इसे लेकर अलग-अलग कहानियां और कारण बताए जाते हैं।

अप्रैल फूल क्यों मनाते है कुछ इतिहासकारों के बीच सबसे प्रचलित कारण ये रहें...

पहला कारण

कुछ इतिहासकार बताते हैं कि अप्रैल फूल का इतिहास आज से करीब 438 साल पुराना है। जब 1582 में फ्रांस ने जूनियन कैलेंडर को छोड़कर ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया था। जूलियन कैलेंडर में नया साल 1 अप्रैल को शुरू होता था। जबकि ग्रेगोरियन कैलेंडर में यह 1 जनवरी पर शिफ्ट हो गया। कहा जाता है कि कैलेंडर बदलने के बाद भी कई लोग इस बदलाव को समझ नहीं पाए। वे 1 अप्रैल को ही नया साल मना रहे थे। उनका सेलिब्रेशन मार्च के अंतिम सप्ताह से ही शुरू हो जाता और 1 अप्रैल तक चलता था। इस कारण वे मजाक का पात्र बन गए और उन्हें अप्रैल फूल कहा जाने लगा।

दूसरा कारण

कुछ इतिहासकारों ने अप्रैल फूल डे को हिलेरिया से भी जोड़ा है। यह एक लैटिन शब्द है जिसका मतलब होता है आनंदित। हिलेरिया प्राचीन रोम में वहां के एक समुदाया द्वारा मनाया जाने वाला एक त्योहार रहा है। इसे मार्च के अंत में मनाते थे जिसमें लोग किसी दूसरे इंसान का वेश बनाकर दूसरों को बेवकूफ बनाते थे।

तीसरा कारण

अप्रैल फूल डे को वसंत विषुव से जोड़कर भी देखा जाता है। इसकी थ्योरी कुछ इस प्रकार दी गई है - ये वसंत का पहला दिन होता है (खासकर उत्तरी गोलार्ध में)। ये वो समय है जब प्रकृति अपने बदलते रूप और रंगों से लोगों को बेवकूफ बनाती है।

मैं कश्ती तू किनारा,
मैं धनुष तू तीर,
मैं मटर तू पनीर,
मैं वर्षा तू बादल,
मैं राजमा तू चावल
मैं हॉट तू कूल, मैं अप्रैल
तू.....Fool?
अप्रैल फूल बनाया
बड़ा मजा आया........

ईसाई धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक ईस्टर

***ईस्टर** यह दिन बेहद खुशी का मौका होता है। गुड फ्राइडे के बाद आने वाले संडे यानी रविवार को ईस्टर मनाया जाता है। जहां गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान व त्याग से जुड़ा दिन है तो वहीं ईस्टर ईसा मसीह के उद्धार की खुशखबरी का मौका है।*

ईस्टर के मौके पर लोग चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं। इस पर्व को धूमधाम से मनाते हुए एक दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर को खास तरीके से मनाया जाता है। इस दिन लोग अलग अलग तरह के अंडों को सजाते हैं और एक दूसरे को तोहफे में अंडे देते हैं। इस लेख के जरिये जानिए कि ईस्टर 2024 कब मनाया जा रहा है, इस पर्व को मनाने की क्या वजह या प्रचलित कथा है, साथ ही ईस्टर पर अंडे तोहफे में देने का क्या महत्व है।



ईस्टर संडे का महत्व

ईस्टर संडे को ईसाई धर्म के लोग खुशी के पर्व के रूप में मनाते हैं. ईस्टर पर्व मनाने को लेकर ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गए थे. इसी खुशी में ईसाई धर्म के लोग ईस्टर का पर्व मनाते हैं. इसलिए ईस्टर प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में भी मनाता जाता है.

कैसे पुनः जीवित हुए थे यीशु

अरिमेठिया में जोसेफ ने ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के बाद उनके शरीर को एक मखमल के कपड़े में लपेटकर पास में ही एक बगीचे में चट्टान खोदकर उनकी क्रब बनाकर दफ्ना दिया था. निकोदेमस भी 75 पाउंड का लोहबान और एक दस्तावर औषधी के साथ पहुंचा. इसके बाद यहूदी नियमानुसार इसे प्रभु यीशु के कब्र के पास रख दिया गया. साथ ही क्रब के प्रेवश द्वार पर एक बड़ा पत्थर भी रखकर इसे बंद कर दिया गया. इसके बाद सभी अपने-अपने घर लौट गए. लेकिन तीसरे दिन रविवार को मृत यीशु फिर से जीवित हो उठे थे.

40 दिनों तक मनाया जाता है ईस्टर

ईसाई धर्म के पवित्र ग्रंथ बाइबल के अनुसार, हजारों साल पहले शुक्रवार के दिन प्रभु यीशु को यरूशलम की पहाड़ियों पर क्रॉस पर चढ़ाया गया था. क्रॉस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु दोबारा जीवित हो गए थे. पुनर्जन्म के बाद यीशु 40 दिनों तक जीवित रहे और इस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम और करुणा की शिक्षा दी. फिर 40 दिनों बाद यीशु स्वर्ग चले गए. इसलिए ईस्टर के पर्व को पूरे 40 दिनों तक मनाए जाने की परंपरा है. कुछ जगहों पर इसे 50 दिनों तक भी मनाया जाता है.

ईस्टर पर अंडे का महत्व

ईस्टर संडे पर अंडे का विशेष महत्व होता है. लोग अंडे से साज-सजावट करते हैं और एक-दूसरे को तोहफे में अंडे भी देते हैं. इसके पीछे यह कारण है कि, ईसाई धर्म के लोग अंडे को नए जीवन की शुरुआत मानते हैं और ये नए जीवन का भी संदेश देता है. ईस्टर पर ईसा मसीह के जीवन की भी नई शुरुआत हुई थी।

गुड फ्राइडे के बाद ही क्यों मनाते हैं ईस्टर

दुनियाभर में ईस्टर संडे धूमधाम से मनाया जाता है। यह उत्सव ईसाई समुदाय के लोग गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद सेलिब्रेट करते हैं। मान्यता है कि प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद वह मृत्यु पर विजय प्राप्त करते हुए पुनर्जीवित हो गए थे. इस घटना को ईस्टर रविवार के रूप में मनाया जाता है।

ईस्टर रविवार न केवल यीशु के पुनरुत्थान का प्रतीक है, बल्कि यह ईसाइयों के लिए नए जीवन का प्रतीक भी है. यह पाप और मृत्यु पर विजय का प्रतीक है. यह ईसाइयों के लिए आशा और खुशी का समय है. लोगों का मानना है कि मृत्यु अंत नहीं है और जीवन में हमेशा उम्मीद होती है।

ईस्टर संडे की परंपराएं

ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे के दिन चर्च जाते हैं और प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का जश्न मनाते हैं. ईस्टर अंडे ईस्टर संडे की एक लोकप्रिय परंपरा है. ये अंडे नए जीवन का प्रतीक हैं. ईसाई समुदाय के लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर इस उत्सव को मनाते हैं.

गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे के बीच संबंध



गुड फ्राइडे यीशु के क्रॉस पर चढ़ाए जाने का स्मरणोत्सव है. यह ईसाई धर्म में एक शोक का दिन है. ईस्टर रविवार यीशु के पुनरुत्थान का प्रतीक है. यह ईसाई धर्म में एक खुशी का दिन है।

अप्रैल फूल लघुकथा

विजय मिश्रा

राजधानी का गांधी मैदान एक अप्रैल को बहुत ही खूबसूरत फूलों से सजाया हुआ था। वहां भव्य मंच भी बनाया गया था। गांव गांव से ट्रैक्टर में आम जनों को लाद लाद कर गांधी मैदान में लाया गया था, अतः भीड़ जबरदस्त हो चली थी।

दरअसल एक बड़े नेता वहां आम सभा को सम्बोधित करने आ रहे थे। गांधी मैदान ऐसे हजारों कार्यक्रम का साक्षी था, अतः शांत उदासिन भाव लिए अपलक वहां हो रहे अपव्यय को दिल पर पत्थर रखकर देख रहा था।

हमेशा की तरह निर्धारित समय से घंटों देरी से सभास्थल पर नेता जी आए और बड़े बड़े सब्जबाग भाषण में दिखकर चले गए। उनके जाते ही आम जनों के लिए लंगर खोल दिया गया। वहां जमा लोग कुत्ते बिल्ली की तरह खाने के लिए टूट पड़े।

दूसरी ओर बड़ी खूबसूरती से बनाए गए वीआईपी लाउंज में एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन माननीयों के लिए परोसे जा रहे थे। गांधी मैदान यह सब देखकर रो पड़ा और बुदबुदाया कब तक अप्रेल फूल बनती रहेगी बेचारी जनता?आमजनों के लिए तो वर्ष में केवल एक बार ही अप्रैल फूल आता है ,पर नेताओं के लिए तो वर्ष भर अप्रैल फूल रहता है।

आज का इतिहास

31 मार्च 1774 में आज ही के दिन भारत में डाक सेवा का पहला कार्यालय खुला था। 1867 में 31 मार्च के दिन ही मुंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी। 1870 में आज ही के दिन अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया था। 1889 में 31 मार्च के दिन ही फ्रांस में एफिल टावर को ऑफिशियली खोल दिया गया था। 1917 में आज ही के दिन अमेरिका ने डेनिश वेस्ट इंडीज खरीदा और उसका नाम वर्जिन आइलैंड रखा था। 1921 में 31 मार्च के दिन ही रॉयल ऑस?ट्रेलिया एयरफोर्स की स?थापना हुई थी। 1959 में आज ही के दिन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई थी। 1964 में 31 मार्च के दिन ही बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम आखिरी बार चली थी। 1966 में आज ही के दिन सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना10 लांच किया था। 1979 में 31 मार्च के दिन ही माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1997 में आज ही के दिन नया नाटो सैनिक कमांडर नियुक्त किया गया था। 2005 में 31 मार्च के दिन ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया को अनाज की आपूर्ति रोकी थी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) कौन सा आयोग ब्रिटिश भारत में अकाल से संबंधित सुझाव के लिए गठित किए गए थे?

2) जब पृथ्वी के पटल में शैल विभंग होता है और पुनः कहीं शैल पिंड भिन्न दिशाओं में गतिशील होते हैं, तो उसे क्या कहा जाता है?

3) गोल गधेड़ो और भगोरिया प्रथा किस जनजाति में प्रचलित है?

4) लोकसभा के वर्ष में कम-से-कम कितने सत्र बुलाए जाने का प्रावधान हैं?

5) किस महिला फुटबॉलर ने वर्ष 2023 का बेलन डी' ओर पुरस्कार जीता है?

उत्तरमाला- (1) स्ट्रेची आयोग, लॉयल कमीशन और मैकडोनाल्ड कमीशन (2) भ्रंश (3) भील (4) वर्ष में दो बार (5) ऐताना बोनमाटी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:30, सूर्यास्त : 06:36, चन्द्रोदयः : 16:54, चन्द्रास्तः :29:50,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : गण्ड, प्रथम करण : तैतिल (07:17 तक), द्वितीय करण : गर (20:36 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : सिंह, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:48, अमृत काल : 24:20 से 26:08, रवियोग : पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:29 से 18:52, सायाह्न सन्ध्या : 18:30 से 19:41, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:46, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:55 से 15:27, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : नन्दी पर (07:17 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा।

वृषः आज के दिन आपको विशेष सावधानी बरतने की सलाह है। स्वभाव में नरमी रख कर ही आज का दिन सामान्य रूप से बिताया जा सकता है।

मिथुनः आज का दिन लाभदायक रहने वाला है लेकिन आज आशाजनक लाभ पाने के लिये वाणी में मिठास रखने की आवश्यकता पड़ेगी।

कर्कः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। पारिवारिक वातावरण में छुट-पुट छींटा कशी लगी रहेगी फिर भी स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

सिंहः आज का दिन राहत वाला रहेगा लेकिन आज आपके स्वभाव में अचानक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

कन्याः आज का दिन पिछले दिन की अपेक्षा सुधार लाएगा। नौकरी पेशा कार्यभार बढ़ने से थकान अनुभव करेंगे। घर मे कुछ मतभेद के बाद भी शांति बनी रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है ।

वृश्चिकः आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे।

धनुः आज का दिन आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी।

मकरः आज भी मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें।

कुंभः आज के दिन आपको व्यवसाय के साथ अन्य घरेलू कार्यो को लेकर भागदौड़ करनी पड़ेगी दिन कार्य सफलता वाला है।

मीनः आज का दिन संपन्नता कारक रहेगा। मध्यान तक अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की जल्दबाजी रहेगी इसके बाद परिश्रम का फल लाभ के रूप में मिलने लगेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -011

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

सरकारी विभागों के लिए किराए पर ऑफिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा खमतराई स्टेडियम के सामने स्थित दूरदर्शन उच्च शक्ति प्रेषण केन्द्र में 2408 वर्गफीट पर निर्मित ऑफिस को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कार्यालयों या उनके संगठनों को किराए पर दिए जाने की पेशकश की गई है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कार्यालयों या संगठनों जिन्हें ऑफिस संचालन हेतु उक्त परिक्षेत्र में किराए पर भवन की आवश्यकता है, नोडल अधिकारी श्री एएन पाण्डेय, सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) मो.नं. 9770390057 एवं श्री नवीन जायसवाल, सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) मो.नं. 997712259 पर संपर्क किए जा सकते है।

रेलवे मेंस कांग्रेस के महामंत्री केएस मूर्ति का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर एवं उपाध्यक्ष एन एफ आई आर नई दिल्ली के एस मूर्ति का आज सुबह तड़के उनके निवास स्थान विशाखापट्टनम में निधन हो गया। श्री मूर्ति विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे,उनका अंतिम संस्कार कल 31 मार्च को विशाखापट्टनम में किया जाएगा। श्री मूर्ति के निधन से मज़दूर कांग्रेस ने अपना एक शीर्षस्थ नेता ही नही खोया बल्कि एक ऐसा व्यक्तित्व जो कर्मचारियों के हक़ की लड़ाई में सदैव आगे रहें।

आज हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति अंदरुनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 31 मार्च को एक- दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है । आज और कल एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने की सम्भावना है।

कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव एमएलए लहरिया से मिले

सीपत/नवप्रदेश। बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात किया द्य इस दौरान उन्होंने मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के साथ बैठकर मस्तूरी विधानसभा में जीत की चुनावी रणनीति पर चर्चा किया द्य मस्तूरी विधायक लहरिया ने देवेंद्र यादव को मस्तूरी विधानसभा से अधिक से अधिक वोटो से पार्टी को लीड दिलाने का आश्वासन दिया द्य इस अवसर पर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक दिलीप लहरिया, संतोष दुबे, ठाकुर ब्रह्मदेव सिंह चित्रकांत श्रीवास प्रमोद जायसवाल अरविन्द लहरिया पिंटू जागड़े मदन धृतलहरे गोविंदा टंडन नरेंद्र दिनकर विष्णु बंजारे शाबीर खान विकास दुबे वाहीद खान छबि बंजारे सहित मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का जोरदार स्वागत किया।

गायत्री परिवार की बैठक आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार का उपजोन स्तरीय त्रैमासिक बैठक कल 31 मार्च को है। सह समन्वयक राम कुमार श्रीवास ने बताया कि सुनियोजित रूप से संगठन के वर्तमान क्रियाकलापों से अवगत कराने के लिए विजन-2026 को लेकर छत्तीसगढ़ जोन संगठन प्रमुख आदर्श वर्मा की उपस्थिति में उप जोन स्तरीय बैठक होगी। बैठक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक महामाया परिसर, नई धर्मशाला रतनपुर में होगी। इसमें उपजोन के सभी जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक, शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ व्यवस्थापक, ट्रस्टी, कार्यकर्ता, युवा मंडल, महिला मंडल, दीया ग्रुप सहित अन्य शामिल होंगे।

बैमा में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 2 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम बैमा में धीवर समाज की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को भजन-कीर्तन करते हुए महिलाएं सिर पर कलश लेकर गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए कथा स्थल हाई स्कूल चौक पहुंची। यहां पर कलश एवं घट स्थापना के साथ पूजा-अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इसमें कथावाचक भागवत भूषण पं. दिव्य आनंद तिवारीहैं। कथा का समापन 6 अप्रैल को होगा।

इस दौरान महाम्त्य कथा- महाभारत कथा, परीक्षित जन्म- कपिलोपाख्यान एवं ध्रुव चरित- रामकृष्ण जन्मोत्सव- बाललीला, गोवर्धन पूजा, उद्धव चरित्र, रुक्मणी मंगल, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति के साथ भण्डारा (महाप्रसाद) का आयोजन होगा।

सचिन धीवर ने बताया कि 2 अप्रैल को ग्राम के तालाब में बने शिव मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। इसमें मुख्य यजमान अजय-श्यामा धीवर व बालमुकुंद-कुंतीबाई धीवर हैं।

पहली बार सुबह 8 बजे खुला हाईकोर्ट, याचिकाकर्ता को मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब सुबह आठ बजे कोर्ट खुला और सुनवाई हुई। दरअसल याचिकाकर्ता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के तहत सुनवाई के लिए याचिका दायर कर गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को सुबह आठ बजे हाई कोर्ट खुला। याचिका की सुनवाई हुई और निगम की तोड़फोड की कार्रवाई पर हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। निगम ने अवैध निर्माण बताते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिए शनिवार का दिन तय किया था। बिलासपुर में नगर निगम के बुलडोजर कार्रवाई पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। शनिवार को सुबह आठ बजे कोर्ट की कार्रवाई प्रारंभ

हुई। याचिकाकर्ता सरकंडा निवासी हरीश राठौर अपनी याचिका में कोर्ट को बताया कि नगर निगम के भवन शाखा और अतिक्रमण विभाग ने 28 मार्च को नोटिस जारी की थी। जारी नोटिस में स्वीकृत नक्शा व ड्राइंग डिजाइन के विपरीत निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाते हुए अवैध निर्माण को तोड़ने या खुद ही हटा लेने की चेतावनी दी थी। नोटिस में इस बात का भी जिक्र किया था कि स्वीकृत नक्शा के अनुसार पार्किंग के लिए उसे निर्माणाधीन क्षेत्र में तकरीबन 125 स्कावयर फीट जमीन छोड़नी थी। उसने ऐसा नहीं किया। नोटिस में यह भी कहा है कि पार्किंग स्पेस बनाने की शर्त पर ही निर्माण कार्य की अनुमति दी गई थी। तय नियमों व मापदंडों का उल्लंघन बताते हुए नोटिस तामिली के 24 घंटे के भीतर अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश दिया था। यह भी चेतावनी दी थी कि अवैध निर्माण को ना हटाने पर नगर निगम खुद ही हटाने की कार्रवाई करेगा।

डीजीपी को अवमानना नोटिस

न्यायालयीन आदेश पर हाईकोर्ट ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हे नोटिस मिलने के बाद तत्काल कोर्ट के समक्ष जवाब पेश करने को कहा है। स्थानांतरण से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने डीजीपी को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करने का निर्देश दिया था। तय अवधि में निराकरण ना होने पर याचिकाकर्ता ने डीजीपी के खिलाफ न्यायालयीन आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दायर कर दी है। राजनांदगांव निवासी श्रवण कुमार चौबे सीआइडी रायपुर में निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनके द्वारा गृह जिला-राजनांदगांव में पदस्थ किये जाने हेतु हाई कोर्ट के समक्ष रिट याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को एक अप्रैल 2006 के स्थानांतरण नीति के तहत दो महीने के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करने का निर्देश दिया था। दो महीने से अधिक की अवधि बीत जाने के बाद भी याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालयीन आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने अपने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से डीजीपी के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। अवमानना याचिका की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे के सिंगल बेंच में हुई।

सागौन लकड़ी व फर्नीचर सहित आरोपी गिरफ्तार

पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सागौन की लकड़ी के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया का रहा है की आरोपी फर्नीचर बनाकर बेचता भी था। 28 मार्च को थाना रतनपुर में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नेवसा में एक व्यक्ति जंगल से सागौन की लकड़ी चोरी कर भारी मात्रा में अपने घर में रखा हुआ है। जानकारी यह भी मिली की वह फर्नीचर बनाकर बिक्री करता है। सुचना पर थाना प्रभारी रतनपुर अजय कुमार भापुसे (प्रशिक्षु) के द्वारा टीम गठित कर

ग्राम नेवसा में लक्ष्मी सूर्यवंशी के घर दबिश देकर रेड कार्रवाई की जहाँ भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी व फर्नीचर बरामद किया। इसके बाद पुलिस की टीम ने वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस ने आरोपी और जब्त लकड़ी को उनके सुपुर्द कर दिया। विभाग ने लकड़ी का जप्ती कर व आरोपी को गिरफ्तारी की गई। कार्यवाही में (प्रशिक्षु भा.पु.से.) अजय कुमार थाना प्रभारी रतनपुर, निरी. देवेश सिंह राठौर, प्र.आर. सत्यप्रकाश यादव, बलदेव सिंह, व वन विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा।

बाल विवाह रोकने एडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बाल विवाह के रोकथाम के संबंध में एडीएम आर. ए. कुरूवंशी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ली । बैठक में रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के समय पर बाल विवाह के मामले को देखते हुये बाल विवाह की रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाया गया। सभी प्रिटिंग प्रेस संचालक, टेंट प्रदाता, शादी भवन के प्रबंधकों, कैटरर्स, बैंड वाले एवं डेकोरेटर को वर वधु के उम्र के सत्यापन उपरांत ही विवाह कार्यक्रम में अपनी सेवा प्रदान किये जाने कहा। समस्त परियोजना अधिकारी का संपर्क नंबर समस्त थानों को सूची प्रेषित किये जाने, प्रिंट मिडिया के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु समय समय पर आवश्यक सूचना/जागरूकता का प्रसारण किये जाने, कोटवारो के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु मुनादी कराने भी कहा।

सरकारी बुलडोजर चलने के बाद जीएसटी वाले भी पहुंचे

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। कल पुलिस ने नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ कबाड़ कारोबारी के अवैध कब्जे को निस्तेनाबूत कर दिया। यही नहीं अवैध कारोबार की जानकारी जीएसटी के अधिकारियों को भी दे दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर अपराध पर नकेल कसने के आदेश सभी थाना प्रभारियों को दिए थे। इसी आदेश के तहत पुलिस ने कुख्यात कबाड़ी छोटू पांडेय के कबाड़ दुकान पर निगम दस्ते को साथ लेकर कार्रवाई की। नगर निगम द्वारा कबाड़ के कारोबार को अवैध अतिक्रमण कर चलने वाले छोटू पांडे से अवैध कब्जा खाली करा कर अतिक्रमण हटाते हुए भवन को

जमीनदोज कर दिया है। छोटू पांडे की अवैध कबाड़ की गाड़ी को कुछ दिन पूर्व ही थाना कोतवाली द्वारा जप्त किया गया है जिसका आज दिनांक तक सुपुर्दनामा नहीं हो सका है। पुलिस ने अवैध कारोबार की जानकारी जीएसटी विभाग को भी भेजी है जिसमें संज्ञान लेते हुए जीएसटी विभाग ने जप्त कबाड़ को कर अपवंचन का मामला होना पाया है। जीएसटी विभाग पृथक से कार्यवाही कर रहा है जिसमें जीएसटी कर चोरी पाए जाने पर कारोबारी को भारी जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है।

एसईसीएल मुख्यालय के सेवानिवृत्तकर्मियों को भावभीनी विदाई

शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर पेंशन राशि का चेक सौंपा गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल 31 मार्च को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हॉल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में पीव्ही श्रीनिवास राव प्रबंधक, निदेशक तकनीकी संचाालन सचिवालय, मौसमी मित्रा वरिष्ठ लिपिक लोकसूचना विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। महाप्रबंधक (कार्मिक-प्रशासन/एनईई/औद्योगिक संबंध) अनूप कुमार संतोषी भी कल 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने.अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुँची है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की गयी। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहाँ के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ की कार्यसंस्कृति उत्कृष्ठ है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया।

मस्तूरी क्षेत्र के घरों में लगाए भाजपा के झंडे

पार्टी ने की विजय अभियान की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के आज झंडा दिवस कार्यक्रम में प्रत्येक घर में जाकर झंडा लगाने का कार्यक्रम किया गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक घर में जाकर झंडा लगाना था जिसमें कम से कम 100 झंडा प्रत्येक बूथ में लगना अनिवार्य था इसी के तहत आज बूथ क्रमांक 140 में बूथ के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ने झंडा लगाया प्रत्येक घर में सभी को मोदी जी का राम-राम कहा सभी ने मोदी की गारंटी को सराहा और कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। कार्यकर्ताओ ने कहा

फिर इस बार मोदी सरकार अब की बार 400 पार. प्रत्येक घर जाने पर सब ने मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय के सुशासन मैं बढ़ रहे छत्तीसगढ़ लगातार उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सभी माता बहनों ने मोदी जी और विष्णु देव साय को आशीर्वाद दिया और कहा कि अबकी बार 400 पार।

फरार सट्टा खाईवाल गिरफ्तार, जेल दाखिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के कुख्यात सट्टा खाईवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रेड करवाई के दौरान वह फरार हो गया था। पुलिस को इस खाईवाल की सरगर्मी से तलाश थी।

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। इस निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन उमेश गुप्ता (भा.पु.से) के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने टीम बनाकर थाना तारबहार क्षेत्र के सांई मंदिर के सामने श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं एटीएम चौक में सट्टा खिलाने की सूचना मिली। तारबहार पुलिस ने 8 मार्च को रेड कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 02 आरोपी -01. विजय वाधवानी उर्फ नारू पिता मुरलीधर वाधवानी उम्र 42 वर्ष निवासी भोजपुरी भवन के सामने ईमलीपारा सिविल लाईन बिलासपुर छ.ग. एवं विधि से संघर्षरत बालक को 08.03.24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। प्रकरण के मुख्य आरोपी सट्टा खाईवाला आनंद बाजरानी उर्फ उधमदास बाजरानी पिता गोरल दास बाजरानी उम्र 65 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी जरहाभाठा घटना दिनांक से फरार था। उसे 27 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। न्यायालय से जेल वारण्ट बनने पर केंद्रीय जेल बिलासपुर में निरूद्ध किया गया है। प्रकरण में आरोपियों के द्वारा रूपये पैसे की हार जीत का सट्टा, पट्टी लगाकर खेलाते पाये जाने पर आरोपियों से कुल 1480 रूपये एवं कागज में लिखा हुआ सट्टा पट्टी एवं दो पेन मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्त कर जुआ एक्ट की कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना तारबहार के थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल अग्रवाल, प्रआर. अशोक नामदेव, किशोर वानी, आरक्षक प्रफुल लाल रूपलाल चंद्रा एवं प्रदीप जायसवाल का योगदान रहा।

भारतीय रेल — मंडल के 15 स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए 17 स्टॉलों की व्यवस्था

रेलवे उपलब्ध करा रहा यात्रियों को स्थानीय उत्पाद खरीदने की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल स्थापित किए गए है। इस योजना के तहत बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, विश्रामपुर, शहडोल, बुढ़ार, सक्ती, अम्बिकापुर, अकलतरा, चाम्पा, रायगढ़, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म में स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए कुल 17 स्टालों की सुविधा रेलवे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, शहडोल, सक्ती, अम्बिकापुर, चाम्पा, रायगढ़, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनों के स्टालों का संचालन स्थानीय स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय उत्पादकों द्वारा किया जा रहा है।

इस योजना से स्थानीय लघुकार, कारीगरों, हस्तशिल्पों की आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो रही है । साथ ही स्थानीय उत्पादों को पहचान भी मिल रही है । इच्छुक व्यक्ति अथवा उत्पादक जो इस योजना के अंतर्गत अपने उत्पाद की बिक्री के लिए विश्रामपुर, अकलतरा एवं बुढ़ार रेलवे स्टेशनों के स्टॉलों का संचालन करना चाहते हैं वे संबंधित स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक के पास आवेदन कर सकते हैं।

इन्दौर–पुरी–इन्दौर हमसफर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त कोच

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 20917/20918 इन्दौर-पुरी-इन्दौर हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी3 कोच व एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 20917 इन्दौर-पुरी एक्सप्रेस में 2 अप्रैल को तथा गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इन्दौर एक्सप्रेस में 4 अप्रैल को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

न्यूज गैलरी

बाबा साहेब सेवा संस्था ने दिव्यांग अनीता को भेंट किया व्हीलचेयर

कोंडागांव/नवप्रदेश। बाबा साहेब सेवा संस्थान ने दिब्यांग अनीता मंडावी के घर गुरुवार को संध्या 7 बजे पलारी डोंगरीपारा में जाकर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांग को व्हीलचेयर भेंट किया। अनीता मंडावी जो चलने-फिरने देखने में असमर्थ है। जो प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, के माध्यम से बाबा साहेब सेवा संस्था को पता चलते ही जिला प्रशासन के सहयोग से व्हीलचेयर भेंट किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारीयों के द्वारा उनके घर में जाकर भेंट किया इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओम प्रकाश नाग, संदीप कोर्राम, अनिल कुमार भारती, रमेश, दिव्यांग

अधिकारी-कर्मचारियों के बीच रस्सा-कसी स्पर्धा मिनी स्टेडियम में कल

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मददेनजर रखते हुए जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिकोण से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत 1 अप्रैल 2024 को अंतविभागीय खेल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम बीजापुर में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे। रस्सा-कस्सी टीम के प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को 01 अप्रैल सुबह 10:00 बजे मिनी स्टेडियम में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पत्नी और नाबालिग पुत्र गिरफ्तार

■ पारिवारिक विवाद में हत्या

■ बेटियों ने जताई थी हत्या की आशंका, की थी शिकायत, जांच से खुलासा

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। कांकेर पुलिस को ग्राम रामपुर के निवासी मृतक संजय मंडावी के मामले में कांकेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम रामपुर जुनवानी में 29 फरवरी 24 की दरमियानी रात पारिवारिक विवाद के चलते मृतक का नाबालिग पुत्र अपने पिता का गला दबाकर हत्या कर दिया। हत्या के साक्ष्य छुपाने में मृतक की पत्नी ने हत्या की बात को छुपाते हुए मृतक का अंतिम संस्कार कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी।

मृतक की बेटियों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस में शिकायत की। इसके बाद न्यायिक जांच के बाद कांकेर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा कर आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

कांकेर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.ऐलेसेला के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक मनीषा रावटे ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस कार्यालय कांकेर से आवेदिका शशी कोडोपी, संध्या नेताम सत्या टेकाम के द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन जॉच हेतु प्राप्त या शिकायत की जाँच की गई। इसमें गवाहों का कथन लेख किया गया। जाँच में 28 मार्च 2024 को प्रार्थी रमेश मरकाम पिता भुखऊ राम मरकाम (41) साकिन रामपुर जुनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मृतक संजय मंडावी पिता स्व.हरिक राम (45) साकिन रामपुर को घटना 29 फरवरी के रात मृतक के पुत्र देवव्रत मंडावी पिता संजय मंडावी निवासी रामपुर थाना कांकेर के द्वारा पारिवारिक विवाद में गला दबाकर हत्या कर दी गई। संजय मंडावी की मृत्यु होने पर मृतक के नाबालिग पुत्र तथा मृतक की पत्नी रेवती बाई मंडावी ने गांव व मोहल्ले के लोगों को तथा परिवार के लोगों को घटना के संबंध में बिना जानकारी दिए 1मार्च 24 को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिए जाने की रिपोर्ट पर मौके पर देहाती मर्ग क्र. 00/2024 धारा 174 जाफौ.कायम कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी कांकेर की उपस्थिति में शव पंचनामा, प्रदर्शन पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। घटना स्थल से मृतक के जले हुए राख एवं हड्डी के अवशेष को गवाहों के समक्ष 28 मार्च 2024 को जप्त किया गया। घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया। प्रार्थी गवाहों के कथन दर्ज किया गया है, मर्ग जॉच पर से अपराध धारा 302,201,34 भादवि का अपराध का घटित पाये जाने से अपराध क. 115/2024 धारा 302,201,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान प्रार्थी व गवाहों से पूछताछ कर कथन लिया गया। बाद उक्त विधि से संघर्षरत बालक एवं आरोपिया का पता साजी कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया विधि से संघर्षरत बालक एवं आरोपिया के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से विधि से संघर्षरत बालक, रेवती मण्डावी पति संजय मण्डावी (40) वर्ष साकिनान रामपुर जुनवानी थाना कांकेर को 30 मार्च 24 को गिरफ्तार

रासेयो के छात्रों का मतदाता जागरूकता और बिटिया आग्रह टोली कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर कांकेर में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा बिटिया आग्रह टोली मतदाता जागरूकता व %स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र सैनिक द्वारा मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

साथ ही मतदाता को मतदान करने संबंधी जानकारी एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्य आर पी एस ठाकुर के मार्गदर्शन व्याख्याता हेमलाल साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी कैडेट वंदना जैन सिंनी सलाम प्रियंका उसेंडी एवं स्वयंसेवक मुकेश देव गजेंद्र राहुल हर्ष साक्षी सुरभि गरिमा योगिता एवं बहुत ही बड़ी संख्या में छात्र सैनिक व स्वयंसेवक उपस्थित थे। मतदान संबंधी नारे लगाए। जागरूक रहेगा कांकेर मतदान करेगा कांकेर जाति पर न धर्म पर मतदान करेगा कर्म पर नहीं करेंगे मतदान, होगा बहुत बड़ा नुकसान जैसे स्लोगन लिख जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

4 घंटे में 3 बार हुई मुठभेड़, 5 किलो आईईडी समेत भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। लगातार जवानों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अबूझमाड़ में जवानों का नक्सल विरोधी अभियान 48 घंटों तक चला। इस दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच 3 बार मुठभेड़ हुई। 5 किलो आईईडी समेत भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद किया गया। मुठभेड़ सोनपुर थाना क्षेत्र में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार, 27 मार्च बुधवार को देर रात कैंप मसुपर से रोबिनसन गुड़िया, पुलिस बल के उच्च अधिकारियों समेत डीआरजी और बस्तर फाईटर्स की संयुक्त टीम नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर नारायणपुर और कांकेर के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम गारपा, पांगुड़, बिनागुण्डा कोरोनार की ओर रवाना हुए थे। 29 मार्च शुक्रवार को पुलिस पार्टी सर्चिंग गस्त करते हुए ग्राम बिनागुण्डा-कोरोनार के जंगल पहाड़ में पहुंची ही थी कि, तभी पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने उन पर हमला कर दिया। सुबह 8 बजे से 12 बजे के बीच जवानों और नक्सलियों के बीच तीन बार अलग-अलग समय मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ करीबन 4 घंटों तक जारी रहा। इसके बाद नक्सली घने जंगल और पहाड़ी का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। फायरिंग रूकने के बाद पुलिस ने घटना स्थल की सर्चिंग की तो मौके पर से 5 किलो आईईडी बरामद किया।

बीमा राशि भुगतान नहीं करने पर आयोग ने माना सेवा में कमी

■ एचडीएफसी बीमा कंपनी और बंधन बैंक पर लगाया गया हर्जाना

काँकेर/नवप्रदेश। अब यह कोई राज़ की बात नहीं रह गई है कि हमारे देश की अधिकतर बीमा कंपनियां, फाइनेंस कंपनियां तथा बैंक भी ग्राहकों को उपयोगी सेवाएं देने के बजाय चूना लगाने में ही अधिक दिलचस्पी लेती हैं।

इसी प्रकार के मामले में काँकेर ज़िला उपभोक्ता आयोग ने वाजिब फैसला करते हुए एक विधवा स्त्री को इंसाफ़ दिलाया है। मामला इस प्रकार है। फरियादी श्रीमती शांति तथा उनके पति भारतराम मंडावी ने संयुक्त रूप से गृह फाइनेंस लिमिटेड शाखा काँकेर (वर्तमान नाम बंधन बैंक) से 10 लाख रुपए का होम लोन 3 फरवरी 2017 को स्वीकृत कराया था। लोन के साथ-साथ परिवादी के पति भारतराम मंडावी के नाम से एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के पास 5 लाख का बीमा भी कराया गया था। बीमा पॉलिसी क्रमांक पी पी 000110 में मृत्यु लाभ जोखिम 10 वर्षों के लिए था, जिसकी वैधता अवधि 28 जुलाई 2026 तक है लेकिन परिवादी के पति भारतराम मंडावी की मृत्यु 19 जनवरी 2019 को हो गई। तब तक 35,535/ रुपए बीमा प्रीमियम राशि उनके द्वारा जमा की जा चुकी थी।

पॉलिसी में नॉमिनी उनकी पत्नी शांति ही थी, जिसने मृत्यु दावा हेतु संपूर्ण दस्तावेज भर कर क्लेम फॉर्म बंधन बैंक कांकेर के माध्यम से एचडीएफसी बीमा कंपनी मुंबई के पास जमा किया। इस पर आज तक बीमा कंपनी द्वारा ?5,00,000/(5 लाख) भुगतान नहीं किया गया। इससे व्यथित होकर श्रीमती शांति ने उपभोक्ता आयोग काँकेर की शरण ली। दस्तावेजों के अध्ययन के पश्चात जिला कांकेर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने नीरक्षीर विवेक से फैसला करते हुए आदेश दिया कि बीमा कंपनी बीमा की संपूर्ण रकम 5 लाख मय ब्याज 7% एक माह के भीतर श्रीमती शांति को प्रदान करें तथा मानसिक पीड़ा हेतु 10,000/ एवं मुकदमे का हरजा खर्चा ?3000/ भी प्रदान करें । एक माह के भीतर भुगतान न होने पर ब्याज की राशि बढ़ाकर 9 कर दी जाएगी।

बंधन बैंक पर भी लापरवाही के लिए अर्थ दंड अधिरूपित किया गया है।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों को थमाया गया नोटिस

■ प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने जानी स्थिति

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन द्वारा घोषित अधिसूचना के अनुसार कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले में इसकी तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने शुक्रवार 29 मार्च को चारामा, भानुप्रतापपुर और पखांजूर क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों, चेक पोस्ट और प्रशिक्षण केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने मचांदूर स्थित अंतरजिला सीमावर्ती क्षेत्र चेक पोस्ट का निरीक्षण कर स्थैतिक निगरानी दल के प्रभारी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यहां पर वीडियोग्राफर के अनुपस्थित रहने पर अनुबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम मचांदूर और माहुद के मतदान केंद्रों में जाकर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

इसके अलावा भानुप्रतापपुर और पखांजूर क्षेत्र का सघन दौरा कर निर्वाचन संबंधी गतिविधियों और तैयारियों का मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह शुक्रवार सुबह 9.30 बजे चारामा के समीप बालोद जिले की सीमा से लगे ग्राम मचांदूर में बनाए गए चेक पोस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग के संबंध में जानकारी ली, साथ ही संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान चेक पोस्ट पर तैनात वीडियोग्राफर अनुपस्थित मिला। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दूसरे वीडियोग्राफर की तत्काल तैनाती करवाने के निर्देश एसडीएम चारामा राहुल रजक को दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चेकिंग के गुजरना नहीं चाहिए। साथ ही आम आदमी को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखे जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

इस दौरान वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरा सहित विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया। इसके बाद वे प्राथमिक शाला स्थित मतदान केंद्र मचांदूर, माहुद और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरगहन चारामा पहुंचकर पेयजल, बिजली, शौचालय और केंद्रों में छाया उपलब्ध कराने के संबंध में एसडीएम चारामा को आवश्यक निर्देश दिए। किसी भी राजनीतिक दल के प्रतीक चिन्ह से मिलता जुलता चित्र, चार्ट और छायाचित्र आदि को हटवाने कहा।

एक घायल चीतल की हुई मौत, नियम से वनकर्मियों ने किया अंतिम संस्कार

कांकेर/नवप्रदेश। केशकाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत घाटी की सड़कों के किनारे शनिवार 30 मार्च की सुबह वन विभाग को वन्य प्राणी एक वयस्क चीतल घायल अवस्था में मिला। जिसे वनकर्मियों ने तत्काल पशु औषधालय पहुंचाया जहां पशु चिकित्सकों द्वारा चीतल का प्राथमिक उपचार किया जा रहा था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद वनकर्मियों के द्वारा वनमण्डल कार्यालय के पीछे ही उक्त चीतल पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात वन परिक्षेत्र अधिकारी की मौजूदगी में वनकर्मियों ने उक्त चीतल का दाह संस्कार कर दिया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी एसआर ठाकुर ने बताया कि शनिवार अलसुबह दादरगढ़ चेकपोस्ट में तैनात वनकर्मियों को एक ट्रक चालक ने आकर सूचना दिया कि घाटी में सड़क के किनारे एक चीतल घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर वनकर्मियों ने तत्काल घायल चीतल को पशु औषधालय पहुंचाया जहां पशु चिकित्सकों की टीम ने चीतल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसे बचा नहीं पाए। जिसके बाद वनकर्मियों के द्वारा वनमण्डल कार्यालय के पीछे ही उक्त चीतल का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात दाह संस्कार भी करवा दिया है।

रेंजर एसआर ठाकुर ने वाहन की टक्कर से चीतल के घायल होने संभावना व्यक्त की है, चितल की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्प्ष्ट होगा। उन्होंने आम जनता से अपील भी की है कि घाट में आवागमन करते वक्त वाहनों को नियंत्रित गति से चलाएं ताकि कोई भी वन्य जीव सड़क दुर्घटना का शिकार न हो। इसके साथ ही उन्होंने जल्द ही जंगलों में छोटी छोटी टंकियां बनाकर वन्य जीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने की बात भी कही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीएम विष्णुदेव सहित 27 नेताओं...

मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ ही पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को भी शामिल किया गया है। बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अबतक 7 लिस्ट जारी कर दी हैं। सातवीं लिस्ट के साथ ही बीजेपी ने अब तक अपने 407 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने 101 सांसदों का टिकट काटा है। महाराष्ट्र में बीजेपी एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिव सेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

40 दिग्गज कांग्रेस नेताओं...

दिग्गज कांग्रेस नेताओं के नाम शामिल हैं।

नरसिंह राव-चरण सिंह समेत चार..

बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। चाहे आंध्र प्रदेश के लिए हो या केंद्र के लिए उन्होंने कई बार साहसिक कदम उठाया। जब वह प्रधानमंत्री बने उस समय स्थिति बहुत खराब थी। जब कांग्रेस पार्टी 2004 से 2014 तक सत्ता में रही तब न तो पार्टी ने और न ही गांधी परिवार ने उनके योगदानों को कभी याद किया। पीएम मोदी ने उनके योगदानों को याद रखा और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया।

सीआरपीएफ जवानों से भरी एंबुलेंस ...

का मतदान बस्तर संसदीय सीट के लिए 19 अप्रैल को होना है। इस दिन छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक बस्तर सीट पर चुनाव होना है। बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण चुनाव में अतिरिक्त जवानों को बस्तर में तैनात किया जा रहा है।

मुख्तार अंसारी के जनाजे में...

ले जाया जा रहा था तो इस दौरान मुख्तार को अंतिम विदाई देने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

केवल मुख्तार के परिवार को ही मिट्टी की अनुमति

कब्रिस्तान में हर कोई मुख्तार को मिट्टी देना चाहता था,जबकि प्रशासन की कोशिश केवल मुख्तार के परिवार जनों एवं खास रिश्तेदारों को कब्रिस्तान के अंदर जाने देने की थी। इस दौरान कुछ समर्थकों को मिट्टी देने से रोके जाने पर मुख्तार के भाई एवं सांसद अफ्जाल अंसारी की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के साथ तीखी नोंक झोंक हुई।

सिमर्पण को मजबूर..

पोत एफ्बी 'अल कंबर' को रोका और बाद में आईएनएस त्रिशूल ने दूसरी तरफ से घेरा। इसके बाद समुद्री डाकूओं ने आत्मसमर्पण करते हुए पोत का मुक्त कर दिया। सोमाली डकैतों को भारत -जहाज के अपहरण की जानकारी मिलने के बाद 12 घंटे तक चले अभियान के बाद बिना किसी तरह के रक्तपात के डकैतों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया था। भारतीय नौसेना ने इस कार्रवाई के बाद जहाज की तकनीकी जांच की और इस पर तलाशी अभियान पूरा होने के बाद जहाज को सुरक्षित स्थान के लिए रवाना कर दिया।

विपक्षी दलों के खिलाफ टैक्स टेररिज्म ..

है। पहली रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई और दूसरी रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही है। टीएमसी के नेता भी रैली में शामिल होंगे

पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग नहीं हुआ है लेकिन जयराम रमेश ने बताया कि कल की रैली में तमाम लोग पहुंचेंगे।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी...

परिषद की बैठक हुई थी। इसकी मेजबानी करने के बाद ऐशबैकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर इसरो की प्रशंसा की। इस बैठक में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी भाग लिया था।

अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग को कम नहीं आंका जा सकता ईएसए सदस्य राज्यों ने 26 और 27 मार्च को ईएसए परिषद के 323वें सत्र के लिए पेरिस में मुलाकात की।

अमर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में ...

चार भाइयों की फर्म है। जो एमपी-सीजी समेत पांच राज्यों के बड़े रोड निर्माण ठेकेदारों में गिने जाते हैं। इनका अच्छा खासा सालाना टर्न ओवर है। छत्तीसगढ़ में यह समूह एडीबी, छत्तीसगढ़ रोड डेवलपमेंट निगम, पीएम सडक़ योजना से स्वीकृत कार्य कर रहा है।

कांग्रेस के पास झंडा उठाने कार्यकर्ता नहीं : केदार कश्यप

जगदलपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप लगातार लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए बस्तर के गांवों में जनसंपर्क कर रहे हैं। शनिवार 30 मार्च को मंत्री कश्यप बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत कई गांवों में लोगों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार के विकास कार्यों की जानकारी क्षेत्र के लोगों को प्रदान की। इसके साथ ही वन मंत्री केदार कश्यप ने भानपुरी मंडल के तहत बूथ क्रमांक 240- करन्दोला, 247- चपका, 249- मुंजला, 251-देवड़ा और बूथ क्रमांक 263 सोनारपाल में देवतुल्य कार्यकर्ताओं के घरों में भाजपा का झंडा लगाया।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता घरों घर पहुँच रहे हैं। आज बूथ स्तर पर घर-घर जा कर सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा लगाया है। पूरा देश भगवामय हो गया है जबकि कांग्रेस के पास चुनाव लड़ाने के लिये नेता बहुत दूर की बात है आज झंडा उठाने के लिए उनके पास कार्यकर्ता नही है।

ज्योत्सना के समर्थन में सैकड़ों युवा कांग्रेस में शामिल

कहा-कार्यकर्ताओं से बढ़ रही हमारी ताकत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के समर्थन में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस में शामिल हुए। सांसद के कार्यों तथा कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क व संवाद से प्रभावित होकर इन्होंने कांग्रेस में प्रवेश कर निष्ठा जाहिर की है।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि मैं आप लोगों के बिना लड़ नहीं सकती,आप लोगों का बड़ा योगदान है। कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं। आप लोगों का सहयोग मिल रहा है। सांसद ने कहा कि लोग हमसे जुड़ रहे हैं और पक्ष में वातावरण बन रहा है। कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को 8333 रुपये प्रतिमाह देने का निर्णय किया गया है।

आयोजित कार्यक्रम में कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तुलसीनगर, साकेत नगर, गेरवाघाट, चिमनीभट्ठा, सुभाष ब्लॉक, रामनगर, खपराभट्ठा, बालको, रिस्दी व शारदा विहार के राकेश गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, ईश्वर बंजारे, लोकेश दास, नीलेश, प्रदीप, बिट्टू, नागेश, श्रेयश, आशीष बंजारे, कैलाश कुर्रे, निपेन्द्र टोप्पो, अंकुश शुक्ला, आकाश शर्मा, श्रीनिवास केरकेट्टा, राहुल यादव, राकेश पटेल, शिव डहरिया, राहुल सिंह, आदित्य जायसवाल, आशु, अमन, संदीप, अतुल, अंकित यादव, कुलदीप ठाकुर, संदीप सिंह, जितेन्द्र आदि सैकड़ों की संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत, महापौर राजकिशोर प्रसाद, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि हरिश परसाई, संतोष राठौर, युवा नेता कलीम सिद्दीकि आदि ने कांग्रेस का गमछा पहना कर पार्टी में प्रवेश कराया। चुनाव में प्रत्याशी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का सभी ने संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म

भिलाई। सिरसाखुर्द में नाबालिग लड़की से रेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग होलिका दहन के दिन अपनी नानी के घर पैदल जा रही थी, उस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामला जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सिरसाखुर्द की रहने वाली नाबालिग लड़की (15 वर्ष) घर के पास ही रहने वाली नानी के घर पैदल जा रही थी। रास्ते में आरोपी रोहित मरई (24 वर्ष) ने उसे रोक लिया और जबरदस्ती अपने घर ले जाकर रेप किया। घटना के बाद लड़की अपनी नानी के घर पहुंची और पूरी बात बताई। इसके बाद नाबालिग ने परिजनों के साथ जेवरा सिरसा पुलिस चौकी पहुंचकर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद से आरोपी रोहित लगातार फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने रायपुर और दुर्ग में तलाश किया। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वह अपने घर आया हुआ है, तो पुलिस ने घेराबंदी कर उसे घर दबोचा। आरोपी के खिलाफधारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। रोहित मरई को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आज भी खुला रहेगा काउंटर

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग ने आम नागरिकों की सुविधा हेतु नगर सेवाएँ विभाग ने टी ए बिल्डिंग काउंटर में दिनांक 31 मार्च, 2024 रविवार को बिल भुगतान की सुविधा अन्य दिनों की तरह जारी रहेगी। 31 मार्च को रविवार और वित्त वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण यह सुविधा प्रदान की जा रही है। इस्पात नगरी के निवासियों को संयंत्र को देय भुगतान में असुविधा का सामना न करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय कदम उठाया गया है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि इस सुविधा का लाभ उठाते हुए समय पर भुगतान जमा कर सहयोग करें।

19 वर्ष पुराना वारंटी गिरफ्तार

दुर्ग। सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 वर्ष पुराना फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। वहीं 1 स्थाई वारंट तामिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन/निर्देशन में, एवं अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा, तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री चिराग जैन (भापुसे) के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस द्वारा पुराने बेम्यादी/स्थायी/गिरफ्तारी वारंट तामिली हेतु अभियान चलाया गया था, जिसमें 19 वर्ष पुराना वारंटी हरेन्द्र सिंह नाग न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला दुर्ग के अपराध क्रमांक 350/2005 शासन में स्थाई वारंटी विरूद्ध बलराम सोनी प्रकरण कमांक 51/2010 धारा 324 भादवि के स्थायी वारंटी बलराम सोनी पिता स्व. परदेशी सोनी उम्र 62 साल निवासी चंद्रशेखर स्कूल के सामने पंचशील नगर दुर्ग थाना व जिला दुर्ग (छ.ग.) का वारंट प्राप्त हुआ था। पुलिस अधीक्षक के विशेष अभियान के तहत थाना दुर्ग पुलिस द्वारा वारंटी के दिये गये पते पर कई बार पतासाजी किया गया, किन्तु वारंटी 15 वर्ष पूर्व अपने पंचशील नगर घर को बेचकर कहीं अन्यत्र जगह चला गया है। आज दिनांक को सूचना मिला की वारंटी बघेरा में रह रहा है, सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा टीम रवाना कर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

एक कि.मी. लंबी बाइक रैली व मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागृत करने नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा के नेतृत्व में बाइक रैली शुक्रवार को निकाली गई। 300 से अधिक बाइक सवार समेत अन्य वाहन सवार ने आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप दुर्ग के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन व दुर्ग ग्रामीण के ए.आर.ओ. मुकेश रावटे विशेष रूप से उपस्थित थे। 7 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली। रैली में शामिल वाहनों में अवश्य मतदान करे का फ्लैक्स लगाया गया था। आयुक्त के नेतृत्व में निकाली गई रैली में 300 से ज्यादा बाइक, जागरूकता रथ के अलावा 100 से ज्यादा मतदाता जागरूकता नारे लिखे जन स्वास्थ्य विभाग के वाहनों को शामिल किया गया। रैली निगम मुख्य कार्यालय से निकली, और कल्याणी मंदिर,लक्ष्मी नगर, रिसाली बस्ती, श्याम नगर, आशीष नगर, प्रगति नगर होते हुए रिसाली सेक्टर समेत लगभग 13 वार्डो में भ्रमण करते वापस दशहरा मैदान रिसाली पहुंची।

रैली में जवान हुए शामिल

रैली में बी.एस.एफ और सी आई एस एफ के 50 से अधिक जवान के अलावा 100 आगनवाड़ी कार्यकर्ता, साहिका शामिल हुई। इस दौरान सभी मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखे टी शर्ट, कैप पहने थे और हाथों में नारा लिखा तख्ती लिए हुए थे।

स्वीप दुर्ग का लिखा स्लोगन

समापन अवसर पर दशहरा मैदान में रैली में शामिल लोगों ने मतदान करने का संदेश दिया। मतदान करने मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला बनाते स्वीप दुर्ग का स्लोगन लिखा। इसके बाद मतदान करने के लिए संकल्प भी लिया।

निर्भीक मतदान के लिए दिलाई शपथ : मोनिका

मोनिका वर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम स्वीप रिसाली के तहत दुर्ग लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागृत करने जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे है। शुक्रवार को दो घंटा से ज्यादा समय तक बाइक से वार्ड भ्रमण किया गया। अंत में निर्भीक मतदान के लिए शपथ और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

प्लेट मिल ने स्थापना दिवस पर रचा नया कीर्तिमान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रथम प्लेट रोलिंग करने के पश्चात् राष्ट्र को समर्पित भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने नित नई उचाईयों को प्राप्त करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किया हैं। 29 मार्च 2024 को प्लेट मिल ने प्रथम पाली के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रतिबद्धता व सहयोगी विभाग आरसीएल, पीपीसी, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के सहयोग से एक ही पाली में 435 स्लेब की रिकॉर्ड रोलिंग करके, 23 अक्टूबर 2023 को 422 स्लेब की रोलिंग के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। साथ ही प्रथम पाली में 2630 टन की रिकॉर्ड रोलिंग टनेज कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पूर्व 21 अक्टूबर 2014 में 2623 टन रोलिंग टनेज का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने प्लेट मिल पहुँचकर, प्लेट मिल बिरादरी को स्थापना दिवस एवं एक ही पाली में रिकॉर्ड रोलिंग के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्लेट मिल के स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन, मिल के प्रवेश द्वार के सम्मुख हुआ, जहाँ प्लेट मिल द्वारा निर्मित प्रथम प्लेट रखी हुई है। इस अवसर पर, श्री अंजनी कुमार ने इसी प्रथम प्लेट के समक्ष केक काट कर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि इस तरह के नये कीर्तिमान बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जिसमें सुरक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता सर्वोपरि हो। मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे ने कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के दिशा-निर्देशों व सहयोग के लिये, प्लेट मिल बिरादरी के साथ-साथ सभी सहयोगी विभागों को धन्यवाद दिया। जिनके कारण प्रथम पाली में 435 स्लेब व 2630 टन रोलिंग सम्भव हो सकी। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दास गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) पीके सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एण्ड यू) असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) तुषार कान्त, मुख्य महाप्रबंधक (आईडी) सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (एसआरएम) तन्मय सेन, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेफी चेयरमेन नरेन्द्र बंछोर, सचिव परमिन्दर सिंग व यूनियन प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह सहित प्लेट मिल के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मर्चेंट मिल ने एंगल उत्पादन में स्थापित किया नया कीर्तिमान

संयंत्र की मर्चेंट मिल ने 28 मार्च 2024 को 75 ग 75 ग 6 मिमी आयाम और प्रोफाइल में 2,005 टन एंगल को रोल करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो 4 फरवरी 2024 को इसी प्रोफाइल में उत्पादित 1,910 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ से अधिक है। विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए विभिन्न आयामों में एंगल, और चैनल सहित उत्पादों की लाइट स्ट्रक्चरल रेंज तैयार करने के अतिरिक्त, मर्चेंट मिल टीएमटी बार के हाई कोरोजन रजिस्टेंस एचसीआरएम ग्रेड, टीएमटी बार में 550 डी ग्रेड, टीएमटी (एसईक्यूआर-550 डी) और टीएमटी (एर्थ-500डी) सहित कई स्पेशल वैल्यू एडेड स्टील ग्रेड की भी रोलिंग करता है।

दुर्ग सहित छग की 11 सीटों पर जीतेगी कांग्रेस: वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा है कि पिछले 10 साल के एनडीए सरकार के कार्यकाल में देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ी है। महंगाई के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम बेतहाशा बढ़े हैं। चावल-दाल, तेल, शक्कर से लेकर हर खाद्यान्न सामग्री के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। बेतहाशा महंगाई का जवाब अब आम जनता लोकसभा चुनाव में देगी। केंद्र की एनडीए सरकार को देश के मतदाता जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। वोरा ने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियों के कारण देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। रेल सेवाएं ठप पड़ी है। किसान परेशान है क्योंकि कृषि के लिए रसायनिक खाद, उपकरण आदि के दाम कई गुना बढ़ दिये गए हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन 10 साल में किसान बदहाली के कगार पर खड़े हैं। मोदी सरकार के कारण देश में बदहाली बढ़ी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। देशवासी अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं। पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा करते हुए उन्होंने एकता और सद्भावना का संदेश दिया। आम जनता भाजपा सरकार का वास्तविक चेहरा अच्छी तरह देख-समझ चुकी है। लोकसभा चुनाव में इसका असर देखने मिलेगा। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को मतदाता विजयी बनाएंगे।

मतदाताओं को जागरूक करने बाइक और चारपहिया रैली निकाली

कलेक्टर, एसपी, सीआरपीएफ, जिला बल के अधिकारी-कर्मचारियों शामिल हुए

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र बस्तर का मतदान 19 अप्रैल को निर्धारित है। जिले के सभी मतदाताओं लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय की अगुवाई में शनिवार 30 मार्च को वृहद रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की रैली निकालकर जिले के मतदाताओं को जागरूक किया। जिसमें सीआरपीएफ के जवानों, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने बाईक रैली, शासकीय एवं निजी चार पहिया वाहनों की रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करते हुए मताधिकार का महत्व बताया रैली कलेक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर नया बस स्टैण्ड होते हुए नया जीएडी कालोनी से लोहा डोंगरी पहुंचे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ:- लोहाडोंगरी में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवान एवं उपस्थित जनसमुदाय को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकतंत्र पर अपनी पूर्ण आस्था रखने, देश की लोकतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुऐ बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और बिना किसी डर भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिले में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की।मतदान के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था: पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि बीजापुर जिले की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान एवं निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी की जाएगी।

नाबालिग को लेकर भागा युवक पकड़ाया

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रेलवे सुरक्षा बल ने नाबालिग को भगाकर ले जा रहे युवक को ट्रेन से पकड़ा है। युवक दरभंगा का रहने वाला है और नाबालिग को बहला-फुसलाकर मुंबई से लेकर भाग रहा था। आरपीएफ ने आरोपी के संबंध में मुंबई पुलिस को सूचना दे दी है। वहीं नाबालिग को सुरक्षा की दृष्टि से चाइल्ड लाइन के पास रखवाया है। जानकारी के मुताबिक, 15 वर्षीय किशोरी मुंबई में अपने मामा के घर रहती है। इसी दौरान उसे विक्की पासवान (19 साल) ने मोबाइल पर अपनी बातों में फंसाकर मुंबई पहुंचा, जहां से उसे लेकर ट्रेन से भाग रहा था। नाबालिग और युवक दोनों ही दरभंगा के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे और दोनों की फोन पर बातें भी होती थी। इसी बीच आरोपी का लोकेशन खंगाल रही मुंबई पुलिस को खबर लगी कि आरोपी अपने साथ नाबालिग को ट्रेन नंबर 12151 समरसता एक्सप्रेस से ले जा रहा है। मुंबई पुलिस ने दुर्ग आरपीएफ से संपर्क किया और मामले की पूरी जानकारी दी। तब उसी ट्रेन में सर्चिंग कर रहे एएसआई सुंदर रनगिरे और उनकी टीम को सूचना मिली, उस वक्त ट्रेन राजनांदगांव पार कर चुकी थी। आरपीएफप्रभारी एसके सिन्हा ने बताया कि गुरुवार को आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में काफी देर तक खोजबीन की। जिसके बाद स्लीपर कोच से नाबालिग के साथ युवक को पकड़ा गया। आरोपी से दुर्ग स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट लाकर पूछताछ की गई। फिर मुंबई पुलिस और चाइल्ड लाइन को सूचना दी गई।

निगम ने सम्पत्ति कर की राशि जमा करने खोले अतिरिक्त काउंटर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम ने नागरिको की सुविधा के लिए सम्पत्तिकर, भुभाटक एवं करो के भुगतान के लिए अवकाश के दिनो में भी टैक्स काउंटर को खुला रखा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम मुख्यालय सुपेला में सम्पत्तिकर, भुभाटक, जल कर, दुकान किराया की राशि जमा करने के लिए अलग से काउंटर स्थापित किया है। जहाँ नागरिक अपने भवनो के सम्पत्तिकर राशि का गणना करवा कर माँग अनुसार राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है उसी प्रकार सभी जोन कार्यालय नेहरूनगर, वैशालीनगर, मदर टेरेसा नगर,शिवाजीनगर खुर्सीपार में भी टैक्स जमा करने हेतु काउंटर खुले है। निगम के देय करो के भुगतान के आनलाइन सुविधा भी नागरिको के लिए प्रारंभ किया गया । वेबसाईट के माध्यम से नागरिक घर बैठे निगम के करो का भुगतान कर सकते है। ज्ञात हो कि 31 मार्च के बाद सम्पत्तिकर पर 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रूपये शास्ति शुल्क की राशि अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निगम प्रशासन ने भिलाई निगम क्षेत्र के भवन मालिको से अपील किया है कि सम्पत्तिकर राशि का भुगतान 1 अप्रैल से पूर्व कर लगने वाले अधिभार तथा शास्ति शुल्क की राशि के भुगतान से बच सकते है।

कोरबा लोकसभा में खिलेगा कमल : उद्योग मंत्री

कोरबा मंडल के तीन वार्डों में उद्योग मंत्री ने ली नुक्कड़ सभा

कोरबा/नवप्रदेश। मोदी है तो पूरे देश में प्रगति है और सरोज है तो कोरबा से विकास रोज है, उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 5 सिंधी मोहल्ले में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही।

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन का धुआंधार प्रचार लगातार वार्डों में चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा मंडल के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा ली।

उन्होंने कहा कि मोदी की दूरगामी सोच का ही नतीजा है की आज कोरबा जिले से जुड़ने वाली हर सड़क फोरलेन और सिक्सलेन बन चुकी है, कुछ सड़कों में तेजी से काम चल रहा है। कोरबा से चांपा के बीच 990 करोड़ की लागत से हाईवे मूर्तरूप ले रहा है, उरगा से बिलासपुर के बीच भी फोरलेन सड़क का काम अंतिम चरण पर है। सरोज दीदी के सांसद बन जाने के बाद जितनी भी अधोसंरचना के काम रुके हुए हैं वह तेजी से हो सकेंगे। मंत्री श्री देवांगन ने कहा मोदी जी हैं तो देश में प्रगति है और सरोज दीदी के आने के बाद कोरबा लोकसभा में विकास की रफ्तार रोज बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा भारती शराफ,युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद धनश्री साहू, पार्षद उर्वशी राठौर, पार्षद सुफल दास, पूर्व पार्षद संजू देवी राजपूत, राधे यादव, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा प्रीति स्वर्णकार समेत अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

महंत परिवार की नीति और नीयत से कोरबा पिछड़ा, अब सरोज दीदी के विजन की बारी

कांग्रेस और मौजूदा सांसद पर तंज कसते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कोरबा लोकसभा की जनता महंत परिवार की नीति और नीयत अच्छे से देख भी ली और समझ भी चुकी है, आज कोरबा 10 साल पीछे जा चुका है। अब सरोज दीदी के विजन की बारी है। चाहे वह रोजगार की बात हो, चाहे विकास की, या रेल सुविधाओं की। कोरबा की जनता ये जानती है की हमारी आवाज कभी भी लोकसभा सदन में मुखर होकर कभी नहीं उठी।

नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छग की शानदार शुरुआत, जीत के साथ आगाज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार शुरुआत की है। प्रतियोगिता के पहले ही मैच में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर से लेकर महिला व सीनियर टीम ने अपने पहले मुकाबले जीत लिए हैं। इस जीत के साथ ही छत्तीसगढ़ की टीमों ने प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया है। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चव्हाण बताया कि भारतीय साइकल पोलो महासंघ द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में 44वी सीनियर पुरुष, 42वी जूनियर बालक, 38वी सब जूनियर बालक तथा 24वी सीनियर महिला चैंपियनशिप का आयोजन 28 से 30 मार्च किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ की प्रत्येक वर्ग ने शानदार शुरुआत की हैं। आयोजन के पहले दिन ही पहला मैच सीनियर पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ व जम्मू कश्मीर में मध्य खेला गया। यह मैच छत्तीसगढ़ की टीम ने 0 के मुकाबले 9 गोल कर आसान जीत हासिल की। इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ व केरल हाई कोर्ट के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में छत्तीसगढ़ के जूनियर बालकों ने 5-0 से जीत दर्ज की। जूनियर बालकों का दूसरा मैच केरल के साथ हुआ। इस मैच में भी छत्तीसगढ़ के बालकों ने शानदार खेल दिखाते हुए 11-0 से जीत हासिल की। इसी कड़ी में सीनियर महिला टीम ने भी अपना पहला आसानी से जीत लिया। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ और केरल हाई कोर्ट के बीच मैच हुआ। इस मैच में छत्तीसगढ़ ने 6-1 जीत दर्ज की। इसी प्रकार सब जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने केरल हाई कोर्ट टीम को 4-0 से हराया।

कुरूद में बोल बम सेवा समिति ने किया अज्ञात शिशु का अंतिम संस्कार

नगरी/नवप्रदेश। बोल बम सेवा समिति कुरूद द्वारा ग्राम कर्णौद तालाब किनारे मिले «अज्ञात शिशु शव» को कुरूद के हिंदू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया।। अज्ञात शिशु को समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बोल बम सेवा समिति का यह 69 वाँ लावारिस शव है। जिसका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, सह कोषाध्यक्ष भारत साहू, बोल बम सेवा समिति के सदस्यों खेमराज सिन्हा, मनोज चन्द्राकर, कृष्णा ढीमर, मनबोधी राम, रवि यादव, राजू यादव, पुलिस टीम के प्रधान आरक्षक राजेश चन्द्राकर, आरक्षक संतोष ध्रुव, भानु चन्द्राकर अध्यक्ष बोल बम सेवा समिति कुरूद मौजूद थे।

विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के नोडल अधिकारी श्रीमती रीता यादव ने आज विकासखंड मैनपुर के ग्राम गुहमेटा में चुनाव का पर्व-देश का गर्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। साथ ही समाज के सभी सदस्यों को निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान महिला स्व सहायता समूह के दीदियों एवं ग्रामीणजनों ने मतदाता जागरूकता संकल्प गरियाबंद का आकर्षक रंगोली तैयार कर मानव श्रृंखला निर्माण किया। साथ ही मतदाता जागरूकता के बैनर, पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में अपना योगदान देने की शपथ दिलाई। लोगों ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवं समुदाय से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

न्यूज गैलरी

पुलिस अधीक्षक ने ली अधिकारियों और रीडरों की अपराध समीक्षा बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। `पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने आज शुक्रवार 29 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित रीडर की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने, धारा 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, लंबित समंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने, अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी/सूत्रों को बनाये रखने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करने, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंटो की तामीली शत प्रतिशत करने, स्थाई वारंटों की तामिली शीघ्र करने, महिला एवं बच्चो संबंधी अपराधों का निराकरण करने, वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दी गई विवेचना संबंधी बारिकियों पर विशेष रूप से ध्यान देने कहा तथा कार्यवाही में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नही बरतने तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

बिना रिलीव हुए चले गए तहसीलदार अटके राजस्व के अनेक काम

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिला मुख्यालय मे तबादले के बाद तैनात किए गए तहसीलदार के बिना रिलीव ही वापस जाने से राजस्व विभाग के काम अटक गए है । आचार संहिता जारी होने के पहले ही खैरागढ़ मे पदस्थ रही तहसीलदार प्रीति लारोकर को जशपूर और भानुप्रतापपूर से आए सुरेन्द्र उर्वशा को खैरागढ़ तहसीलदार पदस्थ किया गया था । उगा न्यायालय मे कई तहसीलदार, नायब तहसीलदारो द्वारा याचिका लगाए जाने के बाद न्यायालय ने प्रदेश मे तहसीलदारो और नायब तहसीलदारो के तबादले निरस्त करने के आदेश दिए थे । आदेश जारी होने के बाद खैरागढ़ मे पदस्थ रही प्रीति लारोकर वापस खैरागढ़ मे अपना प्रभार ले लिया । लेकिन यहां जिला मुख्यालय मे पदस्थ किए गए तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वशा %वाइंन करने के बाद भी बिना जिला प्रशासन और राजस्व अधिकारियो को जानकारी दिए बिना ही अपने पूर्व पदस्थापना स्थल के लिए रवाना हो गए । जिला प्रशासन को जब इसकी जानकारी हूई तो नाराज कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शासन को तहसीलदार उर्वशा पर उपयुक्त कार्यवाही के लिए पत्र लिखा तो दुसरी ओर बस्तर कमिश्नर को भी पत्र लिखकर कार्यवाही करने कहा है ।

देवकर पुलिस ने सटोरिये से 1210 रुपए एवं सट्टा-पट्टी जप्त की

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर स्टाफ को 29 मार्च को मुखबिर से सुचना मिला कि शिवकुमार लहरे नामक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड फल दुकान के पीछे देवकर में अवैध रूप से लोगो को आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख कर जुआ खिलवा रहा हैं की सुचना पर पुलिस चौकी देवकर स्टाफ पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया।

गौ माता और व्यापारी का अद्भुत प्रेम प्रतिदिन दुकान पहुंच बैठती है गल्ले में

यह गाय किसकी है और कहां से आती है इसका किसी को पता नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गाय और दुकान मालिक की अद्भुत प्रेम कहानी सामने आई है जिसे सुनकर और गाय की प्रतिक्रिया देखकर हर कोई हैरान हो जाते हैं। गौमाता दुकान में इस तरह पहुंचती है जैसे कि वह वहां सभी को वर्षों से जानती हो।

व्यवसायी के साथ गाय की ऐसी प्रतिक्रिया देखकर लोग जहां सराहना करने से नहीं चुक रहे हैं, वहीं हर कोई अपनी आंखों से एक पशु और मानव के इस प्रेम के रिश्ते को देखना चाहता है। अपने मोबाइल में कैद करना चाहता है।

यह मामला है रायपुर के गोल बाजार स्थित चिकनी मंदिर के पास मिश्रीलाल लाभचन्द की दुकान का। जहां एक गाय प्रतिदिन निर्धारित समय पर दुकान में पहुंच जाती है। खाद्य सामग्री के इस शोरूम के अंदर चली जाती है। इस दौरान वह एक घंटे तक गद्दी पर बैठी रहती है। इस दौरान दुकान मालिक लाभचन्द गाय को बड़े प्यार से दुलारते रहते हैं। गौमाता को खाने-पीने की चीजें देते रहते हैं।

गौमाता और दुकान मालिक के प्रेम को देखकर लोग प्राचीन काल के समय के भगवान कृष्ण और गायों के बीच प्रेम पर चर्चा करते रहते हैं।

जब तक कपड़ा नहीं रखा जाता तब तक गाय खड़ी रहती है

आगे उन्होंने बताया कि गाय कुछ समय पहले दुकान के बाहर खड़ी रहती थी। बाद में अंदर आने लगी। कुछ समय आराम कर दुकान से चली जाती है। गादिया ने बताया इस गाय की खासियत ये है कि जब तक दुकान का मालिक बैठने के लिए कपड़ा नहीं रखते तब तक वह नहीं बैठती। कपड़ा बिछाते ही उसी में जाकर बैठती है। बता दें कि ऐसा ही मामला कुछ समय पहले कपड़ा मार्केट में देखने को मिला था।

लाभचन्द ने बताया कि आखिर गाय कब उनकी दुकान पर आई और कैसे इस तरह से उनके प्रति अपना प्रेम बरसाने लगी, पता नहीं।मिश्रीलाल लाभचन्द के मलिक सालीभद्र गादिया ने बताया कि गाय हमारी दुकान में 2 महीने से प्रतिदिन 2 से 4 बजे के बीच पहुंच जाती हैं। यह गाय किसकी है और कहां से आ रही है इसका हमें पता नहीं है, पर दुकान में वह आ रही है यह हमारे लिए लक्ष्मी का स्वरूप है।

केंवट, धीवर समाज के होली मिलन में शामिल हुए सांसद, विधायक

कहा प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक नैया पार लगाना है केंद्र में फिर सरकार बनाना है

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के बेरला नगर में केंवट, धीवर समाज के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात भगवान श्रीराम चंद्र के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुरुवात किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ सभी अतिथियों का पुष्प हार पहनाकर एवं बुके भेटकर स्वागत किया गया। वही निषाद समाज द्वारा समस्त अतिथियों का भगवान श्रीराम चंद्र की काष्ट से बनी कलाकृति भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हें नन्हें बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के गाने पर मनमोहन नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे अतिथियों द्वारा उत्साह वर्धन करते हुए राशि भेटकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद पारकर द्वारा लिखित केंवट कुंदरा पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों के हाथों किया गया। तत्पश्चात रंगी बिरंगी फूलो की पुष्प वर्षा कर एक दूसरे पर पुष्प बरसाकर होली मनाया और एक दूसरे को रंगों की महापर्व होली की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का आनंद लेते हुए फाग गीत और नागाड़े की धुन में कार्यक्रम में उपस्थित लोग जमकर थिरकते नजर आये। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम मे उपस्थित सभी निषाद समाज के पदाधिकारी कार्यकर्त्तागण एवं गणमान्य नागरिकों को गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किए। तत्पशचात विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाई चारे और प्रेम का सन्देश देता हैं। इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले शिकवे भूलकर गले लगते हैं। श्री साहू ने कहा कि रंगों की इस महापर्व को हम सबको मिलजुलकर एक साथ मानना चाहिए। वही विधायक साहू ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए कहा कि जहाँ भगवान श्रीराम का नाम आता है वहां निषाद राज का नाम आता हैं। भगवान श्रीराम चंद्र जब सरयू नदी पार करना था तो गुहा निषाद राज ही भगवान श्रीराम चंद्र को नैया पार करवाया था। निषाद समाज जैसे भगवान श्रीराम चंद्र के नैय्या पार करवाया वैसे ही मुझे विधानसभा चुनाव मे नैय्या पर करवाने वाला निषाद समाज के लोग हैं, तो मै उन सबका बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं, अब इसी प्रकार आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव मे हमारे प्रधानमंत्री मोदी को उनके राजनितिक नैया को पार लगाकर एक बार फिर केंद्र में मोदी की सरकार बनाना हैं।विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब मजदूर किसान युवाओं बेरोजगार महिलाओं के लिए सब कुछ किया हैं। सबके लिए अनेकों प्रकार के योजनाए संचालित किया जा रहा हैं, जिससे सबका साथ सबका विकास की ओर हमारा देश अग्रसर हो, लेकिन अब हमारी बारी है हमें भी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 11 से 11 लोकसभा सीट मे सभी प्रत्यासियो को विजय बनाकर एक बार फिर 400 लोकसभा सीट संकल्प के साथ केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना हैं।

तस्करों को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथों शराब सहित पकड़ा ,हजारों रुपए नगदी जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव 29.मार्ट को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखा जा रहा था।

इसी क्रम मे दिनांक 29.03.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर टीम गठित कर घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , जिसमे दो अलग अलग मामलों मे सफलता मिली, जिसमे अपराध धारा- 34(1) (ख) आबकारी के तहत आरोपी 1. आकाश निर्मलकर पिता कृष्णा निर्मलकर उम्र 32 साल पता तुमडीबोड कॉपी तुमड़ीबोड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0 से बिजली ऑफिस के पीछे ग्राम अर्जुनी,थाना डोंगरगांव , के पास 20 अंग्रेजी प्रीमियम व्हिस्की जिसमें आइकॉन लिखा हुआ कीमती 2400/? एवम बिक्री रकम ? 250 एवं आरोपी लिकेश्वर वर्मा पिता मन्नू लाल वर्मा उम्र 24 साल ग्राम नाथू नवागांव आप डुमरी रोड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव से ग्राम केसला आम झाड़ के नीचे थाना डोंगरगांव के पास से 18 देशी प्लेन शराब सीलबंद कीमती 1440/-रूपये एवं बिक्री रकम 250/रूपये दोनो के पास से कुल 38 पौवा अंग्रेजी प्रीमियम व्हिस्की जिसमें आइकॉन लिखा एवम् देशी प्लेन शराब छ0ग0 निर्मित कीमती रकम 3840/-रू0 एवं बिक्री रकम 500/- रूपये कुल 4340/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया जाकर गिर0 किया जाकर अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

पालिका अधिकारियों ने मतदान केन्द्र स्थलों का किया निरीक्षण, तैयारी रखने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दौरान खैरागढ़ शहर के मतदान केन्द्रों की तैयारी देखने पहुँचे नगरपालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला सहित पालिका प्रशासन ने शहर के विभिन्न वार्डो में बनने वाले मतदान केन्द्रों का जायजा लिया । टीम मे पालिका इंजीनियर दीपाली तंबोली, उप राजस्व निरीक्षक मनोज शुक्ला, स्व%छता प्रभारी टोडर सिंह सहित अन्य कर्मी शामिल रहे । इस दौरान पालिका टीम ने शहर के पिपरिया, सिविललाइन, बख्शी स्कूल, कन्या शाला, प्राथमिक शाला एक, धरमपूरा, अमलीपारा सोनेसरार और दाउचौरा वार्ड मे बनने वाले मतदान केन्द्रों मे प्रारंभिक व्यवस्था देखी । सीएमओ शुक्ला ने इस दौरान शहर के 19 मतदान केन्द्रों मे बिजली , पानी, सफाई, शौचालय की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश देते मतदान केन्द्रों मे मतदान पूर्व सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए । मतदान केन्द्र मुख्यत स्कूल शाला भवन मे ही बनाए जाते रहे है । स्कूलों मे मतदान से पूर्व सारी व्यवस्था के साथ मतदान दलो के रूकने की व्यवस्था बनाने, मतदान के दौरान जरूरत पड़ने वाले फर्नीचर, कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए है । विधानसभा चुनाव की तर्ज पर शहर के मतदान केन्द्रों मे लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान भी आदर्श मतदान केन्द्र, महिला कर्मियों द्वारा संचालित होने वाले मतदान केन्द्र और दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र भी स्थापित किए।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अधिसूचना का प्रकाशन होने के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए राजनांदगांव के जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला तथा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने लोकसभा निर्वाचन के समय सारणी के बारे में विस्तारी से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए राजनांदगांव जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला होगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए गुरूवार 28 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना का प्रकाशन किया गया। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना कृषि उपज मंडी समिति तालपुर में मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन कार्य संपन्न होगा।

कलेक्टर महोबे ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 2 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में नाम निर्देशन कक्ष की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक एवं निर्वाचन अभिकर्ता सभी मिलाकर अधिकतम 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। अमृत द्वार से प्रवेश कर कलेक्टोरेट के मुख्य प्रवेश द्वार से होते हुए न्यायालय कलेक्टर कक्ष कमांक-2 में पहुंच सकेंगे। 100 मीटर के दायरे तक अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता के कुल तीन वाहनों को ही आने की अनुमति होगी। वाहनों के उपयोग हेतु पूर्व से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर महोबे ने बताया कि निर्वाचन लडने् वाले सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 25000 रूपए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 12500 रूपए निर्धारित है।

वाहनों की जांच में तेजी, संदिग्ध वाहनों के साथ लोगों की ली गई तलाशी

राजनांदगांव/नवप्रदेश।आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने हेतु बार्डर पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस टीमें महाराष्ट्र से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग कर रही हैं।

बागनदी बार्डर तथा जिले के सरहदी गांवों में जिला पुलिस बल एवं एसएसटी बलों के साथ टीमें तैनात की गई है। प्रदेश में आने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर नजर बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखते हुये सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानू व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तहत थाना बागनदी, डोंगरगढ़, चौकी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 28 मार्च 2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के कुल 144 प्रकरण में 44400 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन कराएं।

भाजपा जनजाति भाइयों का विकास चाहती है: संतोष

राजनांदगांव/नवप्रदेश।क्रमांक-1भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय इन दिनों संसदीय क्षेत्र के आदिवासी अंचलों का व्यापक दौरा कर रहें हैं। उन्होंने मानपुर-मोहला जिले के ग्रामीण अंचलों का प्रवास करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, हम केवल क्षेत्र का भौतिक विकास ही नहीं वरन आदिवासी भाइयों के सर्वांगीण विकास के पक्षधर हैं, तभी तो देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला बहन को सुशोभित हैं, जिससे समूचा आदिवासी समाज गौरान्वित हैं, इतना ही नहीं बल्कि आदिवासी बहुल राज्य छतीसगढ़ का नेतृत्व भी एक लोकप्रिय आदिवासी नेता को सौंपा गया, ये दोनों बड़ी घटनाए आदिवासी समाज के प्रति भाजपा के दृष्टिकोण को दर्शाता हैं।

इस दौरान अनेक जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल व जमीन में आदिवासी समाज के प्राकृतिक अधिकार सदैव भाजपा के नेतृत्व में सुरक्षित रहने वालें हैं, उन्हें उनके अधिकार से कोई भी जुदा नहीं कर सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री की जनहितकारी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा की जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक को पीने का शुद्ध जल उपलब्ध करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा हैं। इस योजना के तहत गाँव-गाँव से लेकर शहरों तक प्रत्येक घरों में पीने के पानी के लिए नल लगाएं जा रहे हैं, आदिवासी क्षेत्रों के अनेक ग्रामों को इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष मिलना प्रारंभ हो गया है, शेष बचें गांवों को भी इस योजना से जोड़ने का काम प्रारंभ हो चुका है, आदिवासी क्षेत्रों में मोदी जी की सोच से ही मुक्त राशन वितरण का कार्य चल रहा हैं, यह योजना अगले पाँच वर्षों तक चलने वाली हैं।

500 नागरिकों ने रक्षासूत्र बांध कर शत प्रतिशत मतदान करने किया प्रेरित

कवर्धा/नवप्रदेश।लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन, स्लोगन आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेंकेडरी स्कूल से बाईक रैली निकालकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। रैली में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित शिक्षक शमिल हुए। रैली के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और मजबूत लोकतंत्र में सहभागी बनने की अपील की गई।

सहायक संचालक श्री एमके गुप्ता रैली में शामिल लोगों को देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु 26 अप्रैल 2024 को अपना मतदान अवश्य करने के साथ ही अपने माता-पिता, अभिभावक, ईष्ट मित्रों एवं आस-पास के पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रैली के माध्यम से मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई।

चुनावी रण राजनांदगांव लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा से वर्तमान सांसद संतोष पांडे के बीच सीधा मुकाबला

मोदी की गारंटी या भूपेश का भरोसा, जनता किस पर करेगी एतबार

रमेश निवल बाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश की सबसे हाई प्रोफाइल सीट के रूप में राजनांदगांव लोकसभा 2024 के चुनाव के चिन्हांकित हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान सांसद को उम्मीदवार घोषित कर उन अटकलें को विराम दे दिया है, जिसमें कोई भी ऐसा नया चेहरा होगा जिसकी कल्पना बीजेपी के स्थानीय नेताओं को ज्यादा नजर आ रहा था। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लोकसभा राजनांदगांव के रूप में वर्तमान सांसद संतोष पांडे पर अपनी मुहर लगा दी है और भारतीय जनता पार्टी के इच्छुक दावेदारों के मंसूबे पर विराम लगा दिया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो वर्तमान में पाटन से विधायक है को राजनांदगांव लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के संतोष पांडे एवं कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जैसे ही प्रत्याशी घोषित हुए, दोनों ही प्रत्याशियों ने ग्रामीण क्षेत्र की राह सबसे पहले पकड़ी, क्योंकि एक तरफ जहां लोकसभा के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा कमजोर प्रतीत होती आ रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत है। नामांकन के पूर्व दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों ने ग्रामीणों का दौरा कर बैठक बातचीत का सिलसिला एवं लोगों की समस्याओं को सुनने का दौर शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रीगण भी नामांकन के पूर्व लंबी-लंबी बैठक कर रहे हैं। लंबे अरसे से यह सीट हाई प्रोफाइल के रूप में जानी जाती रही है, चाहे दिवंगत कांग्रेस के नेता मोती लाल वोरा मुख्यमंत्री की पहचान रखते हुए कांग्रेस पार्टी के धाकड़ नेता के रूप में राजनांदगांव के लोकसभा सीट से चुनाव जरूर लड़ा था, उस वक्त भारतीय जनता पार्टी के डॉ. रमन सिंह ने मोतीलाल वोरा को हराकर अपने राजनीति का जो सितारा बुलंदी पर पहुंचाया, उसके बाद उन्होंने राजनीति के वह सारे मुकाम हासिल किए, जिसे पाने के जद्दोजहद मे सदियों बीत जाती हैं। कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा के लिए जिन उम्मीदवारों के चेहरे सामने लाया है, निश्चित रूप से आने वाला चुनाव बेहद ही रोचक होगा। राजनांदगांव लोकसभा हमेशा ही सुर्खियों में रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है।

न्यूज गैलरी

पांचवी बार भी मिलेगा जनता का आशीर्वाद-कमलेश

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चांपा लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने ग्राम कुथुर पहुंची। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की जनता पांचवी बार भी भाजपा के कमल निशान पर बटन दबाकर अपना आशीर्वाद देगी उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत छग की सभी महिलाओ के खाते मे सीधे महिने की पहली तारीख को एक हजार रू सीधे खाते मे आ जायेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे 400 सीटे जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाएगी। कार्यक्रम मे नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत ठाकुर, खिलावन साहू, कार्तिकेशवर स्वणकार, विवेका गोपाल, ज्योति पटेल, आशुतोष गोस्वामी, नरेंद्र कौशिक, मंजु राठौर, पंकज अग्रवाल, मोहन यादव, अमन प्रताप सिंह, पलाश चंदेल, रितेश अग्रवाल, अमित यादव सहित ग्रामीणजन व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवीन चिकित्सा महाविद्यालय संचालित करने की तैयारी

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर में संचालित करने के संबंध में आवश्यक तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, प्रारंभ करने हेतु लाईवलीवुड कॉलेज जांजगीर को चिन्हांकित किया गया तथा नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, में अतिरिक्त बेड हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जांजगीर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ को चिन्हांकित किया गया। नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की आवश्यक तैयारी एवं प्रारंभ करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, संयुक्त कलेक्टर ममता यादव, प्राध्यापक शिशु रोग डॉ. राकेश नहरेल छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर एवं नोडल अधिकारी नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.के. जगत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला शतरंज संघ का 6 अप्रैल तक प्रशिक्षण शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शतरंज संघ द्वारा 29 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। सभी प्रतिभागियों के लिए खुला यह शिविर सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक चलेगा और इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के शतरंज कौशल को निखारना है। छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ द्वारा मान्यता प्राप्त और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ पंजीकृत, जिला शतरंज संघ क्षेत्र में शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय वरिष्ठ खिलाड़ी देवराज वंदे और ओमप्रकाश वंदे करेंगे, जो प्रतिभागियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे। मुंगेली जिले का शतरंज में सफलता का इतिहास रहा है, जिसमें पिछले वर्षों में कई पुरस्कार जीते हैं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्राप्त होंगे। शिविर में शामिल होने के इच्छुक लोग प्रशिक्षण शिविर निदेशक और जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय वर्मा, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, साथ ही प्रशिक्षक देवराज वंदे, ओमप्रकाश वंदे और कामता सिंह कुरें सहित प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं।

10वीं, 12वीं की 49946 कॉपियां जाचेंगे मुंगेली के शिक्षक

मुंगेली/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहली खेप में 10वीं, 12वीं की लगभग 49 हजार 946 कॉपियां जांचने जिला शिक्षा विभाग को मिली हैं। इनमें 10वीं के 29633 और 12वीं के 20313 कॉपी शामिल है। जिसे जाचंने के लिए लगभग 173 शिक्षकों को लगाया गया चुनावी माहौल और स्थानीय परिक्षाओं के चलते जांच की गति प्रभावित हुई है।

10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षा खत्म होने के बाद 23 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।10 कमरों में संचालित मूल्यांकन कार्य में 173 शिक्षक जुटे हुए है। आज तक 22 हजार 1 सौ कॉपियां जांची जा चुकी हैं। लगभग 18900 कापी शेष है। प्रत्येक जांच करने वाले शिक्षक को दिन भर में अधिकतम 40 कॉपी जांचने की अनुमति है। विद्युत व्यवधान होने के चलते कई बार मूल्यांकन कार्य में परेशानी हो जाती है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष जेएस ध्रुव ने बताया कि एक दिन में एक शिक्षक को 40 कॉपियां जांचनी है, यह तय किया गया है। निर्देश है कि जिन विषयों में स्टेप बाई स्टेप उत्तर लिखा जाना है, बच्चों को उत्तर लिखने के प्रत्येक स्टेप के आधार अंक देने हैं। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल के प्राचार्य पीसी दिव्य ने बताया कि प्रथम चरण में 10वीं, 12वीं के लगभग सभी विषयों के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूर्णता की ओर है। 14 अप्रैल से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि हर साल माशिम जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा के बीच से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करवा देता है। इस बार भी 23 मार्च से इसकी शुरूआत हो चुकी है। जिले में इसके लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल को केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केन्द्र में गोपनीयता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर साल केन्द्र में लगभग एक लाख से अधिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया जाता है। माशिम द्वारा अलग-अलग चरण में उत्तर पुस्तिका भेजी जाती है। गौरतलब है कि माशिम की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है। बोर्ड द्वारा 14 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने लक्ष्य रखा गया है, ताकि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके। उम्मीद है कि मई माह में परीक्षा परिणाम जारी हो जाएंगे।

लोकसभा चुनाव को लेकर भी आचार संहिता लागू हो चुकी है। बिलासपुर लोकसभा में 7 मई को मतदान कराया जाएगा। सभी कॉपियां जांचने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की गलती से बचने स्टेप वाईज मार्किंग की जाएगी। वहीं हर कॉपी में प्राप्तांक को भी स्पष्ट रूप से लिखने को कहा गया है। एक शिक्षक को रोजाना करीबन 40 कॉपी जांचना होगा। इसके लिए प्रति कॉपी शिक्षकों को शुल्क भी माशिम देगा।

तालाब में नहाते बालक के गले में फंसी मछली, हाल गंभीर

जांजगीर/नवप्रदेश। तालाब में नहाते समय एक बालक के मुंह में मछली घुस गई और वह गले में फंस गई। बालक को गंभीर स्थिति में सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। बहरहाल उसका उपचार बिलासपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम करुमहु निवासी कुंवर सिंह गोंड का पुत्र समीर गोंड (14)आज सुबह लगभग 10 बजे गांव के जूना तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाते समय उसके मुंह में एक मछली घुस गई। मछली उसके गले में फंस गई।बच्चा घबरा गया और रोने लगा दोस्तों ने इसकी सूचना घर वालों को दी और 108 संजीवनी एक्सप्रेस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया । यहां डाक्टरों ने मछली को निकालने का प्रयास किया मगर वे असफल रहे।उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। डाक्टरों के मुताबिक मछली गले से नीचे फंसी है और वह कांटे वाली मछली है। परिजन बालक को लेकर बिलासपुर पहुंच गए हैं वहां उसका उपचार चल रहा है।सीचसी अकलतरा के डाक्टरों के अनुसार बालक के गले का आपरेशन करके मछली को निकाला जा सकता है। बहरहाल बालक का उपचार जारी है।

6 आरोपियों से 52 लीटर महुआ और 140 पाव देशी शराब जप्त

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले के अलग-अलग जगहों से 52 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, 140 पाव देशी प्लेन शराब के साथ 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें थाना शिवरीनारायण, पामगढ़, बलौदा, चांपा की टीम शामिल रही। पुलिस के अनुसार थाना शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ़ पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के पचरी निवासी आरोपी न्यासनारायण मनहर के कब्जे से 20 लीटर कच्चीशराब, खरौद निवासी आरोपी राजकुमार यादव के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम बलौदा निवासी आरोपी मनोज गंधर्व के कब्जे से 58 पाव देशी प्लेन शराब थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम खैराड़ीह निवासी आरोपी इंद्रदेव बंजारे के कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब थाना चांपा क्षेत्र के आरोपी रूपेश चौहान निवासी चरणनगर चांपा के कब्जे से 42 पाव देशी प्लेन शराब तथा आरोपी अमन नायक उर्फ बांगड़ नायक निवासी जवाहरपारा चांपा के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। जिसकी कुल किमती 15

हजार 810 रुपए बताई जा रही है। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

आरोपियों में ये शामिल: आरोपियों में ब्यासनारायण मनहर (24) निवासी पचरी थाना शिवरीनारायण, राजकुमार यादव (47) निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण, मनोज गंधर्व (40) निवासी बलौदा थाना बलौदा, इंद्रदेव बंजारे (20) निवासी खैराडीह थाना पामगढ़, रूपेश कुमार चौहान (25) निवासी चरणनगर चांपा थाना चांपा, अमन नायक उर्फ बांगड़ नायक (20) निवासी जवाहरपारा चांपा थाना चांपा शामिल है।

तीन सवारी व बिना हेलमेट वालों पर होगी कार्रवाई-एसपी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सुरक्षा समिति बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह , नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट की जानकारी ली तथा सड़कों में रम्बलर, स्पीड कंट्रोलर, कैट आई, कनकेव मिरर, टर्निंग बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो और दुर्घटना की आशंकाएं कम हो। एसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गो में वाहन चेकिंग उड़नदस्ता सक्रिय रहें। सड़कों पर बिना हेलमेट मोटर सायकल चलाने वालों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए तीन सवारी वाहन चालकों, मुख्य मार्गो एवं व्यस्त सड़कों पर मोबाईल पर बात करते हुए मोटर सायकल चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति से चलने वाले हाइवा और ट्रैक्टर पर पुलिस और आरटीओ संयुक्त रूप से कार्यवाही करेंगें।

नगर में नशे का हो रहा अवैध कारोबार, नहीं हो रही कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में नशे का अवैध कारोबार पांव पसार चुका है। नगर में सट्टा जुआ के अलावा अवैध रूप से गांजा, कोरेक्स सिरप और अन्य नशीली चीजों का युवा नशाखोरी करते देखे जा सकते है। इस घातक नशे को उपलब्ध कराने वाले संदिग्ध ठिकानों की जांच शुरू हो जाए तो नशे के सौदागर की जानकारी मिल सकती है। नशे के इस गिरप्त में ज्यादातर निम्न वर्ग के बच्चे शामिल है। आज के जमाने में युवाओं के लिए नशा फैंशन बन चुका है। फिल्मों की तर्ज पर युवा अब नशीली दवाओं सहित अन्य मादक पदार्थो की सप्लाई भी शुरू हो गई है।

इस नशे के गर्त में अधिकांश युवा आ जाते है। एक बार इसकी लत लग जाए तो फिर इसे छोड़ना आसान नहीं रहता। यह कारोबार अब धीरे धीरे पांव पसारता जा रहा है। जिले में ऐसे कई खुली जगह एवं मैदानों में जहां शाम ढलने के साथ इस नशे का दौर शुरू हो जाता है। खास बात यह है की इस ठिकानों में युवाओं की भीड़ रहती है। धुंए के सैलाब उठता है। पास से गुजरने वाले तक इस नशे की गंध को महसुस कर सकते है। इसके बाद भी ऐसे ठिकोंनो की जांच नही की जी रहा है। पुलिस ऐसे ठिकानों की जांच नही करती, ऐसे में जांच की जरूरत महसुस हो रही है। नशे के लिए तरह-तरह की वस्तुए इस्तेमाल की जाती है। जहा खासकर यूवाओं में नशीली दवाओं में काफी क्रेज है। एक टैबलेट और कैप्शुल से काफी नशा हो जाता है। यह नशा मानव स्वास्थ के लिए काफी घातक है। यही वजह है, कि ऐसी दवाओं के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद भी कुछ दवा दुकानदार अधिक मुनाफा कमाने के फेर में ऐसी नशीला दवाओं की ब्रिकी करते है। वर्तमान में ऐंसे संदिग्ध दवाओं की जांच की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे भी लम्बे समय से जिले की दवा दुकानों में जांच देखने को नही मिलती है। जहां एक ओर शराब बंदी की बात कही जा रही है और सरकारी खुले दुकानों को बंद करने की मुहिम चल रही है वही दूसरी ओर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के चलते जहां शासन को चपत लग रही है वही दूसरी ओर अवैध शराब की बिक्री करने वालो पर लगाम लगाने में पुलिस और आबकारी विभाग की टीम बेबस नजर आ रही है। जिससे गांवों, और शहर के आस पास के क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों में भी भारी वृद्धि हुई है।

लाभार्थी सम्मेलन में योजनाओं की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बछेरा में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन एवं राउत देवता पूजा में विशेष रूप से पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली शामिल हुए। विधायक द्वारा पीएम मोदी के 10 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर हितग्राहियों एवं महिला स्व सहायता समूह एवं कार्यकर्ता युवा बुजुर्ग को मोदी की गारंटी योजना के बारे में जानकारी दिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक मोहले द्वारा महतारी वंदन योजना, किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपये मूल्य पर धान खरीदा। डॉ. रमन सिंह का 2 वर्ष का बकाया राशि भी दिया। घर-घर नल जल योजना टेप नल के द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने का काम भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा है। गांव-गांव में महतारी वंदन योजना और साय सरकार के सभी योजना के के बारे लोगो तक लाभ पहुंचाने योजना से कोई भी वंचित ना हो पूरी जानकारी दी। 5 वर्ष भुपेश सरकार रोड में पूरा गड्ढ़ा छोड़ कर चले गए है, भूपेश सरकार द्वारा सभी निर्माण कार्यो को अधूरा छोड़, उसको श्री मोहले द्वारा अपनी सरकार पर डबरा-गड्ढ़ा को



बनवाने का काम साय सरकार द्वारा किया जा रहा है।

बछेरा में आयोजित राउत देवता पूजा के अवसर में ग्रामवासियो एवं यादव भाईयो के साथ मिलकर विधायक पुन्नुलाल मोहले पूजा अर्चना किये एवं कार्यक्रम को पूर्ण किया एवं भव्य स्वागत भी किये। बिलासपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू प्रत्याशी घोषित होने पर नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा तोखन साहू को बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। बधाई एवं शुभकामनाए दी प्रत्याशी को भारी मतो से विजय बनाकर मुंगेली विधानसभा से गांव के किसानो को नरेंद्र मोदी कमल फूल पर भारी बहुमत विजयी बनावें। इस अवसर पर भाजपा नेता कोटूमल ददवानी, दोनो कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री एवं सर्वसेन श्रीवास समाज जिलाध्यक्ष मुंगेली डॉ. राजीव श्रीवास, मिठू यादव, सरपंच रजत साहू, सुमरित गीता, नंदनी पाण्डे, राजा साहू, रजवन यादव, संतोष पाण्डे, डॉ. माधव साहू, रवि साहू, बिन्नू पाण्डे, जनक तिवारी, भाउ श्रीवास, चंद्रेश यादव, युवा नेता ऋग्वेद खांडेकर, शन्तु दिवान, पंचू दिवान, महेतरु यादव, तेरस यादव, फेटा यादव, ननकू यादव, संगीता यादव, धाम बाई यादव, अनिता यादव, भीखम साहू, राजेन्द्र साहू, अशोक यादव, सुरेश साहू, जनपद सदस्य दिनेश शर्मा, सरपंच भटगांव अनिल साहू, जितेंद्र पाण्डे, संतोष ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में हुआ मतदान दलों का रेंडमाइजेशन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान गठित होने वाले मतदान दलों का शनिवार को पहले चरण का रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी रूम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों लुण्ड्रा, अंबिकापुर एवं सीतापुर तथा भटगांव विधानसभा क्षेत्र सहित कुल 786 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का ऑनलाइन रेंडमाइजेशन किया गया।

इस दौरान रिजर्व दलों और 75 माइक्रो आब्जर्वर के लिए भी रेंडमाइजेशन किया गया है। गौरतलब है कि एक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी तथा तीन मतदान अधिकारी होते हैं। उल्लेखनीय है कि हर विधानसभा में 10 महिला प्रबंधित संगवारी

मतदान केंद्र, 05 युवा और 01 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र होंगे। इस तरह जिले में कुल 30 महिला प्रबंधित संगवारी मतदान केंद्र, 15 युवा और 03 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र होंगे। निर्वाचन के दौरान मतदान दलों में जिले के 3930 कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोसकर की मौजूदगी एवं दिशा-निर्देश अनुरूप एनआईसी प्रभारी जियाउर रहमान ने निर्वाचन विभाग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन संपन्न कराया। रेंडमाइजेशन के पश्चात मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जागरूकता कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी-कर्मचारी व सभी वर्ग के लोगों ने साइकिल रैली में भागीदारी दे लोगों को सभी काम छोडकर मतदान करने प्रेरित किया

शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक होने की अपील

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित स्वीप कार्यक्रम के तहत आज चुनाव का पर्व व ''कोसा, कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर विशाल सायकल रैली जिला मुख्यालय के ध्यानचंद हॉकी मैदान केरा रोड से प्रातः 7.30 बजे प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए स्वामी आत्मानंद हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान जांजगीर तक निकाली गई।

सायकल रैली में कलेक्टर आकाश छिकारा ,पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल कुमार रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, युवा,हसदेव के हीरोज व वरिष्ठ गणमान्य नागरिक रैली में सहभागी रहे । सभी ने बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता , लोकतंत्र में

हिस्सेदारी हम अब की है ज़िम्मेदारी सहित अन्य नारे व स्लॉगनों के साथ सायकल चलाकर शहर भ्रमण किया। हाईस्कूल मैदान जांजगीर में रैली मानव श्रृंखला में तब्दील हो गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री छिकारा ने उपस्थित सभी नागरिको को शपथ दिलाई तथा सभी युवाओं एवं नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने घर-परिवार व अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा अपने मताधिकार का प्रयोग कर जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाएं तथा अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला मुख्यालय के गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालयीन, स्कूली छात्र-छात्राएं व हसदेव के हीरो उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने किया ।

मालखरौदा में 10 किलोमीटर की साइकिल- बाइक रैली

सक्ती/नवप्रदेश। निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और परियोजना निदेशक बी पी भरद्वाज के निर्देशन में मालखरौदा विकासखंड सहित अन्य सभी विकासखंड में विभिन्न स्वीप गतिविधिया आयोजित कराई जा रही है।

स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाताओं मे मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया मे सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जनपद पंचायत मालखरौदा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले द्वारा मालखरौदा में विकासखण्ड

स्तरीय सायकल, स्कूटी और बाइक रैली आयोजित कराई गई। मालखरौदा में आज सुबह 7 बजे ग्रापं कलमी से ग्राम पंचायत छोटेसीपत तक 10 किलोमीटर की रैली का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जनपद पंचायत मालखरौदा में आयोजित विकासखंड स्तरीय रैली में विकास खण्ड मालखरौदा के शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद से करोरोपण अधिकारी, तकनीकी सहायक, सर्व सचिव, रोजगार सहायक, समस्त जनपद स्टाफ, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग की टीम, गणमान्य नागरिक, महिला, पुरुष, युवा शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

समस्त प्रक्रियाओं को प्रशिक्षण में सीखें और गंभीरता से कार्य करें

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर अभिजीत सिंह ने आज भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल के प्रथम चरण के मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण केंद्र सेंट जोसफ स्कूल पंहुचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। आज भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल के सभी संगवारी मतदान केंद्रों के महिला कर्मचारियों का एवं युवा मतदान केंद्र के मतदान कर्मिकों का प्रशिक्षण के साथ साथ सभी सेक्टर अधिकारियों का भी प्रशिक्षण था। आज के प्रशिक्षण केंद्र में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रत्येक कक्ष में जाकर प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मिकों से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सवाल किये और उनका उत्तर पूछा । उन्होने मतदान दिवस को कैसे मतदान दल का कार्य होता है उन बारिकियों पर प्रकाश डालते हूए कहा कि निर्वाचन अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है इसे सभी पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता के साथ करें। मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होने के समय माक पोल से वास्तविक मतदान एवं मतदान समाप्ति उपरांत पीठासीन अधिकारी का दायित्व क्या होता है और उनके साथ अन्य मतदान अधिकारी 1,2 एवं 3 को किन किन दायित्वों को करना है इन सबकी जानकारी सभी दल के सदस्यों को होनी जरूरी है। निर्वाचन में किसी भी तरह की त्रुटि की संभावना न रहे क्योंकि आयोग के निर्देशानुसार ही समय समय पर सभी कार्यों को किया जाना है। उन्होने संगवारी महिला मतदान दलों को खासतौर से कहा कि जो लोग प्रथम बार मतदान दल में है वो अच्छे से प्रशिक्षण में सारी प्रक्रिया को जाने और ईव्हीएम को संचालित करके देखें। आज सेक्टर अधिकारी के प्रशिक्षण में कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने अपने मतदान केंद्रों का एक बार भ्रमण कर ले।

एनएच किनारे तेंदुआ ने बछड़े का शिकार कर पेड़ पर चढ़ा

मनेंद्रगढ़/चिरमिरी/भरतपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सीमा पर खोंगापानी के पास नेशनल हाइवे के किनारे तेंदुए दिखने से आसपास के गांव वाले दहशत में आ गए हैं. तेंदुए ने हाइवे से लगे गांव में एक बछड़े का भी शिकार कर लिया. तेंदुए के शिकार करने के बाद गांव वाले और भी डर गए और वन विभाग को तुरंत इसके बारे में बताया.खोंगापानी के पास हाइवे पर तेंदुआ दिखने से दहशत शुक्रवार रात की घटना है. घुटरीटोला में नेशनल हाइवे के किनारे वहां से गुजरने वाले लोगों ने एक तेंदुए को देखा तो सभी दहशत में आ गए. कुछ ही देर में ये बात फैल गई. जिसके बाद बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोग जुट गए. यह क्षेत्र नगर पंचायत खोंगापानी से लगा हुआ है. इस दौरान तेंदुए ने एक बछड़े का शिकार कर लिया और पेड़ पर चढ़ गया। वन विभाग, पुलिस प्रशासन तेंदुआ देखने पहुंचा तेंदुआ दिखने के बारे में पता चलने के बाद मनेंद्रगढ़ से डिप्टी रेंजर मौके पर पहुंचे. इसके साथ ही मनेंद्रगढ़ तहसीलदार नीरज तिवारी और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए. पुलिस की गाड़ी का हूटर बचाने और लोगों के शोर मचाने पर तेंदुए ने बछड़े को छोड़ दिया और एनएच किनारे जंगल में चला गया. बछड़ा मामूली रूप से घायल हुआ है. फिलहाल वन विभाग तेंदुए पर नजर बनाकर रखा हुआ है. हाइवे किनारे तेंदुआ, मुश्किल में ग्रामीण मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सीमा पर घुटरीटोला के आसपास जंगल है. इस समय महुआ बीनने का समय है. जिससे गांव के लोग अपनी आजीविका के लिए महुआ बीनने जंगल जाते हैं. इसके साथ ही लकड़ियां लेने भी लोग अक्सर जंगल का रुख करते हैं. इससे पहले भी इस क्षेत्र में तेंदुआ दिख चुका है. शुक्रवार को तेंदुआ स्पष्ट रूप से देखा गया जिसे लोगों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया. वनविभाग ने लोगों को तेंदुए से सतर्क रहने की अपील की है।

कांग्रेस-भाजपा से ज्यादा इस अनजानी सी पार्टी के प्रत्याशी के पास है संपत्ति

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर लोकसभा सीट में वैसे तो 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, लेकिन सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और भाजपा के महेश कश्यप के बीच होगा. लेकिन एक मुकाबला ऐसा है, जिसमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी अनजानी सी पार्टी राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से पीछे छूट गए है. यह मुकाबला है पैसों का. बस्तर लोकसभा सीट के लिए अब 11 प्रत्याशी मैदान में हैं. सभी ने नामांकन में अन्य विवरणों के साथ अपनी चल-अचल संपत्ति का भी ब्यौरा दिया है. इस ब्यौरे के अनुसार, 11 प्रत्याशियों में से दो प्रत्याशी करोड़पति हैं. और इन दो प्रत्याशियों में एक कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी और भूपेश बघेल सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा हैं, तो दूसरे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रत्याशी कंवल सिंह बघेल हैं.

कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के 3 बैंक खाते है, इन खातों में 16 लाख 21 हजार रुपए जमा है. वहीं सोने-चांदी के जेवरात और कंपनी के शेयर और पॉलिशियों को मिलाकर कुल 49 लाख 55 हजार रुपए की हैं. इसके अलावा 1 करोड़ 13 लाख रुपए की अचल संपत्ति है.

भाजपा के उम्मीदवार महेश कश्यप के नाम से 6 बैंक खाते है, जिसमें 3725 रुपए जमा है. वहीं हाथ में 1 लाख 98 हजार रुपए नगद मौजूद है. सोने-चांदी के जेवरात के साथ कंपनी के शेयर और पॉलिशियों को मिलाकर कुल 13 लाख 36 हजार रुपए की सकल संपत्ति है. इसके अलावा 17 लाख 50 हजार रुपए की अचल संपत्ति है. इस तरह से कुल चल-अचल संपत्ति 30 लाख 86 हजार रुपए है.

बात करें राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रत्याशी कंवल सिंह बघेल की तो उनके हाथ में दो लाख रुपए नगदी है. वहीं दो बैंक खातों में 2 लाख 45 हजार रुपए जमा है. इसके अलावा कुल 3 करोड़ 15 लाख रुपए की अचल संपत्ति है. इस तरह कंवल सिंह बघेल के पास कुल 3 करोड़ 20 लाख रुपए की चल-अचल संपत्ति है।

दम तोड़ती स्वास्थ्य सुविधा, जान की कोई कीमत नहीं

■ वनांचल का बुरा हाल बिना डाक्टर के अस्पताल, बिना मेडिकल स्टाफ का एंबुलेंस!

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सरकारें चाहे कितने भी दावे कर लें लेकिन बस्तर के अंदरूनी इलाकों की तस्वीर जस की तस है। यहां पर स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ रही हैं। बारसूर इलाके में इंद्रावती नदी पार स्थित हर्राकोड़र गांव के कपेमारी से दिल झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल यहां पर प्रसव पीड़ा से परेशान महिला के लिए कॉल कर एंबुलेंस बुलाया गया। उस एंबुलेंस में सिर्फ चालक था उसके साथ न तो कोई एएनएम थी और न ही कोई ईएमटी था। जब तक गांव में एंबुलेंस पहुंची तब तक महिला बच्चे को जन्म दे चुकी थी। इसके बाद प्रसव पीड़ा से ग्रसित बत्ती बाई बेहोश हो गई। एरपुंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई स्टाफ नहीं था इस वजह से एंबुलेंस से प्रसूता को दंतेवाड़ा जिले के बारसूर उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए लाया जा रहा था। एंबुलेंस में स्वास्थ्य उपकरण नहीं थे, जिसके कारण प्रसूता को न तो ऑक्सीजन मिल सकी न ही कोई प्राथमिक उपचार। इस वजह से प्रसूता ने बारसूर उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र हितेमेटा

मृतका के पति ने एरपुंड के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप। मृतका के पति पांडे ने बताया कि सुबह मेरी पत्नी को पेट दर्द शुरू हुआ उसके बाद मैंने पड़ोसी के घर जाकर एरपुंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही मेरी पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया। जो एंबुलेंस आई थी वह भी नॉर्मल एंबुलेंस थी उसमें कोई सुविधा नहीं थी। एरपुंड पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई स्टाफ नहीं होने के कारण हम बारसूर लेकर जा रहे थे। ऐरपुंड में स्थित हितामेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समय पर नहीं खुलता है यहां के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी सुबह 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं और 3 बजे अस्पताल बंद कर वापस बारसूर चले जाते हैं। रात में भी कोई स्टाफ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं ठहरते हैं सभी स्टाफ बारसूर जाकर रुकते हैं। इस कारण हम बारसूर स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे। जब वहां पहुंचे तो बारसूर स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने मेरी पत्नी को मृत घोषित कर दिया।

सरपंच और मितानिन ने भी स्वास्थ्य कर्मियों पर गैरजिम्मेदारी का लगाया आरोप। हर्राकोड़र गांव के सरपंच पति और मितानिन का आरोप है कि, एरपुंड पंचायत में तीन पंचायतों हर्राकोड़र, एरपुंड, बोदली और नारायणपुर के अबूझमाड़ से लगे गांवों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है। यहां स्टाफ तो है मगर वह सुबह 11 बजे आते हैं और दोपहर 3 बजे तक अस्पताल बंद कर चले जाते हैं। रात को भी कोई कर्मचारी अस्पताल में नहीं रहते।

नक्सली बंद का असर, बीजापुर में पसरा सन्नाटा, बसों के थमे पहिए

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में नक्सल बन्द का असर देखने को मिल रहा है। सुबह से ही यात्री बसों के पहिये थमें हुए हैं। नक्सलियों ने फर्जी मुठभेड़ के खिलाफ आज बीजापुर बन्द का आह्वान किया है। उन्होंने वाहन संचालक को वाहन संचालन न करने और व्यापारियों को व्यापारिक संस्थान न खोलने की चेतावनी दी थी।

बता दें कि, नक्सलियों ने बीजापुर के चिपुरभट्टी में हुए मुठभेड़ को फर्जी बताया है और शनिवार को जिला बंद का आह्वान किया है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। नक्सलियों की दी चेतावनी के बाद बस संचालकों ने नक्सली दहशत के चलते सभी यात्री बसों को बीजापुर बस स्टैंड में ही रोक रखा है। साप्ताहिक बन्द के बावजूद नक्सली दहशत के कारण छोटे-छोटे दुकान भी बन्द हैं। उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी में हुए मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताकर आज सुकमा-बीजापुर जिले में बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों ने जवानों पर दो पार्टी कार्यकर्ता समेत 6 निहत्थे लोगों को गोली मारने का आरोप लगाया है। दरअसल, दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने बयान जारी किया था। नक्सलियों का कहना है कि, जगरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे। नक्सलियों का आरोप है कि, जवानों ने सुबह 4 बजे सोये हुए कार्यकर्ता को निहत्थे पकड़कर गोली मार दी। वहीं खेतों में महुआ और मवेशियों को चराने वाले 4 ग्रामीणों को भी मुठभेड़ में गोली मारने का आरोप लगाया है।

विधायक ने मंडल, शक्ति, बूथ के पदाधिकारियों में भरा जोश, कार्यकर्ताओ को दिए जीत के मंत्र

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ मंडल में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक 29 मार्च को सांसद कार्यलय में आयोजित की गई। जिसमें बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। विधायक श्री साहू के समक्ष सभी मण्डल के पदाधिकारियो ने कार्यकर्ताओं ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 50000 वोटों की बढ़त दिलाने का संकल्प लिया। नवागढ़ मंडल के अनेक गांव से आए मण्डल संक्ति बूथ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की लक्ष्य को लेकर हम सबको जुड़ जाना हैं। 400 लोकसभा सीट का लक्ष्य तब पूर्ण होगा जब प्रत्येक बूथ में हमारा वोट प्रतिशत बढ़ेगा। अपने पिछले लोकसभा चुनाव में विजय बघेल को प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद भी रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाया। आप सबकी ताकत के बल बुते जनता के साथ मिलकर पांच वर्षो तक संघर्ष किया हैं। पांच सालो तक संघर्ष कर भ्रष्टाचार सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़कर विपक्ष सरकार को उखाड़ फेके हैं। आप सभी पार्टी के छोटे बड़े कार्यकर्ताओं के बदौलत हम लोगो नें पांच सालो मे ही कांग्रेस के सरकार को उखाड़ फेक दिए है। जिसका श्रेय आप सभी मण्डल बूथ शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को जाता है।

आप सबके सहयोग और जन समर्थन से राज्य में विष्णु देव साय की सरकार बनी हैं और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी मजबूत अर्थ व्यवस्था देने वाली सरकार बनानी हैं।

सांसद पांडेय के घर में चोरी की कोशिश, जवान ने चोर को दौड़ाया

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा-राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय के घर पर चोरी की कोशिश की गई है। हालांकि ड्यूटी में तैनात जवान ने चोरी करने वाले को दौड़ा दिया, जिसके कारण जो भी सामान वो लेकर निकल रहा था, उसे बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया है। बता दें, जैसे ही चोर संतोष पांडेय के घर में घुसा, वैसे ही सीसीटीवी कैमरे में गनमैन को दिखाई दे गया, जिसके बाद गनमैन ने चोर को काफी दूर तक दौड़ा दिया था।

इस वीडियो के जरिए आप देख सकते हैं कि, ड्यूटी पर तैनात जवान चोर को किस तरह से पकड़ने की कोशिश में लगा हुए है। लेकिन चोर उसके चंगुल से निकल जाता है, हालांकि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय का सामान बच जाता है।

राजधानी रायपुर पीएम आवास परिसर कॉलोनी में होली के दिन सिक्योरिटी गार्ड ने बाहरी गुंडे बुलाकर कालोनी वासियों की लात-घूसों से पिटाई कर दी। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। इस मारपीट में कई बच्चों को भी चोटें आई है। मिली जानकारी के अनुसार, न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिक्योरिटी गार्ड ने कालोनी के लोगों पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था। इससे भड़के सिक्योरिटी गार्ड ने कालोनी वासियों को सबक सिखाने का मन बनाया और 10 से 12 बदमाशों के साथ सिक्योरिटी गार्ड कालोनी आ पहुंचा। सभी बदमाश डंडे और राड लेकर कालोनी पहुंचे हुए थे। कालोनी में लगा कैमरा भी तोड़ा कालोनी में पहुंचे बदमाशों ने पहले तो वहां के लोगों के साथ गाली-गलौज की। फिर कालोनी के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने वहां के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं बदमाशों ने घटना का साक्ष्य मिटाने कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। कालोनी के दूसरे कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अंबेडकर अस्पताल में इलाज जारी है। कालोनी वासियों की पिटाई के दौरान कई बच्चे भी चोटिल हुए हैं।

जनता के दिल में मोदी, मोदी के दिल में जनता इसलिए सब कह रहे अबकी बार 400 पार : नीलू शर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस की देश में अपनी कोई साख नहीं बची हैं, झूठ परोसने की फितरत में ही कांग्रेस पार्टी अग्रणी हैं, जिस प्रकार 2018 विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को झूठे वायदे और गंगाजल की कसम खाकर कांग्रेस पार्टी ने छला था, उसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में देश की जनता को 5 न्याय की गारंटी दे रही है, जो महज फिर चुनावी जुमला है, देश में सिर्फ एक ही गारंटी चलती हैं और वो है मोदी जी की गारंटी। मोदी जी की गारंटी के आगे सभी की गारंटी कहीं भी नहीं टिकतीं हैं। अपने अस्तित्व की तलाश में भटक रही कांग्रेस पार्टी को देश की जनता से इस तरह के झूठे वादे नहीं करना चाहिए? 50 वर्षों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी सिर्फ गांधी परिवार की सेवा, सत्कार में लगी रही। जनता के दुःख-तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं रहा? सत्ता सुख भोगते-भोगते कांग्रेसी शायद यह भूल गए कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन हैं, कभी लोकसभा में चार सौ सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज दहाई के आंकड़े तक सिमट कर रह गई है। देश ने दस साल यूपीए सरकार के शासन को भी देखा है जब सारे फैसले दस जनपथ से पूछकर लिए जाते थे। श्री शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों में कांग्रेस के सारे बड़े नेता लिप्त रहे। आखिर किस मुंह से कांग्रेस देश की जनता के पास वोट मांगने जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के पास न कोई नीति है और न ही विकास कार्य करने की नियत।

जिले में मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224 है। इसमें 3 लाख 25 हजार 244 पुरूष मतदाता, 3 लाख 27 हजार 978 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 हजार 517 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 668 और 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता की संख्या 23 हजार 637 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008 है। सर्विस मतदाताओं की संख्या 136 है। 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है। जिले में 20 महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इसमें 10 पंडरिया और 10 कवर्धा विधानसभा के लिए होंगे। इसी प्रकार दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र 02, युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र की संख्या 10 होगी।

मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी

राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। लोकसभा स्तर पर भी एमसीएमसी कमेटी गठित की गई है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम रेडियो सहित), ई-समाचार पत्र, बल्क एस.एम.एस.. स.एम.एस./वाईस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी से क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे। निर्वाचन संबंधी किसी विज्ञापन, पोस्टर, पर्चे या किसी अन्य अभिलेख पर उसके प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम, पता एवं मुद्रित प्रतियों की संख्या छपा होना आवश्यक है।

कलेक्टर ने अनिवार्य सेवा के नोडल अधिकारियों की ली बैठक, अधिसूचित की दी जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बीते गुरुवार को शाम यहाँ ज़िला कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई अनिवार्य सेवाएं डाक मत पत्र के लिए बनाए गए विभागीय नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने इस दौरान जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी और भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। बैठक में जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।उन्होंने बताया कि अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जाएगी है।

समस्या 15 सालों में इस सड़क निर्माण के लिए 24 बार जारी हुआ टेंडर

नक्सली समस्या : फोर्स के साए में बन रही सड़क, 32 में अब तक दस किमी का निर्माण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के जिस इलाके में एएसपी समेत 11 जवान शहीद हो चुके हैं, वहां अब की निगरानी में दस किमी सड़क का निर्माण हो चुका है। करीब 15 सालों में इस सड़क निर्माण के लिए 24 बार टेंडर निकाला जा चुका था,लेकिन नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से काम करने वाले साहस नहीं दिखा पा रहे थे। 25वे टेंडर के बाद फोर्स की निगरानी में 31 किमी लंबी यह सड़क अब बन रही है। गरियाबंद के दबनई मार्ग से आमामोरा तक सड़क निर्माण कार्य का टेंडर 24 बार निकाला गया, लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से कोई भी व्यक्ति इस काम को करने का साहस नहीं जुटा पा रहा था।

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य सड़क मैनपुर से 09 किलोमीटर दबनई नाला के पास से आमामोरा पहाड़ी के ऊपर बसे गांव की दूरी 26 किलोमीटर है, लेकिन बेहद ही खराब, पथरीला, पगडंडी रास्ता, नदी नाला होने के कारण यहां पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। गरियाबंद जिले के दुर्गम पहाड़ी नक्सल प्रभावित इलाके ओढ आमामोरा मार्ग में सड़क निर्माण के लिए पिछले 15 वर्षों में 24 बार टेंडर निकाला गया, लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पीछे हटते गए। अब 25वां टेंडर होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ कमलेश चन्द्राकर ने बताया कि पिछले 15 वर्षों में ऑढ आमामोरा सड़क के लिए 24 बार टेंडर किया गया, लेकिन निर्माण कार्य करने कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आए। 25वी बार 05 हिस्से में अलग-अलग इस सड़क का निर्माण कार्य का टेंडर दिया गया और लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 31.65 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है। 2005 में शुरू हुई थी प्रक्रिया-दबनई मार्ग से आमामोरा तक सड़क निर्माण के लिए डॉ रमन सिंह सरकार के समय 2005 से ही प्रकिया शुरू हुई और सड़क निर्माण के लिए दर्जनों बार टेंडर निकाले गए,।

शेयर बाजार की बड़ी छलांग, निवेशकों ने कमाए 4.78 लाख करोड़

मुंबई। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर देश का आर्थिक विकास अनुमान बढ़ने और आरबीआई के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति में तेजी आने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस को शेयर बाजार गुलजार हो गया। इस तेजी के बीच बीएसई पर सभी सूचीबद्ध शेयरों का बाजार पूंजीकरण यानी मार्केट कैप 4.78 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 388.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। बता दें कि अब शेयर बाजार में नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन यानी एक अप्रैल को ट्रेडिंग होगी। 30 और 31 मार्च को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बाजार बंद रहेंगे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 655.04 अंक की छलांग लगाकर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। इससे पूर्व यह 12 मार्च को 73667.96 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.25 अंक उछलकर 22,326.90 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 39,322.12 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 43,166.34 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1802 में लिवाली जबकि 2024 में बिकवाली हुई वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर बंद हुई।विश्लेषकों के अनुसार, रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में लाए गए मानदंडों में ढील दी, जिसके तहत अनिवार्य ऋणदाता यदि वैकल्पिक निवेश फंडों में खरीददारी करते हैं तो उन्हें उच्च प्रावधानों को अलग रखना होगा। नियमों में ढील दिये जाने से वित्तीय स्थिति में तेजी आई और बाजार ने ऊंची छलांग लगाई।

साथ ही वित्तीय सलाह देने वाली एसएंडपी ग्लोबल के बाद अब मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जिससे बाजार में निवेशकों का निवेश प्रवाह बढ़ा।इससे

बीएसई के सभी 20 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.94, ऊर्जा 0.57, एफएमसीजी 0.64, वित्तीय सेवाएं 0.95, हेल्थकेयर 1.18, इंडस्ट्रियल्स 1.12, आईटी 0.55, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.29, ऑटो 1.19, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.54, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.69, रियल्टी 0.52, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत मजबूत रहे।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.13, हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान के निक्केई में 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक की तेजी के साथ 73,149.34 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,120.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया।

वहीं, लिवाली के बल पर दोपहर बाद यह 74,190.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,996.31 अंक के मुकाबले 0.90 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,651.35 अंक हो गया।इसी तरह निफ्टी 40 अंक बढ़कर 22,163.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान यहीं इसका निचला स्तर भी रहा। वहीं लिवाली होने से यह 22,516.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 22,123.65 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत उछलकर 22,326.90 अंक पर बंद हुआ।इस दौरान बीएसई की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें बजाज फिनसर्व 3.91, बजाज फाइनेंस 3.09, एसबीआई 2.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.26, पावरग्रिड 2.21, नेस्ले इंडिया 2.18, टाटा स्टील 2.00, एलटी 1.83, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79, विप्रो 1.66, एनटीपीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.26, टीसीएस 1.20, अल्ट्रासिमको 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.08, इंडसइंड बैंक 1.04, इंफोसिस 0.99, भारती एयरटेल 0.94, टाइटन 0.88, सन फार्मा 0.77, मारुति 0.74, कोटक बैंक 0.57, एशियन पेंट 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.52 और आईटीसी 0.13 प्रतिशत शामिल रहे। वहीं, एक्सिस बैंक 0.50, रिलायंस 0.37, एचसीएल टेक 0.26 और टेक महिंद्रा के शेयरों ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

सरकार बाजार से लेगी 7.5 लाख करोड़ रुपए उधार

नई दिल्ली। वित्तवर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में अनुमानित 14.13 लाख करोड़ रुपये के सकल बाजार उधार में से सरकार ने दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए पहली छमाही (एच1) अप्रैल-सितंबर में 7.50 लाख करोड़ रुपये (53.08 प्रतिशत) उधार लेने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी।

इस राशि में से 12,000 करोड़ रुपये सॉवरेन ग्रीन बांड (एसजीआरबी) जारी करके जुटाए जाने का प्रस्ताव है। बाजार की प्रतिक्रिया के आधार पर और वैश्विक बाजार प्रथाओं के अनुरूप 15-वर्षीय अवधि की एक नई दिनांकित सुरक्षा शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उधार कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है।7.50 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी 26 साप्ताहिक नीलामियों के जरिए पूरी की जाएगी। बाजार उधार 3, 5, 7, 10, 15, 30, 40 और 50 साल की प्रतिभूतियों के रूप में होगा। विभिन्न परिपक्वताओं के तहत उधार का हिस्सा (एसजीआरबी सहित) होगा = 3-वर्ष (4.80 प्रतिशत), 5 वर्ष (9.60 प्रतिशत), 7 वर्ष (8.80 प्रतिशत), 10 वर्ष (25.60 प्रतिशत), 15 वर्ष (13.87 प्रतिशत), 30 वर्ष (8.93 प्रतिशत), 40 वर्ष (19.47 प्रतिशत) और 50 वर्ष (8.93 प्रतिशत)। सरकार रेडेम्प्शन प्रोफाइल को सुचारु बनाने के लिए प्रतिभूतियों में बदलाव करना जारी रखेगी।सरकार नीलामी अधिसूचनाओं में दर्शाई गई प्रत्येक प्रतिभूतियों के विरुद्ध 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनाए रखने के लिए ग्रीनशू विकल्प का उपयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखेगी। वित्तवर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ट्रेजरी बिल जारी करने के जरिए से साप्ताहिक उधारी पहली सात नीलामियों के लिए 27,000 करोड़ रुपये और बाद की छह नीलामियों के लिए 22,000 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जिसमें शुद्ध उधारी (-) 3,000 करोड़ रुपये है।पहले सात नीलामियों में 91 डीटीबी के तहत 12,000 करोड़ रुपये, 182 डीटीबी के तहत 7,000 करोड़ रुपये और 364 डीटीबी के तहत 8,000 करोड़ रुपये का साप्ताहिक निर्गम होगा और 91 डीटीबी के तहत 10,000 करोड़ रुपये का साप्ताहिक निर्गम, 182 डीटीबी के तहत 5,000 करोड़ रुपये और तिमाही के दौरान आयोजित होने वाली छह नीलामियों में 364 डीटीबी के तहत 7,000 करोड़ रुपये होंगे।सरकारी खातों में अस्थायी विसंगतियों का ध्यान रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तवर्ष 2024-25 की पहली छमाही के लिए वेज एंड मीन एडवांस (डब्ल्यूएमए) की सीमा 1.50 लाख करोड़ रुपये तय की है।

आयकर विभाग ने सरकारी बैंक पर लगाया 564 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। टैक्स की चोरी करने पर आयकर विभाग किसी को नहीं बख्शता है, चाहे आम करदाता हो या व्यापारी। हालांकि, इससे जुड़ी ज्यादातर कार्रवाई व्यापारी, कंपनी और आम टैक्सपेयर्स के खिलाफ सुनने को मिलती है। लेकिन अब सरकारी संस्थाओं के खिलाफ भी आईटी डिपार्टमेंट एक्शन लेने से नहीं चूकता है। आयकर विभाग ने एक सरकारी बैंक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बैंक ऑफ इंडिया पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। पब्लिक सेक्टर बैंक ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। इसमें कहा गया कि बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, उसे आयकर विभाग, आकलन इकाई से एसेसमेंट ईयर 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270 के तहत आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें विभिन्न नियमों के उल्लंघनों पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक ने कहा, इसलिए उम्मीद है कि पूरी जुर्माना मांग कम हो जाएगी। ऐसे में बैंक की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

फरवरी में भारत के कोर सेक्टर इंडस्ट्रीज की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत

नई दिल्ली। भारत में आठ प्रमुख उद्योगों ने पिछले साल के इसी महीने की तुलना में इस साल फरवरी में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। जारी आधिकारिक आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का शेयर आठ प्रमुख उद्योगों में 40.27 प्रतिशत है। इसलिए यह समग्र औद्योगिक विकास दर का एक अच्छा संकेत देता है।फरवरी में सीमेंट और कोयला दोनों ने उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत की मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। माह के दौरान इस्पात उत्पादन में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बिजली उत्पादन, जिसका सूचकांक में 19.85 प्रतिशत शेयर है, 6.3 प्रतिशत बढ़ गया।फरवरी में कच्चे तेल का उत्पादन 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि प्राकृतिक गैस का उत्पादन 11.3 प्रतिशत बढ़ा। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन, जिसका सूचकांक में शेयर 28.04 प्रतिशत है, के उत्पादन में माह के दौरान 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, फरवरी के दौरान उर्वरक उत्पादन में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आई।

चार में से एक यूट्यूब क्रिएटर शॉर्टर्स के जरिए कमा रहा पैसा

नई दिल्ली। चार में से एक से अधिक यूट्यूब क्रिएटर्स (निर्माता), जो इसके विज्ञापन साझाकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं, अब शॉर्ट-फॉर्म वीडियो सर्विस शॉर्ट्स के जरिए पैसा कमा रहे हैं। कंपनी ने यह जानकारी दी। पिछले साल शॉर्ट्स पर राजस्व शेयरिंग शुरू करने के बाद से यूट्यूब पार्टनर प्रोग्राम (वाईपीपी) में 25 प्रतिशत से अधिक चैनल अब राजस्व स्ट्रीम के माध्यम से कमाई कर रहे हैं।

कंपनी ने कहा कि 80 प्रतिशत से ज्यादा शॉर्ट्स पात्रता सीमा को पूरा करके वाईपीपी में शामिल होने वाले क्रिएटर, अब यूट्यूब पर अन्य वाईपीपी मुद्रीकरण फीचर्स के माध्यम से भी कमाई कर रहे हैं। कंपनी ने बताया, इसका मतलब है कि शॉर्ट्स क्रिएटर्स के लिए प्लेटफॉर्म पर अन्य तरीकों से कमाई करने के दरवाजे खुल रहे हैं और वे फायदा देख रहे हैं। यूट्यूब ने पिछले तीन वर्षों में क्रिएटर्स, आर्टिस्ट और मीडिया कंपनियों को 70 अरब डॉलर का भुगतान किया है। कंपनी ने कहा, शॉर्ट्स पर हर दिन औसतन 70 अरब से ज्यादा व्यूज और पैसे कमाने के नए रास्ते के साथ शॉर्ट्स कम्युनिटी क्रिएटिविटी के नए रूपों और मंच पर नई आवाजों के साथ फलने-फूलने लगा है। एलन चिकिन चाउ ने कहा कि शॉर्ट्स पर राजस्व बंटवारे ने वास्तव में गेम को बदल दिया है। एलन चिकिन चाउ के 3.87 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं।

खेल, मनोरंजन

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में दिग्गज टीमें होंगी आमने-सामने

झुंझुनूं। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विवि के संयुक्त तत्वावधान में जेजेटी यूनिवर्सिटी में 30 मार्च से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जाएगा। इस चैंपियनशिप में देश के 8 जोन की पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली यूसी की टीमें आमने-सामने होंगी। चैंपियनशिप के दौरान पहले लीग व इसके बाद नॉक आउट मुकाबले होंगे।

जेजेटी यूनिवर्सिटी के प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप (पुरूष वर्ग) का आयोजन करवाया जा रहा है। चैंपियनशिप में देश के आठ जोन की 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें 4 पूल में जगह दी गई है। हर जोन में पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें पहले लीग मुकाबले खेलेंगी और इसके बाद नॉक आउट में जगह बनाने वाली टीमें चैंपियनशिप जीतने के मकसद से मैदान में उतरेंगी। यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि इस चैंपियनशिप में उत्तर क्षेत्र से लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, उत्तर पश्चिम जोन से जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं व पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर, पूर्व जोन से कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालॉजी भुवनेश्वर व संभलपुर यूनिवर्सिटी संभलपुर, दक्षिण जोन से त्रिपुरा यूनिवर्सिटी अगरतला व हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड सांइस चेन्नई, पश्चिम क्षेत्र से कवयित्री बहिनाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव व सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट, मध्य क्षेत्र से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर व छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर व उत्तर पूर्व क्षेत्र से अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई व गोवाहाटी यूनिवर्सिटी गोवाहाटी, दक्षिण पूर्व क्षेत्र की क्वालीफायर एक व क्वालीफायर दो टीम भागीदारी करेंगी। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले करवाए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक ड्यूटी लगाई जा चुकी हैं।

हीरो इंडियन ओपन में टॉप-15 में तीन भारतीय

गुरुग्राम। हीरो इंडियन ओपन में नियमित रूप से भाग लेने वाले नीदरलैंड के जोस्ट लुइटेन ने 7-अंडर 65 का स्कोर किया और फिर डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में संयुक्त बढ़त बना ली।लुइटेन डीपी वर्ल्ड टूर पर छह बार के विजेता हैं, लेकिन 2018 के बाद से टूर पर विजेता नहीं रहे हैं। पहले दौर के अंत में, संयुक्त लीडर्स में जापान की अविश्वसनीय युवा प्रतिभा, कीता नकाजिमा और नीदरलैंड के माटेओ मनासेरो शामिल हैं। इसके बाद 2009 में एक और पूर्व विश्व नंबर 1 शौकिया मनासेरो, जो 2012 तक यूरोप में तीन बार जीतने वाले पहले किशोर बन गए। फिर इस महीने की शुरुआत तक उन्हें जीत नहीं मिली. उनके बोगी-मुक्त 65 ने संकेत दिया कि उनका पुनरुत्थान जारी है।4-अंडर और संयुक्त-14 के समूह में तीन भारतीय शामिल हैं - अमन राज और ओम प्रकाश चौहान, जिनके पास इस कोर्स में अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड थे, और करणदीप कोचर, जो बाद में उनके साथ शामिल हुए।शीर्ष क्रम के भारतीय शुभंकर शर्मा ने बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन सर्दी और हल्के शरीर दर्द के बावजूद, उन्होंने 2-अंडर 70 का स्कोर पूरा किया और गगनजीत भुल्लर की तरह संयुक्त -34 पर हैं। शर्मा और भुल्लर भारत से पेरिस ओलंपिक के लिए दौड़ में सबसे आगे हैं।2015 के पूर्व विजेता अनिर्बान लाहिड़ी के लिए 5 ओवर भूलने लायक रहे, जिसमें 13वें होल, दिन का उनका चौथा होल और नौवां, जो उनका समापन होल था, में बर्डी को छोड़कर खुशी के बहुत कम क्षण थे।

एमएस धोनी के डाइविंग कैच से हैरान रह गए स्टीव स्मिथ

चेन्नई। हालांकि सीएसके की पारी पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी के खेले बिना समाप्त हो गई, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच के दौरान विजय शंकर के एक सनसनीखेज डाइविंग कैच के साथ प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया। धोनी ने स्टंप के पीछे शानदार डाइविंग पकड़ के साथ अपनी त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे घरेलू दर्शक खुशी से झूम उठे।स्टंप के पीछे धोनी के शानदार प्रयास ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आश्चर्यचकित कर दिया और ऑस्ट्रेलियाई ने 42 वर्षीय की विकेटकीपिंग क्षमता की सराहना की। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो में कहा, हाँ, घड़ी को पीछे घुमाया, है ना? बस वहां एक गोता लगाया, यह 2.27 मीटर था, यह कवरेज पर आया, यह एक शानदार कैच था। वह थोड़ा करीब खड़ा था क्योंकि डैरिल मिशेल सबसे तेज़ गेंदबाज़ नहीं है, इसलिए वह अच्छा और चुस्त था, उसके पास प्रतिक्रिया करने के लिए बहुत अधिक समय नहीं था। लेकिन उसकी प्रतिक्रियाएँ निश्चित रूप से अभी भी हैं, है ना? ग्राउंड को अच्छी तरह से कवर किया और कैच बस उस दाहिने हाथ में फंस गया।

कोलिन्स ने मियामी में अलेक्जेंड्रोवा को हराया

फ्लोरिडा। अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन में 14वें नंबर की खिलाड़ी एकाटेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में प्रवेश किया।

2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट, को इस टूर्नामेंट में गैरवरीयता प्राप्त अलेक्जेंड्रोवा को हराने के लिए सिर्फ 75 मिनट की जरूरत थी, जिन्होंने मियामी में अपने पहले सेमीफाइनल के रास्ते में विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक और नंबर 5 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराया था।कोलिन्स ने अपने करियर में पहले दो खिताब जीते हैं, दोनों 2021 में थे। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी हैं - जिन्होंने खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में केवल चार अमेरिकी ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं, जिसमें कोलिन्स और स्टीफंस भी विलियम्स बहनों के साथ शामिल हो गए हैं। इससे पहले शाम को, वर्ल्ड नंबर 4 रिबाकिना ने सेमीफाइनल में नंबर 27 सीड विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 0-6, 7-6(2) से हराकर सीजन के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया।रिबाकिना ने ब्रिस्बेन, अबू धाबी में खिताब और दोहा में साल के अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल के साथ, हार्ड कोर्ट पर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत का आनंद लिया है।पिछले साल, रिबाकिना मियामी फाइनल में पेट्रा क्वितोवा से 7-6(14), 6-2 से हारकर सनशाइन डबल जीतने से एक जीत दूर रह गयी थीं।वह पिछले 10 वर्षों में सेरेना विलियम्स और एश्ले बार्टी के साथ लगातार मियामी फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं।

द फैमिली स्टार का दमदार ट्रेलर

विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर अपनी फिल्म द फैमिली स्टार की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों को वे एक पारिवारिक मनोरंजन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं के पोस्टर और टीजर ने हाल ही में फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया था। वहीं, अब इस उत्साह को चरम पर ले जाने के लिए फिल्म के निर्माताओं ने आखिरकार द फैमिली स्टार का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है।

फिल्म का ट्रेलर 2 मिनट और 26 सेकंड लंबा है। ट्रेलर में कई तरह की भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का डोज देती है। ट्रेलर में विजय को एक पूर्ण पारिवारिक व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है और मृणाल उनके जीवन में एक नए किरायेदार के रूप में आती हैं, फिर जल्द ही परिवार की तरह बन जाती हैं। फिल्म में रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी का भी डोज है। वहीं, विजय और मृणाल के बीच मस्ती और प्यार भरी नोंक-झोंक भी देखने को मिली। वहीं ट्रेलर के अंत में मृणाल, विजय को तप्पड़ मारती हुई नजर आती हैं। 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गीता गोविंदम के बाद विजय देवरकोंडा और निर्देशक परशुराम पेटला द फैमिली स्टार में दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म को एक एक्शन एंटरटेनर माना जा रहा है, जिसमें विजय और मृणाल के अलावा जगपति बाबू, अच्युत कुमार, अभिनय, वासुकी, रोहिणी हट्टंगडी और रवि बाबू, दिव्यांश कौशिक, अजय घोष और कई अन्य कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। द फैमिली स्टार को वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू द्वारा बनाया जा रहा है।

दंगल गर्ल फातिमा का बॉलीवुड में 8 साल पूरे

2016 में आमिर खान स्टारर दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं।उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में लूडो, अजीब दास्तां, थार, धक धक और सैम बहादुर जैसी शानदार फिल्में की हैं।एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला।अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं।चाहे दंगल की गीता फोगाट हो या सैम बहादुर में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की

भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती।

विजय संकल्प अभियान में जुटेगी भाजपा, घर-घर कार्यकर्ता लगाएंगे झंडा

■ कलस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने ली विधानसभा के कोर और प्रबंधन की जानकारी, चुनाव को लेकर दिए टिप्स

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी तैयारी को लेकर राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। गुरुवार को बस्तर के कलस्टर प्रभारी तथा कुरूद विधायक पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भाजपा जिला कार्यालय गरियाबंद में जिला के दोनों विधानसभा के कोर और प्रबंधन कमेटी की संयुक्त बैठक ली। बैठक में बूथ स्तर में होने वाले कार्यक्रमो के अलावा पार्टी के अन्य चुनावी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सह संयोजक संतोष उपाध्याय, सह प्रभारी भावना बोहरा भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक के दौरान भाजपा का पूरा फोकस बुथ स्तर के कार्यक्रमो का पर रहा। जिसमें प्रत्याशी के दौरे से लेकर बुथ सशक्तिकरण के लिए पार्टी द्वारा

तय किए गए कार्यकर्मो को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में 30 मार्च को बुथ विजय संकल्प अभियान को लेकर भी चर्चा की है। प्रदेश महामंत्री पवन साय ने 30 मार्च को प्रत्येक बुथ में विजय संकल्प अभियान मनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ता 30 मार्च को अपने अपने घरो में भाजपा का झंडा लगाए, लाभार्थी से मुलाकात करे और इसके साथ ही अपने अपने बुथ में 370 से मतों से भाजपा को लीड दिलाने का संकल्प ले। इसके पहले बैठक में कलस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने कोर और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से रूबरू चर्चा की। उनसे चुनाव को लेकर की गई अब तक की तैयारियों की जानकारी ली साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी रखी। पूर्व मंत्री चंद्राकार ने कोर ग्रुप से भाजपा प्रत्याशी के दौरे, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा मंडल और बुथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाए जाने को लेकर भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर बैठक में जिला संगठन मंत्री श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, सह प्रभारी किशोर महानंद, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, विस प्रभारी राजिम दीपक म्हस्के, बिन्द्रानवागढ़ महेन्द्र पंडित, विस संयोजक भागवत हरित, नरोत्तम साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनीत राम सिन्हा, पूर्व जिप अध्यक्ष डॉ श्वेता शर्मा, राहुल सेन, योगेश शर्मा, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, जप अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, नेहा सिंघल, लालिमा ठाकुर, मिलेश्वरी साहू, अंजु नायक, मनीष हरित, चन्द्रशेखर साहू, योगीमाखन कश्यप आदि मौजूद रहे।

■ न्यूज गैलरी

रंजना ने झंडा लगाकर की बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरुआत

धमतरी/नवप्रदेश। गृहग्राम बिरेतरा में विजय संकल्प दिवस घर घर झण्डा अभियान के तहत छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने गांव में घर पर भाजपा झण्डा बांधकर अभियान की शुरुआत की एवं बुथ क्रमांक 19 एवं 20 में बैठक लेकर अबकी बार पुनः मोदी सरकार लाने एवं भाजपा प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित हुए। श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि बूथ विजय संकल्प अभियान देश भर में भाजपा का झंडा लहराने का आगाज़ है,2024 चुनाव में पूरे देश में भाजपा के सुशासन का झंडा लहराने वाला है,? मोदी सरकार के नेतृत्व में सुशासन स्थापित करते हुए देश ने नए आयाम स्थापित किए हैं और पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरा भारत देश विकसित भारत संकल्प की ओर अग्रसर है, भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर आज सभी कार्यकर्ता भाजपा का झंडा घर घर पर लगा रहे हैं यह आने वाली जीत का संकल्प है। इस अवसर पर सरपंच उषा साहू, उप सरपंच विनेश्वर साहू, पंच कल्याणी साहू, दसरी साहू, शांति तारक, सोना तारक, वीरू पटेल, गुहन यादव, अजीत साहू, मुरहा साहू, भीखम साहू, योगिता यादव, रमेश संतु बिहारी, दशरू राम, महेश कुमार, चिंताराम, दस्मत, खिलुराम, बसंत साहू, सुरुचि बाई, हमिता बाई, चित्ररेखा बाई, खूबचंद, टिका, पारथ राम, मोहन साहू, कमणि सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में दी गई कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई

कोंडागांव/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबंध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी में कब– बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि मदन सोनेवरा प्रधानाध्यापक शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ेबेंदरी एवं बी आर तुरकर प्रधान अध्यापक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी ,कार्यक्रम अध्यक्ष पवन कुमार साहू प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के नेतृत्व में ,कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षिका श्रीमती उत्तरा साहू ,श्रीमती संतोषी पटेल, संकुल समन्वय उमेश भारती, शिक्षक परमानंद पटेल ,धनपत नेताम ,श्रीमती गायत्री ध्रुव, दौलत राम यादव, मान बाई भंडारी, सुप्रिया कांगे तथा कबङ्क बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथियों के करकमलों से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कक्षा पहली से चौथी तक के छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा पांचवी की छात्रा विनीता नागेश ने कहा कि हमारे सभी शिक्षक ङ्कशिक्षिकाएं हमें बहुत प्यार करते हुए हमेशा कब- बुलबुल के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां कराते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते रहे। जो हमारे लिए सदैव अविष्मरणीय रहेगा।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक व उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीनत बेगम 45 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी फरहान, असलान, गुलशाम और अन्य ने प्रार्थी के लड़का सैयद उस्मान और उसके साथी अहसान, आरिफ, रितिक को पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है : सीएम साय

■ कोंडागांव विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हुए शामिल

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोंडागांव विधानसभा स्तरीय शामिल होकर कार्यक्रताओं को केंद्र में तीसरी बार भाजपा के सरकार बनाने का अपील करते हुये कहा कि भाजपा जो कहती है वह पूरा करती है उन्होने आगे संबोधित करते हुये कहा कि, मुख्यमंत्री का दायित्य संभालने के बाद कोंडागांव में दूसरी बार आया हु पहली बार जंगल जतरा में शामिल हुआ था जंहा से तेंदू पत्ता संगहको के लिए तेंदू पत्ता के राशि 5500 करने की घोषणा किया गया जिसका लाभ हमारे वनवासी भाइयों को मिलेगा । प्रदेश के 90 विधानसभा सभा क्षेत्र में आज से भाजपा ध्वज का सुभाररम्भ किये है भाजपा के कार्यकर्ता जो घरों में ध्वज नही लगाये वे भी ध्वज लगावे ।

बस्तर में पहले चरण के तहत मतदान 19 अप्रेल को है जिसमे सांसद चुनना है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का पार्टी है विधानसभा में 54 शिट जीते है । विधानसभा शिट के तरह प्रदेश के सभी शिट जिताना है और दिल्ली में सरकार बनाना है, और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना है मुख्यमंत्री मन्त्री ने केन्द्र के मोदी सरकार के 10 साल के कार्य कॉल में किये गये कार्य के बारे में बताते हुई कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री जी ने इन दस सालों में देश को विश्व मे एक अलग पहचान दिलवाई है इन दस वर्षो में गरीब किसान मजदूर सभी वर्ग केलिये अनेक जनकल्याकारी योजनाएं संचालित की है इन योजनाओं का लाभ देशके हर वर्ग को पहुँचा है। प्रदेश भाजपा की सरकार बन गई अब केंद्र में भी भाजपा के सरकार बनाना तभी डबल इंजन का सरकार बनेगी तभी प्रदेश का तेजी से विकास होगा । उन्होंने लोकसभा सभा प्रत्यासी महेश कश्यप को भारी मतों से जिताना का अपिल किया और कहा कि प्रत्यासी हर घर नही जा सकता है हर कार्यक्रता प्रत्यासी बन कर काम करे । मुख्यमंत्री ने जी कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते कहा कि कांग्रेस के पाँच साल में 18 लाख गरीब परिवार को घरों से वंचित कर रखा था जिसके फ्ल मिल और सरकार बाहर हो गए । उसी तरह किसानों,मजदूर, गरीबो को छला हमने सरकार में आते ही किसानों का दो साल का बोनस दिया अंतर के राशि एक मुस्त देने की घोषणा किये जिसको पूरा किया , 70 लाख महतारीयो मोदी गारंटी तहत राशि दी गई दूसरी क़िस्त की राशि दूसरे सप्ताह में दी जायेगी ,प्रदेश विकास के लिये अनेक योजनाएं प्रारम्भ की जा रही है।

तेंदू पता के खरीदी की घोषणा, चरण पादुका ,रामलला दर्शन को शुरू कर दिया है।कांग्रेस सरकार द्वारा पी एस सी घोटाले, शराब ,डीएफ्एम में पांच साल में भरस्टाचार किया गया हैं जिसकी जांच चल रही है ।कांग्रेस ने आदिवासी को बोट बेंक के रूप में उपयोग किया कभी आदिवासीयो भला नहीं किया भाजपा ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया वैसे ही गाँव के किसान आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया हैभाजपा में हर कार्यक्रता कुछ भी बन सकता है भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी है उन्होंने कार्यक्रताओं से अपील करते हुये कहा कि देश मे तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री मंत्री बनाना है विधानसभा में 19000 हजार बोट से जीत दिलाकर विधायक बनाये है इस बार चालीस हजार बोट दिलाकर सांसद बना कर दिल्ली भेजना है।वंही मुख्यमंत्री के उपस्तिथि में 100 अधिक कॉंग्रेसियो ने भाजपा में शामिल हुये। कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ,कोंडागांव विधायक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा सूश्री लता उसेण्डी ,वन मन्त्री केदार कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा,व लोकसभा प्रत्यासी महेश कश्यप ने संबोधित किया ।इस अवसर पर लोकसभा सभा प्रभारी महेश जैन, श्री निवास राव मद्दी, कमल चन्द्र भंज देव,पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महापौर सफिरा साहू, यश वर्धन राव, मनोज जैन, गोपल दीक्षित सहित सभी प्रकोष्ट प्रभारी व विधानसभा स्तर के सभी कार्यकर्ता व पददाधिकारी गण बडी में उपस्थित थे।

मड़ानार में रंगपंचमी उत्सव का आयोजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में सोमवार से प्रारंभ होने वाली अंतिम मूल्यांकन में भय मुक्त वातावरण तैयार करते हुए शिक्षकों द्वारा शनिवार को बैगलेस डे और रंगपंचमी को विद्यालय में रंगोत्सव का आयोजन किया गया।

जहां बच्चों और शिक्षकों ने एक दूसरे को प्रेमभाव से रंग गुलाल लगाकर मधुर संगीत के साथ मनोरंजक नृत्य किए संस्था की शिक्षिका श्रीमती आरती बेर ने बच्चों को जीवन में रंगो का महत्व बताते हुए सभी की जीवन में सतरंगी खुशियां मिलने की आशा करते हुए आशीष प्रदान इस उत्सव में संस्था की प्रधान पाठक पी एल नाग शिक्षिका ललिता समरथ शिक्षक शिवचरण साहू शामिल रहें।

व्यय प्रेक्षक ने अनुवीक्षण कक्ष, कन्ट्रोल रूम और एमसीएमसी इकाई की जानी स्थिति

■ व्यय और मीडिया मॉनीटरिंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ राजनीतिक विज्ञापनों एवं पेड न्यूज के संबंध में भी ली जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन - 2024 के निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईएएस राम प्रभु उदय आर. ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थापित व्यय अनुवीक्षण इकाई एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) इकाई, शिकायत शाखा, सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक राम प्रभु उदय आर. ने व्यय अनुवीक्षण इकाई के निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा की जा रही व्यय मॉनिटरिंग के कार्यो का जायजा लिया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। उन्होंने व्यय मॉनिटरिंग के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, एसडीएम श्री विशाल महाराणा, आईटी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला, सहायक संचालक जनसंपर्क एवं एमसीएमसी सदस्य सचिव श्री हेमनाथ सिदार सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) की टीम मौजूद रहे।

सी-विजिल एवं कमांड रूम देखने पहुंचे अधिकारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईएएस राम प्रभु उदय आर. ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में स्थापित सी-विजिल एवं कमांड रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विकसित सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आचार संहिता अनुपालन की निगरानी और शिकायतों के निराकरण के लिए बनाए गए सी-विजिल ऐप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

मेडिकल चेकअप के लिए सकारात्मक पहल, मोर्चा ने जताया आभार

कोण्डागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव ऋषिदेव सिंह ने नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.सिंह एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आर.सी.ठाकुर से मुलाकात कर निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों के मेडिकल बोर्ड द्वारा की जा रही मेडिकल जांच के संबंध में

चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन को अवगत कराया कि मेडिकल चेकअप के नाम पर समस्त कर्मचारियों से 516 रूपए लिए जा रहे हैं एवं सभी प्रकार के सूक्ष्मतम जांच किया जा रहा है। उक्त विषय पर डॉ आर.सी.ठाकुर ने बताया कि सभी मेडिकल बोर्ड मेम्बर को कर्मचारियों की वास्तविक परेशानियों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। फीस के संदर्भ में बताया गया कि जीवन दीप में 500 रूपए एवं सीजीटी में 16 रूपए शुल्क के रूप में लिया जा रहा है।

सुपेबेड़ा में फिर एक किडनी पीड़ित की मौत

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद के सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी की वजह से फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अब तक करीब 83 लोगों की मौत इस बीमारी की वजह से हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम नवीन सोनवानी है। नवीन 2017 में किडनी को बीमारी से ग्रसित हुआ था, धीरे-धीरे रोग बढ़ते गया पीड़ित को दो महीने पहले एम्स में भर्ती कराया गया था। इस बीच 10 बार डायलिसीस भी किया गया, लेकिन इस दो माह में पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मजदूर परिवार को आधा-अधूरा इलाज करा कर वापस 14 मार्च को लौटना पड़ा। चिकित्सकीय सलाह लिए बगैर वापस ले आए थेः मामले में सीएमएचओ गार्गी यदु ने बताया कि पीड़ित का इलाज एम्स में चल रहा था, आधे- अधूरे इलाज के बीच परिवार वाले बगैर डॉक्टर की सलाह के वापस ले आए, स्थानीय स्तर पर स्तर पर मौजूद सुविधाओं के बीच देवभोग बीएमओ की देखरेख में इलाज जारी था।